सुविचार
पूर्णतया निंदित या पूर्णतया प्रशंसित पुरुष न था, न होगा, न आजकल है।
धम्मपद

Daily
सच के हक में...
# THE PHOTON NEWS
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 20 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 243 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



मैं थोड़ी बिगड़ी हुई और बहुत जिद्दी हूं...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 67,596.84 |
| निफ्टी | : | 20,133.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,675 |
| चांदी | : | 78.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

## 2024 में नहीं होगा लागू, कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या होगी 181

**AGENCY NEW DELHI :** लोकसभा में मंगलवार को को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा में इस बिल पर कल 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बहस होगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह डीलिमिटेशन यानी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। यानी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

## नई संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर हंगामा, मल्लिकार्जुन-निर्मला भिड़े

# राज्यसभा में खड़गे बोले- दलित व पिछड़ी महिलाओं को हक नहीं मिलता, सीतारमण ने पूछा- राष्ट्रपति कौन हैं

**NEW DELHI :** राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा करते हुए कहा- दलित और पिछड़ी जाति की महिलाओं को वो मौका नहीं मिलता, जो बाकी सब को मिलता है। उनकी इस बात पर सत्ता पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- देश की राष्ट्रपति कौन हैं? वे ट्राइबल समाज से आने वाली महिला हैं। जिस पार्टी के आप अध्यक्ष हैं, उसमें कई सालों तक एक महिला ही अध्यक्ष रही हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच काफी देर तक चले हंगामे के बाद भी खड़गे ने अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा- मैं इस बिल का स्वागत करता हूं। यह बिल राज्यसभा में 2010 में पास हो चुका है। मैं कोशिश कर रहा था कि जो कानून बने, उसका लाभ गरीबों को, महिलाओं को मिले। मैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए बोल रहा था, लेकिन वो बीच में बोलने लगे।

आमने सामने


सदन में बोलतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।


सदन में बोलते मल्लिकार्जुन खड़गे।

### मोदी बोले- महिला आरक्षण के लिए अटल जी ने प्रयास किया, लेकिन नंबर कम पड़ जाते थे



पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि हम सब के लिए आज का दिन यादगार है। हमें तय समय सीमा में लक्ष्यों को हासिल करना है क्योंकि देश जैसा मैंने पहले भी कहा था, ज्यादा प्रतीक्षा नहीं कर सकता। राज्यसभा में हमारे पास संख्या कम थी, लेकिन विश्वास था कि राज्यसभा दलगत सोच से ऊपर उठकर देश हित में अपने फैसले जरूर लेगी। उदार सोच की वजह से आज आपके सहयोग से हम कई ऐसे कठिन फैसले कर पाए और राज्यसभा की गरिमा को ऊपर उठाने का काम आगे बढ़ा। नया भवन अहम फैसले का साक्षी बन रहा है। लोकसभा में बिल पेश किया गया, वहां चर्चा के बाद यह बिल यहां भी आएगा। नारी सशक्तिकरण से जुड़ा यह बिल है। हमारा प्रयास रहा है कि राष्ट्र निर्माण में, अनेक सेक्टर हैं जिनमें महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। हमने सैनिक स्कूलों के दरवाजे बेटियों के लिए खोल दिए हैं। हम जितनी सुविधाएं देंगे, उतना ही हमारी बेटियां आगे बढ़ेंगीं। अटल जी ने कई प्रयास किया, लेकिन नंबर कम पड़ते थे। कुछ राजनीतिक विरोध भी था। अब नए सदन में हमने इस बिल को पेश कर नारी शक्ति में भागीदारी सुनिश्चित करने का कदम उठाया है।

### पुरानी संसद बनी संविधान सदन

**NEW DELHI :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई संसद से पहले कार्यदिवस पर पूर्व संसद का नाम संविधान सदन रखे जाने की घोषणा की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुरानी संसद के केन्द्रीय कक्ष में लोकसभा अध्यक्ष और राज्य सभा के सभापति से ऐसा करने का आग्रह किया था। संसद के इतिहास में आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण रहा और नई इमारत में संसद के दोनों सदनों की पहली कार्यवाही संचालित की गई। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि अब इसी नई इमारत को भारत की संसद के तौर पर जाना जाएगा। पिछली इमारत को अब संविधान सदन के तौर पर जाना जाएगा। मंगलवार सुबह संसद के भीतरी प्रांगण में एक फोटो सेशन आयोजित किया गया। इसके बाद केन्द्रीय कक्ष (वर्तमान में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष) में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के नेता पीयूष गोयल, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी मंच पर मौजूद रहे। इन्होंने अपना संबोधन दिया। इसके अलावा वरिष्ठतम सदस्य के तौर पर भाजपा नेत्री मेनका गांधी का भी उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी सांसद नए भवन की ओर बढ़े। यहां पहले लोकसभा की कार्यवाही हुई। इसमें लोकसभा अध्यक्ष के वक्तव्य के बाद प्रधानमंत्री का उद्बोधन रहा। प्रधानमंत्री ने पक्ष-विपक्ष को आचरण के आधार पर आंकते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारा बर्ताव ही बतायेगा की कौन कहां बैठेगा।

## BRIEF NEWS

### जैफ हत्याकांड में आठ आरोपियों को उम्रकैद

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट ने वर्ष 2018 में हुए जैफ आलम हत्याकांड में फैसला सुना दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने आठ दोषियों साबिर, विक्की, इरशाद उर्फ राइडर, साजिद उर्फ माचिस, जाहिद उर्फ छोटका उर्फ परमाणु, बेबी फातिमा उर्फ निकहत परवीन, डेनिश और आसिफ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषियों पर जुमार्ना भी लगाया है। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक परमानंद यादव ने पक्ष रखा। पुलिस के द्वारा दोषियों को सजा दिलाने के लिए 11 गवाह प्रस्तुत किये गए। इसके साथ ही पुलिस ने कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किये। इस संबंध में रांची के लोअर बाजार थाना में कांड संख्या 460/2018) दर्ज कराई गई थी।

### आईपीएस कुलदीप द्विवेदी बने सीबीआई के डीआईजी

**RANCHI :** झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई का डीआइजी नियुक्त किया गया हैं। कुलदीप द्विवेदी वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में उप डीआईजी के पद पर हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कार्मिक मंत्रालय ने 17 जनवरी, 2026 को समाप्त होने वाली पांच साल की अवधि के लिए द्विवेदी को उनके पद डीआईजी आईटीबीपी से डीआईजी सीबीआई के पद पर अधिकृत किया है।

### लोहरदगा में चार पहिया वाहन ने दो बच्चों को रौंदा, मौत

**LOHARDAGA :** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु में घर के समीप खड़े दो बच्चों को तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। गंभीर हालत में रांची ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया है कि 14 वर्षीय शुभम कुमार साहू छह वर्षीय भगिना वंश साहु के साथ घर के समीप खड़ा था। इसी दौरान भंडरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे चार पहिया वाहन (जेएच 01 एफडी 3262) के चालक ने विपरीत दिशा में जाकर दोनों को रौंद दिया, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गिरिडीह में करमा पूजा के लिए बालू लाने तालाब गई पांच बच्चियां डूबी

## चार की मौत, एक को ग्रामीणों ने बचाया, हालत गंभीर

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह के पचंबा थाना इलाके के बुढ़वाआहर तालाब में चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। चारों बच्चियां करमा पूजा के लिए बालू लाने के लिए बुढ़वाआहार तालाब गई हुई थी। इसी दौरान चार बच्चियां नदी में डूब गईं और उनकी मौत हो गई। वहीं, एक की हालत गंभार है, जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि पचंबा के बुढ़वाआहर तालाब में हंडाडीह की रहने वाली कुछ बच्चियां करमा पूजा के लिए मिट्टी लाने के लिए तालाब गई हुई थी। इस दौरान पांच बच्चियां तालाब में डूब गईं। घटना के बाद ग्रामीणों के प्रयास से एक बच्ची को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन चार बच्चियां दम तोड़ चुकी थीं। मृतकों में पचंबा थाना इलाके के हंडाडीह के रहने वाले नरेश यादव की दो बेटियां ममता कुमारी (13 वर्ष) और सृष्टि कुमारी (10 वर्ष) और राजधनवार के लालबाजार निवासी जय प्रकाश शर्मा की दो बेटियां संध्या कुमारी (17 वर्ष) और राधिका कुमारी उर्फ दिव्या (14 वर्ष) शामिल हैं। संध्या और दिव्या पचंबा के हंडाडीह में अपने मामा घर में रह कर पढ़ाई करती थीं। वहीं इस घटना में पूजा कुमारी नामक बच्ची को बचा लिया गया है। बताया जाता है कि पहले एक बच्ची डूब रही थी, जिसे बचाने के लिए एक-एक कर चार बच्ची तालाब में डूब गई।

### करमा का उल्लास मातम में बदला

चारों ओर गणेश पूजा और करम पूजा की धूम मची हुई थी। इसी बीच अचानक पचंबा के पेठियाटांड स्थित सोनामहतो तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गयी। पचंबा के तालाब में हुए हादसे के बाद पूजा की खुशियां मातम में बदल गई। घटना के बाबत बताया गया कि सबसे पहले सृष्टि कुमारी नहाने के क्रम में डूबने लगी। सृष्टि को बचाने के दौरान और चार बच्चियां एक-एक कर डूब गई, जिसके बाद चार बच्चियों की मौत हो गयी। घटना के बाद पूरे शहर में मातम पसर गया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय संजय राणा समेत कई पुलिस पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे और परिजनों को ढाढस बंधाया।

# चतरा में सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

## जिला परिषद के तीन कर्मी डरा-धमकाकर लगातार लूटते रहे अस्मत

**शर्मनाक**

**CRIME REPORTER CHATRA :** चतरा जिला से मानवता को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है, जहां योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जिला परिषद के तीन कर्मियों ने एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने सदर थाना में तीनों कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तीनों कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि सिमरिया में दुकान दिलाने के लिए जिला परिषद से निविदा निकल गया था। जानकारी के लिए वह जिला परिषद कार्यालय चतरा आई थी। 14 अगस्त को सौरभ ने महिला को फोन कर चतरा बुलाया। फिर उसे सौरव और मोहम्मद मेराज डीसी ऑफिस के सामने स्थित होटल उत्सव पैलेस के एक रूम में ले गए। वहां भी रूम बंद कर दोनों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर हत्या करने की धमकी भी दी। महिला ने बताया कि डर से उसने किसी को इस बारे में नहीं बताया। इधर तीनों फोन पर महिला को लगातार धमकी देते कहा कि हमारे साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाया तो हत्या कर देंगे। इस तरह तीनों उससे लगातार और जबरन दुष्कर्म करते रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी शिव प्रकाश प्रसाद ने बताया कि मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना कांड संख्या 300/23, धारा 376 (2), (जी) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।



● मो. मेराज, निरंजन पांडेय और सौरभ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### तीन बार आरोपियों ने किया था यौन शोषण

13 अगस्त को मो. मेराज ने आधार कार्ड जमा करने के नाम पर बुलाया, और एक कमरे में ले गया जहां पहले से मयूरहंड प्रखंड नाजिर निरंजन पांडेय मौजूद था। दोनो मिलकर जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद धमकी देते हुए कहा कि किसी को बतायेगी तो दुकान नही मिलेगा। 14 अगस्त को कर्मी सौरभ ने ड्राप्ट लेकर आने को कहा। पहुंचने पर सौरभ और मो मेराज ड्राप्ट जमा करने के नाम पर डीसी ऑफिस के सामने स्थित उत्सव पैलेस में बुलाकर एक कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। जब हल्ला करना चाही तो हत्या करने की धमकी दी। इसके बाद तीनों आरोपी फोन कर चतरा आकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाब देने लगा। इसके बाद पीड़िता सदर थाना में लिखित शिकायत की।

## नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में बोले झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक

# झारखंड में 33% से अधिक हरियाली के बाद भी दिखने लगा जलवायु परिवर्तन का असर : संजय

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के 33 फीसदी से अधिक हरा-भरा होने के बाद भी यहां जलवायु परिवर्तन का असर दिखने लगा है। राज्य के उत्तरी-पश्चिमी जिलों गढ़वा, लातेहार व पलामू में औसत तापमान का बढ़ना, बारिश घटना, जंगलों में आग को इसके परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। ये बातें प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संयुक्त तत्वावधान में हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन की दिशा में पहल करते हुए झारखंड के उद्योग विभाग ने टाटा समूह की कंपनी के साथ जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन निर्माण की यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान के लिए नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गयी है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि हरित हाइड्रोजन की दिशा में पहल करते हुए झारखंड के उद्योग विभाग ने टाटा समूह की कंपनी के साथ जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंजन निर्माण की यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू किया है।



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम को संबोधित करते संजय श्रीवास्तव।

### झारखंड में की गयी है हरित हाइड्रोजन की सराहनीय पहल

अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में जलवायु उत्तरदायी कार्यों, नीतियों व विधानों पर झारखंड में हो रहे कार्यों पर विचार साझा करने के लिए देश में भारतीय वन सेवा के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों-ग्रीन हाउस प्रभाव, कृषि जीवाश्म ईंधन का प्रयोग, जंगलों की कटाई, कारखाने और अन्य प्रकार के प्रदूषण को मद्देनजर रखते हुए झारखंड में हरित हाइड्रोजन, जैव इंधन व नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में सराहनीय पहल की गयी है।

### पंजाब के मुक्तसर में प्राइवेट बस नहर में गिरी, 8 की मौत

**PUNJAB :** पंजाब के मुक्तसर जिले में मंगलवार दोपहर मुक्तसर-कोटकपूरा रोड पर सवारियों से भरी एक बस नहर में गिर गई। यह बस मुक्तसर से कोटकपूरा जा रही थी। बस के नहर के पुल पर लगे लोहे के एंगल से टकराने के बाद यह हादसा हुआ। जिससे बस का आधा हिस्सा नहर में जबकि आधा ऊपर हवा में लटक गया। इस हादसे में अब तक 8 सवारियों की मौत हो चुकी है जबकि कई लोग लापता हैं। मृतकों में से 5 की पहचान हो चुकी है। ये मुक्तसर, फाजिल्का, फरीदकोट और बठिंडा के रहने वाले हैं। 3 लोगों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस को अभी तक 11 घायल मिले हैं। प्रशासन के मुताबिक बस में करीब 35 सवारियां थीं। अभी भी कई लोगों के नहर में बहने की आशंका जताई जा रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि यहां बारिश हो रही थी। इस दौरान बस ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाया। जिससे बस बेकाबू हो गई और एंगल से टकराकर रेलिंग तोड़कर नहर में गिर गई।

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया

## कोकेरनाग में 7 दिन से एनकाउंटर जारी

**AGENCY SRINAGAR :** कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए। कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है।


आतंकी उजैर खान की फाइल फोटो।

BRIEF NEWS

### दुमका में करंट लगने से महिला की मौत

**DUMKA :** जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत पलासी पंचायत के दरबेचक गांव में सोमवार की देर शाम करंट लगने से 44 वर्षीय महिला सूरत देवी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि सिंचाई के लिए बिजली का तार एक खेत से दूसरे खेत ले जाया गया था, जिसके संपर्क में आने से महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी थी। मृतका के पति दोहा दरवे के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**GIRIDIH :** धुबन पंचायत के बिरनगड्डा निवासी संजय राय (28) की करंट की चपेट में आने से सोमवार देर रात मौत हो गई। बताया जाता है कि संजय राय अपने घर का तार जोड़ रहा था।इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया। आनन - फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य पीरटांड़ ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### पलामू जिला न्यायालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग मची अफरा-तफरी

**PALAMU :** जिला व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को इलेक्ट्रिक बोर्ड में शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण आधे घंटे तक अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, आग पर पुलिस के मौजूद होने से जल्द ही काबू पा लिया। मौके पर एक दमकल गाड़ी भी सूचना पर आ पहुंची। इससे पहले ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया था। यह आग न्यायालय के निचले तले के मुख्य बरामदे में इलेक्ट्रिक बोर्ड में लगी थी, जिससे अधिवक्ताओं के न्यायिक अदालत में आने-जाने वालों को करीब एक घंटे तक दिक्कत हुई।

### देसी कट्टा के साथ चार युवक गिरफ्तार

**GODDA :** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-133 पर मंगलवार को मोटरसाइकिल सवार चार युवकों को देसी कट्टा के साथ पोड़ैयाहाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी युवक बिहार के बांका जिला के जयपुर थाना क्षेत्र के केरवार गांव के है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को गश्ती पर घूम रहे गस्ती दल ने पोड़ैयाहाट हंसडीहा मुख्य मार्ग पर अनीता राइस मिल के पास एक ही बाइक पर चार युवकों को आते देख गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार चारों युवक गाड़ी रोककर भागने लगे। गश्ती दल ने चारों युवकों को खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के दरमियान उन लोगों के पास एक देसी कट्टा बरामद हुआ। तत्पश्चात उन्हें गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तार चारों युवकों में गौतम कुमार यादव, रंजीत कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह और उज्जवल कुमार सिंह है।

### 24 घंटे में स्क्रब टाइफस के 10 और मामले सामने आए




**SUNDARGARH :** 24 घंटे में स्क्रब टाइफस के 10 और मामले सामने आए है। 24 घंटे के भीतर स्क्रब टाइफस के 10 और मामले सामने आए हैं। स्क्रब टाइफस से जहां एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, वहीं सुंदरगढ़ में स्क्रब टाइफस के मरीजों की संख्या 193 तक पहुंच गयी है। कल 3 मामले सामने आए थे, वहीं आज 10 और मामले सामने आए, जो चिंता का कारण है। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि टीमें बीमारी से बचाव और इलाज के लिए बनाई गई है। आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं।

इसके अलावा परीक्षण व्यवस्था भी समुचित ढंग से की जा रही है। लोगों में बुखार, सिरदर्द और सीने में दर्द के लक्षण दिख रहे हैं। सुंदरगढ़ के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा, आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को लोगों को सचेत करने का निर्देश दिया गया है।

# ऐतिहासिक होगी तोरपा में भाजपा की संकल्प यात्रा : KOCHE MUNDA

## संकल्प यात्रा और जनसभा में दस हजार से अधिक लोग भाग लेंगे

**PHOTON NEWS KHUNTI :** राज्य की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। तोरपा में 21 सितंबर को होनेवाली संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी।

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा और जनसभा में दस हजार से अधिक लोग भाग लेंगे। ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कही। विधायक मंगलवार को संकल्प यात्रा की सफलता के लिए निकाले गये प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद स्थानीय पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

कोचे मुंडा ने कहा कि प्रचार वाहन तोरपा विधानसभा के तोरपा, कर्रा और सिमडेगा जिले बानो प्रखंड के गांव-गांव में संकल्प यात्रा को लेकर प्रचार प्रसार करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है और राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुकी है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जयसवाल, जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, महावीर साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

# महंगाई-बेरोजगारी के मुद्दे पर होगा आने वाला चुनाव : दीपांकर भट्टाचार्य

**PHOTON NEWS KODERMA :** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय परिषद की बैठक और संकल्प सभा का आयोजन मंगलवार को कोडरमा प्रखंड मैदान में किया गया। इस किसान महासभा में पूरे देश से 119 प्रतिनिधि शामिल हुए और किसानों-मजदूरों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि आने वाला चुनाव महंगाई बेरोजगारी और किसान- मजदूर की समस्या को लेकर लड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव लोगों की समस्या को लेकर लड़ा जाएगा और इस बात को लेकर तमाम विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में इसका असर भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि संकल्प सभा के जरिए किसान और मजदूरों के हितों को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए जाएंगे, जिसे लेकर आगामी दिनों में सरकार के खिलाफ कई आंदोलन भी किए जाएंगे। एनडीए गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले लोगों को विश्वास ही नहीं था कि विपक्षी पार्टियां एकजुट होंगी, लेकिन अब तीन-तीन बैठक हो चुकी हैं और गठबंधन के नाम को लेकर भाजपा में बौखलाहट का माहौल देखा जा रहा है। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजाराम सिंह ने कहा कि जी20 सम्मेलन संपन्न होने के साथ ही अमेरिकी से भारत में आयात शुरू हो गया। 20 सितंबर से ही ऊसना चावल विदेशों में भेजने के लिए फैसला ले लिया गया।

# महागठबंधन की सरकार ने झारखंड की जनभावना से किया खिलवाड़ : एस अली

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंडी युवाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकार व न्याय के सवाल पर आमया संगठन की बैठक आज दिनांक 19 सितंबर 2023 को अंजुमन इस्लामिया मुसाफिरखाना में हुई।

अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि बिना स्थानीय नीति व नियोजन नीति के बहाली करना झारखंडी युवाओं के अधिकार छीनने जैसा है। अबतक हुई नियुक्तियों में गैर आरक्षित पदों पर दूसरे राज्य के लोग बड़ी संख्या में बहाल हुए है। राज्य में शिक्षा नीति, स्वास्थ्य नीति, उधोग नीति नही रहने से लोगों को मौलिक अधिकार नही मिल रहा।

राज्य में मुस्लिम समुदाय की स्थिति दयनीय है जो न्याय, अधिकार और विकास की मांगों पर महागठबंधन दल को समर्थन दिये लेकिन सरकार बनने के चौथे वर्ष में भी मांग पूरा नही किया गया। प्रधानमंत्री 15 सुत्री समिति और अल्पसंख्यक आयोग के गठऩ में नियमों का पालन नही किया गया और ना ही समाजिक कार्यकर्ता को स्थान दिया गया।

मदरसा बोर्ड, उर्दू एकेडमी, वक्फ बोर्ड, अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम आदि गठऩ का मामला लटका है। प्रारंभिक विद्यालय के रिक्त 3712 उर्दू शिक्षक के पद एवं 635 +2 विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली नही हुई, मदरसा आलिम फाजिल की परीक्षा को विश्वविद्यालय से नही जोड़ा गया, 544 वित्त रहित मदरसों को अनुदान नही दिया गया, अल्पसंख्यक विधालयों के लिए नियमावली का निर्माण नही हुआ, मॉबलींचिग में मारे गए पीड़ितों को ना मुआवजा मिला और ना ही 10 जून को हुए रांची गोली कांड के पीड़ितों को न्याय मिला। ऐसे अनेकों मामलों को वार्ता, अभियान और आंदोलन के माध्यम से तथाकथित सेकुलर सरकार को अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही हुआ। सरकार के उपेक्षा पुर्ण रैवए के खिलाफ बैठक में तीसरे विकल्प के साथ जल्द ही क्षेत्रीय दल में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर आमया संगठन के पदाधिकारी जियाउद्दीन अंसारी, इमरान अंसारी, नौशाद आलम, अफताब आलम, औरंगजेब आलम, हारिश आलम, अब्दुल गफ्फार, जावेद अंसारी, मो सिद्दिक, सरफराज सामी, मो अकरम, जावेद अख्तर, मो असलम, मो अयुब, इमरोज अंसारी, शाहबाज आलम , अख्तर अंसारी, अहमद रजा आदि शामिल थे।



बैठक में शामिल आमया संगठन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

# कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची जिला की बैठक संपन्न

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रांची जिला का बैठक जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में भामाशाह नगर कांके रिंग रोड हरिनाथ ट्रेडर्स प्रतिष्ठान परिसर पर रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक न्याय के साथ होने वाले 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के विषय पर चिंतन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा आजादी के 75 साल बीत चुके हैं हमारे समाज के लोग राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के नाम पर पिछले चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी को अंध भक्त और बंधुआ वोटर बंद अपना 99% वोट लगातार देते रहा है, किंतु आज तक हमारे बहुसंख्यक तेली समाज की राजनीतिक भागीदारी लगभग शून्य है।



बैठक में शामिल संगठन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

बैठक में संगठन का विस्तार किया गया, जिसमें रांची महानगर अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू जी, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पंकज साहू, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजीत साहू, कपिल साहू, संगठन महासचिव रामविलास साहू, महासचिव हीरालाल साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, धनकू साहू, जितेंद्र साहू, रवि कुमार साहू, मीडिया प्रभारी गणेश साहू, मुकेश साहू, सचिव बाबूलाल साहू, शंकर प्रसाद साहू, सागर आर्यन कुमार, रामजीवन साहू के अलावे प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य के लिए डॉ. दानेश्वर साहू, संजय साहू, हजारी प्रसाद मोदी, पंकज कश्यप, किरण देवी, बेनी साहू, मुरारी गुप्ता, दशरथ साहू, अशोक साहू, प्रेमनाथ साहू, बलदेव साहू, रविंद्र साहू, का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।

# लोहरदगा में बालू लदा दो हाइवा सहित तीन वाहन जब्त, छह लोग हिरासत में

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में सेन्हा चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप से बालू लदे दो हाइवा ट्रक को जब्त किया गया है। बताया जाता है कि जब्त हाइवा ट्रक (जेएच 07 जी 8523) एवं (जेएच 07 जी 7208) में सिसई थाना क्षेत्र के नागफेनी नदी से बालू लाद कर लोहरदगा ले जाया जा रहा था। उसे स्कार्पियो वाहन (जेएच 01एफ एफ 7639 से स्काट किया जा रहा था)। तीनों वाहनों को जब्त करते हुए चालक सहित 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जब्त वाहन चालक एवं मालिक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।



# एनएच 98 पर भिड़े दो ट्रेलर, जाम में फंसी कई गाड़ियां

**PHOTON NEWS PALAMU :** नेशनल हाईवे 98 छतरपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाटी में मंगलवार की शाम स्टोन चिप्स लदे दो 18 चक्का ट्रेलर आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद दोनों ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर मारने वाला ट्रेलर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। हालांकि, दोनों घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन नेशनल हाईवे पर जाम लग गया है। इसमें दर्जनों वाहन फंसे हुए हैं। सूचना मिलने के बाद छतरपुर, पिपरा और हरिहरगंज की पुलिस मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त टेलर को सड़क से हटकर जाम क्लियर करने का प्रयास कर रही है।



दरअसल, हरिहरगंज के चपरवार इलाके से एक टेलर स्टोन चिप्स लेकर छतरपुर की ओर जा रहा था। सुल्तानी घाटी में अचानक तकनीकी खराबी आने के कारण टेलर मुख्य सड़क पर खड़ा था। इसी क्रम में छतरपुर की ओर से स्टोन चिप्स लेकर जा रहा टेलर घाटी में ढालू जमीन होने के कारण अनियंत्रित हो गया और सड़क पर खड़े टेलर को टक्कर मारकर खुद सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। सड़क पर खड़े टेलर में टक्कर लगने पर वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

# रामगढ़ में गणपति उत्सव की धूम जगह-जगह विराजमान हुए गणेश

**PHOTON NEWS RAMGARH :** गणेश चतुर्थी को लेकर शहर से लेकर कोयलांचल तक गणपति बप्पा विराजे। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समितियां ने मंगलवार की देर शाम स्थाई झांकी लगाई, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े।

शहर के शिवाजी रोड स्थित किला मंदिर के निकट प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के द्वारा पंडाल व मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। श्री श्री गणेश पूजा समिति बिजुलिया तालाब रोड में इसरो द्वारा भेजी गई चंद्रयान 3 का भव्य पंडाल व मूर्ति स्थापित की गई जबकि नेहरू रोड स्थित महाकाल सेवा मंडली के तत्वावधान में भव्य पंडाल व मूर्ति की स्थापित किया गया। बाजार टांड़ स्थित रामगढ़ युवा संघ के द्वारा आकर्षक पंडाल व भव्य मूर्ति स्थापित की गई। गोरियारीबाग में श्री श्री गणेश पूजा समिति न्यू स्टार क्लब के द्वारा भी पंडाल व मूर्ति स्थापित की गई। पूजा पंडालों में बुधवार को भंडारा होगा।



पूजा पंडाल में विराजमान गणपति। ● फोटोन न्यूज

# गणेश उत्सव शुरू, आकर्षक पंडालों में विराजे गणपति, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले में गणेश उत्सव की शुरूआत मंगलवार से हो गयी। आकर्षक पंडाल में गणपति बप्पा को विराजमान कराया गया। पूजा अर्चना के साथ पंडाल के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में तीन जगह पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जा रही है।

शहर के गायत्री मंदिर रोड सुदना स्थित देवी मंडप में गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन हुआ। पंडित मिथिलेश मिश्रा एवं पंडित संजीव मिश्रा ने विधिवत भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कराई। पूजा के बाद 10 दिवसीय गणेश पुराण की कथा शुरू हुई। शहर के बाजार क्षेत्र स्थित पंचमुहान के समीप लाल बाग के राजा नामक पूजा समिति ने गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया।

इस अवसर पर दक्षिणेश्वर काली मंदिर के प्रारूप के आधार पर आकर्षक पंडाल का निर्माण एवं सजावट कराया गया है। पूजा के लिए संस्था के द्वारा महाराष्ट्र से भगवान गणेश जी की प्रतिमा लायी गयी है। मंगलवार को पूजा-अर्चना के साथ 10 दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव शुरू हुआ।



पंडाल में गणपति की पूजा करते श्रद्धालु। ● फोटोन न्यूज

संस्था के सदस्यों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा हुई। संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार उर्फ बंटी ने बताया कि 10 दिनों तक प्रतिदिन पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

कार्यक्रम में संस्था के दिलीप शिंदे, सागर, अशोक घोरपड़े, लाल घोरपड़े, चंद्रकांत सुता, अजय ठोमरे, संजय कोडक, अविनाश घोरपड़े, कृष्णा घोरपड़े के अलावा स्वर्णकार समाज के विपिन वर्मन, दिलीप सोनी, दीपू सर्राफ, रवि खत्री, रंजित सोनी, रविंद्र सोनी, समीर, अमर, गोलू सहित कई लोग सक्रिय रहे।

## विधायक सह मंत्री DR RAMESHWAR ORAON ने ग्रामीणों के बीच मांदर का किया वितरण

# हमारी संस्कृति-सभ्यता ही आदिवासियों की पहचान : रामेश्वर

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मंगलवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच मांदर वाद्ययंत्र का वितरण किया । वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मांदर झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है।

हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में, लयात्मक संगीत के लिए, नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है इसके बिना त्योहार, अखाड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक, का सौंदर्य अधूरा होता है इसलिए हमारे आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक, को बचाए रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है, जिससे हमारा पारंपरिक प्रकृति पर्व कर्मा पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री रामेश्वर उरांव व अन्य। ● फोटोन न्यूज

इस वर्ष पूरा लोहरदगा जिला करमा पर्व का शुभ अवसर पर मांदर की थाप पर संगीतमय होगा। कर्मा पूर्व संध्या भी सभी लोग हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे।हमारे जिले में हमारे पारंपरिक स्थल अखड़ा की कमी थी जिससे देखते हुए विधायक मद से पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है और जिले के लगभग सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण किया जा चुका है। वर्तमान में जिले के 62 अखड़ा में सोलर लाइट लगाने का काम किया जा रहा है।

# छोटी बहन के साथ तालाब में नहा रही किशोरी डूबी, मौत

**PHOTON NEWS PALAMU :** छोटी बहन के साथ तालाब में नहाने गई 11वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गयी। मामला पलामू जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र के चेगौना गांव का है। यहां के निवासी मो. जफर की 11 वषीर्या पुत्री साबिया खातून की तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मंगलवार को मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद ग्रामीण और छतरपुर थाना पुलिस ने तालाब में छानबीन कर किशोरी का शव निकाला। साथ ही पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह में साबिया अपनी छोटी बहन के साथ घर से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक तालाब में नहाने गई थी। नहाने के क्रम में साबिया तालाब की गहराई की ओर बढ़ती चली गयी और गहरे पानी में जाने के बाद डूबने से उसकी मौत हो गई। तालाब में ही साथ में नहा रही साबिया की छोटी बहन रोते बिलखते घर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी परिजनो को दी।

# HIGH COURT में NTPC का हलफनामा अतिक्रमणकारियों को भी दिया गया मुआवजा

## तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच को लेकर दायर पीआईएल पर हुई सुनवाई




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एनटीपीसी की तरफ से अदालत में जवाब दाखिल किया गया। जवाब में एनटीपीसी ने अतिक्रमणकारियों को मुआवजा वितरण करने की बात स्वीकार कर ली है। हालांकि उसने इसके लिए सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के अनुमोदन से मुआवजा बांटने की बात कही है, लेकिन कितने अतिक्रमणकारियों को किस दर पर कितना मुआवजा बांटा गया, उसका कोई विवरण एनटीपीसी ने फिलहाल नहीं दिया है। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों की सूची किसने बनाई, उसका सत्यापन कैसे किया गया, उसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अब अदालत इस मामले में बुधवार को सुनवाई करेगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। इसे लेकर मंटू सोनी ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

दरअसल, वर्ष 2016 में हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद तत्कालीन डीसी मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है।

### भानू प्रताप ने दायर की जमानत याचिका

**RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी और बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप ने जमानत याचिका दायर की है। भानू प्रताप ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। बता दें कि भानू प्रताप को ईडी ने अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। भानु पर राजधानी के बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री का आरोप है। इस केस में अबतक ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## विवेकानंद सेवा ट्रस्ट जमशेदपुर के तत्कालीन सचिव के 42 लाख गबन मामले में HC ने CBI जांच कराने का दिया निर्देश



**RANCHI :** जमशेदपुर स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट को वर्ष 2002-03 में केंद्रीय जनजाति विकास मंत्रालय द्वारा दिए गए 42 लाख का गबन मामले की जांच झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपा है। स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने यह आदेश दिया। इससे पहले इस मामले की जांच जमशेदपुर पुलिस ने की थी। लेकिन अब हाईकोर्ट ने इस मामले की नए सिरे से जांच करने का आदेश सीबीआई को दिया है। भारत सरकार ने भी इस मामले में जमशेदपुर पुलिस एवं जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार को मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कोई एक्शन नहीं लिया गया था। इसके बाद स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर 42 लाख रुपए के गबन की जांच करने का आग्रह किया गया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय ने पक्ष रखा।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, वर्ष 2002-03 में स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट,जमशेदपुर को केंद्रीय जनजातीय विकास मंत्रालय के द्वारा 42 लाख रुपए दिए गए थे। आरोप है कि इस पैसे को ट्रस्ट के सचिव रहे सरोज दास नामक व्यक्ति ने विभिन्न बैंक के ट्रांजेक्शन के माध्यम से गबन कर लिया। पैसों का गबन करने के लिए सरोज दास ने स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया था और स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट नामक एक नया ट्रस्ट बनाकर, इस राशि का गबन कर लिया था। मामले को लेकर जमशेदपुर के बिस्टुपुर थाना में वर्ष 2003 में कांड संख्या 154/2003 दर्ज किया गया था लेकिन पुलिस ने अपनी जांच के क्रम में सरोज दास को इस मामले में क्लीन चिट दे दिया था। इसके बाद फिर से स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट एवं सरोज दास के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस ने वर्ष 2020 में कांड संख्या 60/21 दर्ज किया था, जिसे बाद में पुलिस में क्लोज कर दिया था। यह भी बता दें कि स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट आदिम जाति एवं जनजाति की बालिकाओं के लिए हॉस्टल का संचालन करता है।

## देवघर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग मामले में सांसद दुबे की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**RANCHI :** देवघर एयरपोर्ट पर नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी, राज्य सरकार एवं प्रतिवादियों का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि तत्कालीन देवघर डीसी के निर्देश पर देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जो सात ऊंचे भवन टूटने हैं उनके नफा- नुकसान की जांच पड़ताल करने के लिए नियुक्त असेसर ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। असेसर ने सात बिल्डिंगों की मापी कर उन मकानो के क्षतिग्रस्त होने से मकान मालिकों को मिलने वाले मुआवजा राशि निर्धारित किया है इनमें से 5 मकान के मालिकों ने असेसर द्वारा निर्धारित किए गए मुआवजा पर अपनी सहमति दे दी है। लेकिन दो मकान के मालिकों ने मुआवजा राशि पर आपत्ति जताते हुए उसमें बढ़ोतरी करने का आग्रह किया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि देवघर एयरपोर्ट के आस-पास की 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ा जाना है, इन भवनों के मालिक को कितना नफा नुकसान होगा, इसका भी आकलन जरूरी है ताकि उन्हें सही मुआवजा मिल सके। जिस पर कोर्ट ने देवघर डीसी को असेसर नियुक्त करने का निर्देश दिया था। बता दें कि देवघर एयरपोर्ट के आसपास के 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने को लेकर देवघर जिला प्रशासन की ओर से मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से देवघर एयरपोर्ट के सुचारू ढंग से संचालन करने एवं वहां नाइट लैंडिंग की सुविधा देने को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

### जलस्त्रोतों के अतिक्रमण को लेकर हुई सुनवाई

## पेयजल समस्या ना होने को लेकर मांगा एक्शन प्लान

**RANCHI :** रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस वर्ष मानसून में अब तक कम वर्षा हुई है रांची के लोगों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए क्या एक्शन प्लान है। वही कोर्ट ने रांची नगर निगम को शहर के जल स्त्रोतों कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के आसपास से अतिक्रमण हटाने एवं इन जल स्त्रोतों में सॉलिड एंड लिक्विड कचरा जाने से रोकने के संबंध में जवाब मांगा है। इससे पहले एमिकस क्यूरी इंद्रजीत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मानसून में इस साल अबतक रांची में 27 प्रतिशत कम वर्षा हुई है, इस वर्ष दिसंबर के बाद से पेयजल की समस्या रांची में होने लगेगी, ऐसे में सरकार कैसे इस समस्या से कैसे लड़ेगी इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएम सहदेव ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और रांची नगर निगम को डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम, हिनू नदी के अलावा बड़ा तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने को कहा था, अतिक्रमण नहीं हटने पर कोर्ट ने कड़ा आदेश पारित करने की बात भी कही थी।

## कुड़मी समाज के रेल चक्का जाम आंदोलन को लेकर प्रशासन अलर्ट

### रांची के सिल्ली अंचल में धारा 144 लागू

**CRIME REPORTER RANCHI :** कुड़मी विकास मोर्चा के रेल चक्का जाम आंदोलन को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। मुरी रेलवे स्टेशन पर रेल टेका आंदोलन को लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा संपूर्ण सिल्ली अंचल क्षेत्र में मंगलवार शाम छह बजे से अगले आदेश तक धारा 144 लागू कर दी गयी है। वहीं विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची डीसी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने मुरी रेलवे स्टेशन समेत सभी चिह्नित स्थानों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के सुरक्षा बलों की तैनाती का निर्देश दिया है। पूरे आंदोलन की वीडियोग्राफी करने का भी आदेश जारी किया गया है। संबंधित थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। शांति बनाये रखने के लिए सिंहपुर चौक, झारखंड मोड़, झारखंड-बंगाल सीमा, बरजो पुल के पास, यूनियन बैंक के पास बड़ा मुरी, रेलवे हॉस्पिटल के पास, धरनास्थल, मुरी रेलवे स्टेशन, सिल्ली थाना के सामने सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सिल्ली के बीडीओ, सीओ एवं पुलिस उपाधीक्षक को भ्रमणशील रहकर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संपूर्ण क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

## कांके गोलीकांड : चितरंजन कुमार को पटना बेऊर जेल से लाया जाएगा रांची

### सिविल कोर्ट के सीजेएम ने जेल अधीक्षक को किया पत्राचार

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांके थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया जाएगा। इसके लिए मामले के केस आईओ (अनुसंधान पदाधिकारी) ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) में आवेदन दिया है। इस आवेदन को स्वीकृत करते हुए सीजेएम ने बेउर जेल के जेल अधीक्षक को पत्राचार कर दिया है। चितरंजन फिलहाल एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद है। उसपर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा गोंदा थाना में और कांके थाना में पहले से ही तीन केस दर्ज हैं।

### रांची सिविल कोर्ट के पांच वकीलों पर मारपीट का आरोप, कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज

**RANCHI :** पिछले कुछ समय से विवादों में रहे रांची सिविल कोर्ट के वकील नईमुद्दीन उर्फ नूरी ने कोतवाली थाना में रांची सिविल कोर्ट के पांच वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। अधिवक्ता नईमुद्दीन उर्फ नूरी ने अपनी प्राथमिकी में लिखा है कि 4 अगस्त को जब वह सिविल कोर्ट स्थित बार भवन पहुंचे तो अधिवक्ता पवन रंजन खत्री, अधिवक्ता कीर्ति सिंह, अधिवक्ता अमरेन्द्र ओझा, अधिवक्ता कृष्ण, शहला परवीन और तबस्सुम ने उन्हें घेर कर उनके साथ मारपीट की,साथ ही उनके बैग में रखी फाइल जो केस से संबंधित थी, वह भी छीन ली। इसके साथ ही उक्त वकीलों पर यह भी आरोप लगाया गया है कि अधिवक्ता नूरी के साथ मारपीट की गई और उनके कीमती सामान लूट लिया गया है। अधिवक्ता नूरी के आवेदन पर कोतवाली थाना ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

## जसलोक अस्पताल के संचालक ने की फायरिंग, हिरासत में

**CRIME REPORTER RANCHI :** रातू थाना क्षेत्र स्थित जसलोक अस्पताल के संचालक डॉक्टर जितेंद्र ने सोमवार देर रात अचानक रिंग रोड स्थित अपने नए निमार्णाधीन अस्पताल के समीप फायरिंग कर दी। पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है की डॉक्टर नशे की हालत में था। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा की डॉक्टर नशे में था नहीं। डॉक्टर फायरिंग कर बवाल कर रहा था। पुलिस ने डॉक्टर का पिस्टल जब्त कर लिया है। डॉक्टर का मेडिकल कराने के बाद उसे थाना में रखा गया है। मेडिकल रिपोर्ट मंगलवार को पुलिस को मिलेगी। पुलिस का कहना है कि पिस्टल लाइसेंसी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि डॉक्टर का रिंग रोड में ट्रक ड्राइवर के साथ विवाद हुआ था। कई ट्रक चालकों ने डॉक्टर को घेर लिया था। चालकों से बचने के लिए डॉक्टर ने फायरिंग कर दी । हालांकि गोली किसी को लगी नहीं है। पुलिस घटना स्थल के समीप लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। आरोपी डॉक्टर जसलोक और ट्यूलिप हॉस्पिटल का संचालक है। रातू थाना के प्रभारी सपन महथा ने मंगलवार को बताया कि डॉक्टर ने पूछताछ में बताया है कि दो ट्रक चालकों ने सड़क पर गाड़ी खड़ी कर दी थी। रास्ता जाम था। उन्होंने उनको ट्रक हटाने के लिए कहा, तो वह उनसे उलझ पड़े। इसलिए बचाव में उन्होंने अपने पिस्टल से हवाई फायरिंग कर दी। मामले की जांच की जा रही है।

## BRIEF NEWS

### केंद्र सरकार ने आदिवासी समाज के हित में कोई भी कार्य नहीं किया : अनीता

**RANCHI :** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासी समाज के हित में कोई भी कार्य नहीं किया है। साथ ही महिला, पिछड़े, अल्पसंख्यक के लिए भी कोई काम नहीं किया है। उन्होंने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विपक्षी दलों की एकता को देखते हुए भाजपा 2024 के चुनाव को लेकर भयभीत हो गई है। इसे लेकर महिला आरक्षण की बात कर रही है। उन्होंने पूछा कि किन महिलाओं को आरक्षण मिलेगा? क्या इस आरक्षण में आदिवासी, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को आरक्षण मिल रहा है? यदि नहीं तो इसका मतलब साफ-साफ ये होगा कि यह पिछड़े, दलित और आदिवासियों के आरक्षण के विरोध में षड्यंत्र के तहत लाया गया महिला आरक्षण बिल है।

### चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति काल्पनिक मंदिर का बनाएगा पंडाल

**RANCHI :** रांची के अलबर्ट एक्का चौक के समीप चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से काल्पनिक मंदिर पंडाल के रूप में बनाया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 70 फीट और चौड़ाई 60 फिट होगी। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि पूजा आयोजन के लिए पिछले कई महीनों से कार्य किया जा रहा है । सभी निर्माण कार्य और साज सज्जा का काम कोलकाता के उत्तम पाल की टीम की ओर से किया जा रहा है। पंडाल के अंदर देवलोक का दृश्य होगा। मां दुर्गा की 16 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पंडाल के मुख्य गेट के बाहर बड़ा सा ग्लो बी बना रहेगा जिसमें भारत की तस्वीर होगी इसके अलावा गंगा आरती का दृश्य मूर्ति के द्वारा दिखाया जाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**RANCHI :** पंडरा इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी संजीत गोराई को पुलिस ने जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करा दिया है लेकिन पुलिस को अभी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज करा दिया है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग एक होटल में बकाया पैसा लेने गई थी तभी आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था। होटल में नाबालिग की मां काम करती है। मां के कहने पर नाबालिग होटल गई थी। घटना के बाद नाबालिग ने इसकी जानकारी अपनी मां को दिया इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## रिम्स में किडनी ट्रांसप्लांट की तैयारी स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया प्रस्ताव




**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स में किडनी ट्रांसप्लांट शुरू करने का प्रयास दोबारा तेज हो गया है। रिम्स के स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आगेर्नाइजेशन (सोटो) ने इससे संबंधित प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया है। प्रस्ताव में यह बताया गया है कि रिम्स में नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, सुपर स्पेशियलिटी विंग के अलावा प्रशिक्षित एनिस्थिसिया विभाग के डॉक्टर हैं, इसलिए किडनी ट्रांसप्लांट को अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जा सकता है। नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग द्वारा भी इससे संबंधित प्रस्ताव रिम्स प्रबंधन को भेजा गया है। इधर, इसी कड़ी में नेफ्रोलॉजी विभाग में 25 बेड का डायलिसिस यूनिट भी तैयार किया जा रहा है। 25 बेड के इस विंग में नेफ्रो प्लस का सहयोग लिया गया है। नेफ्रो प्लस से अनुबंध कर सेटअप तैयार कर लिया गया है। मशीनें भी मंगा ली गयी हैं। फिलहाल आंतरिक साज-सज्जा का काम चल रहा है। उम्मीद है कि एक महीना बाद यह विंग मरीजों के लिए उपलब्ध हो जायेगा। सूत्रों ने बताया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग भी राज्य के सरकारी संस्थान में किडनी ट्रांसप्लांट शुरू करने को लेकर गंभीर है।

### खेलो झारखंड कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

**RANCHI :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के नेतृत्व में राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा खेलो झारखंड की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। रांची के खेल गांव स्थित शहीद गणपत राय इंडोर स्टेडियम में कुश्ती स्पर्धा के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। झारखंड की प्रथम महिला अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी चंचला कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कराई। इस प्रतियोगिता में झारखंड से लगभग 700 खिलाड़ी अलग-अलग भार वर्ग में भाग ले रहे हैं। इसमें कुल 28 श्रेणी के खेल प्रतियोगिता होंगी। मंगलवार से कुश्ती प्रतियोगिता शुरू हुई। आगे चरणबद्ध क्रम में अन्य सभी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय लोक कल्याण संस्थान चुटिया रांची के कलाकारों ने नागपुरी लोकनृत्य एवं पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति दी।

### हेमंत सोरेन का इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का सदस्य बनने के बाद भाजपा की बढ़ गयी है बेचैनी

## जिस मामले में एसआईटी की क्लीन चिट, उसी कागज को BJP बार-बार लाकर भ्रम फैला रही : SUPRIYO




प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रियो भट्टाचार्य।

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम द्वारा मुख्यमंत्री और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को लेकर दिल्ली में पीसी पर झामुमो ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस मामले में देवाशीष गुप्ता की कमेटी ने सोरेन परिवार को क्लीन चिट दे दी, हाईकोर्ट द्वारा प्राथी को कड़ी फटकार और जुमार्ना लगायी गयी, उसके बाद भी बार-बार वही पेपर की फोटोकॉपी लेकर राज्य एवं देश स्तर पर भ्रम फैलाना उचित नहीं है। राजनीति में विचारधारा की मतांतर और लड़ाई हो सकती है, मगर उसे व्यक्तिगत रूप से लाने की शुरू हुई नयी परंपरा उचित नहीं है। जब से हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन समन्वय समिति का राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया है, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गयी है। यही कारण है कि लगातार विभिन्न माध्यमों से भ्रम फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्व दुखा भगत के द्वारा 2002 में सोरेन परिवार के खिलाफ जमीन संबंधी मामले को लाया गया था। बाद में इसी पेपर को पूर्व सीएम रघुवर दास ने सामने लाया। उन्होंने ही एसआईटी का गठन किया, इसके बाद एसआईटी ने क्लीन चिट दे दी। यहां तक कि एसआईटी की रिपोर्ट में भाजपा नेताओं का भी नाम आ गया। अब जो मामला खत्म हो गया है, उसे बार-बार लाकर भ्रम फैलाया जा रहा है।

### हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराए केंद्र

भट्टाचार्य ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और भाजपा का भ्रष्टाचार पर नीयत साफ है, तो वह हर मामले की जांच निष्पक्षता से कराए। गुजरात बिजली कॉरपोरेशन के द्वारा अडाणी पर गंभीर आरोप लगाए गए। मध्य प्रदेश का व्यापं घोटाला किसी से छिपी नहीं है। एनसीपी नेता अजीत पावर पर 70 हजार करोड़ के घोटोले का आरोप लगता है और फिर 72 घंटे के बाद उन्हें महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बना दिया जाता है। असम में भी यही खेल हुआ। एक घोटाले के आरोपी को सीएम बना दिया जाता है। ऐसे कई मामले हैं, जहां पर भाजपा की सरकार बनने के पूर्व गंभीर आरोप लगे हैं। केवल गैर भाजपाई सरकारों को डराने एवं धमकाने का खेल बंद होना चाहिए।

BRIEF NEWS

## राउरकेला रोडमैप का किया गया उद्घाटन



**ROURKELA :** राउरकेला के भंजभवन में 'समृद्ध राउरकेला मेरा सपनों का शहर' शीर्षक से एक सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री दिलीप तिर्की, उद्घाटनकर्ता व मुख्य वक्ता श्रम व ईएसआई विभाग के मंत्री शारदा प्रसाद नायक, एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर के उमा महेश्वर राव, राउरकेला श्रमिक संघ के महासचिव प्रशांत बेहरा, रिम्स के संपादक आर्य पटनायक, युवा उद्यमी रजत कर , प्रोफेसर सनातन प्रधान, पूर्व बार संपादक राजकिशोर प्रधान ने चर्चा में भाग लिया और अपने विचारपूर्ण भाषण दिए। इस अवसर पर सभी की उपस्थिति में नये राउरकेला रोड मैप का उद्घाटन किया गया।

## आरएसपी में गणेश पूजा उत्सवी माहौल में मना



**ROURKELA :** राउरकेला स्टील संयंत्र में गणेश पूजा मनाया गया। प्लांट के निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने पूजा समारोह में भाग लिया। दीपिका इस्पात शिक्षा सदन, सेक्टर-18 में गणेश देव को पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके साथ दीपिका महिला संघति की अध?यक्ष सीमा भौमिक, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), एसआर सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), पीके. सत्पथी, कार्यपालक निदेशक (परियोजना), पीके साहू उपस्थित थे। इस्पात नगरी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में भी गणेश पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई,जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## घर के सामने से कार चोरी

**ROURKELA :** राउरकेला स्टील टाउनशिप सेक्टर-3 थाना अंतर्गत सेक्टर-1 क्वार्टर नंबर एच/463 निवासी के घर के सामने से बीती रात किसी ने वाहन संख्या ओडी 14 एए 7414 चोरी कर ली। वाहन मालिक बिलाश चंद्र राउत सुबह उठे ,तो उनकी कार घर के सामने से गायब थी। उन्होंने सेक्टर-3 थाने में लिखित सूचना दी। जब की सेक्टर-3 थाना क्षेत्र में बंद घरों से चोरी की घटनाएं होने के साथ अब पुलिस के लिए कार चोरी एक चुनौती बन गई है।

## विवाहित महिला का घर में मिला शव, पुलिस जांच शुरू



**SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के तलसरा थाना अंतर्गत सबडेगा में एक घर में एक विवाहित महिला का शव बरामद किया गया। घर में बाहर से ताला लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बदबू आने की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। आशंका है कि पति ने पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया। मृत महिला की पहचान प्रमिला सोरेंग के रूप में की गई। उनके पति का नाम अली खान है। प्रमिला ने अपने दूसरे प्यार के लिए अली से शादी की थी, उसका एक नवजात पुत्र है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे पिछले तीन दिनों से अपने घरों में बंद थे। आज घर से बदबू आने पर लोगों को शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई।

# पुलिस बल को उड़ाने की साजिश नाकाम, गोइलकेरा से 10 केजी IED और 2 SPIKE HOLES बरामद

## गोइलकेरा थाना अंतर्गत बेड़ादुईया से हुसिपी जाने वाले रास्ते में लगाया गया था बम



बरामद बम। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना अंतर्गत बेड़ादुईया से हुसिपी जाने वाले रास्ते में रब्बुवाहातु गांव के आसपास जंगली रास्ते में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने आइईडी व रास्ते में गड्ढा करके लोहे के राड व तीर बिछा रखे हैं। इस रास्ते से मंगलवार को सुरक्षाबलों ने एक आइईडी व दो स्पाइक होल बरामद किये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें मौके पर ही विनिष्ट कर दिया गया है। बरामद आइईडी आठ किलोग्राम का बताया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया व अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ कोल्हान जंगल में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इस आसूचना के आलोक में 11 जनवरी 2023 से ही चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ की 197 बटालियन, 60 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 सितंबर से एक संयुक्त अभियान गोइलकेरा थाना अंतर्गत, बेड़ादुईया, बुरुदुईया, रब्बुवाहातु, बोईपईससांग, कटम्बा एवं आराहासा के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोंटो थाना अंतर्गत हुसिपी के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान मंगलवार को दोपहर में गोइलकेरा थाना अंतर्गत बेड़ादुईया से हुसिपी जाने वाले रास्ते से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाया गया आठ किलोग्राम का एक आइईडी व दो स्पाइक होल बरामद किये गये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बम को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते की मदद से विनिष्ट कर दिया गया है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकरायी , दो छात्रों की हुई दर्दनाक मौत



कुजीत कुमार जोंकों की फाइल फोटो।




लखन बारी की फाइल फोटो।

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम जिला चाईबासा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बाईपास मार्ग पर कोल्हान यूनिवर्सिटी स्थित चांपिया पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरायी। जिसमें दो छात्रों की हुई दर्दनाक मौत हो गयी। घटना सोमवार की देर शाम की है। मृतकों की पहचान चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के ईचाकुटी गांव निवासी कुजीत कुमार जोंकों (17) और दूसरा टोंटो थाना क्षेत्र के बामियाबासा गांव निवासी लखन बारी (19) शामिल है। दोनों का सिर और कानपट्टी में गंभीर चोट आयी थी।

वे दोनों दोस्त थे। वे दोनों मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तांबो स्थित बोदराबासा में किराए के मकान में रहकर टाटा कालेज चाईबासा में पढ़ाई करते थे तथा दोनों इंटरमीडिएट के छात्र थे। जानकारी के अनुसार वे दोनों दोस्त सोमवार रात करीब सवा आठ बजे तांबो से लखन बारी का गांव बामिया बासा बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में कोल्हान यूनिवर्सिटी के सामने चांपिया पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो इनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों छात्रों सड़क पर गिर झाड़ी में जा गिरे। बताया गया है कि बाइक कुजीत कुमार जोंकों चला रहा था।

जैसे ही ये दोनों की पेट्रोल पंप के पास हादसा होता देख आसपास के लोग और राहगीर घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## तालाब से मिला महिला का शव, पहचान में जुटी पुलिस



शव निकालने पहुंचे दमकल के जवान। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के प्लांटसाइट पुलिस सीमा क्षेत्र में आरएसपी प्रशासनिक भवन चौक के पास सेंसरी पार्क के तालाब से मंगलवार की शाम एक 30 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। महिला काला रंग का शूट पहने हुए है। शव देखकर आशंका जताई जा रही है महिला दो दिन से पानी के अंदर थी। मंगलवार शाम लाश की सूचना मिलते ही प्लांट साइट पुलिस दमकल जवान के साथ घटना स्थल पर पहुंची और महिला की शव को कब्जे में कर लिया। पुलिस महिला की पहचान में जुट गई है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि यह हत्या या फिर आत्महत्या है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## केयू ने की स्नातक छठे सेमेस्टर के परीक्षा की तिथि घोषित, नौ अक्टूबर से शुरू होगी परीक्षा




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्नातक छठवें सेमेस्टर 2020-23 के परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इस तहत परीक्षा दो पालियों में 9 अक्टूबर से शुरू होगी और 17 अक्टूबर तक संचालित होगी। इसकी पहली पाली सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी जबकि इसके लिए रिपोर्टिंग टाईंम सुबह 8.30 बजे निर्धारित की गयी है। वहीं दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक संचालित होगी जबकि इसके लिए रिपोर्टिंग टाईम दोपहर 12.30 बजे है। इसके साथ ही विवि की ओर से इस परीक्षा के लिए केंद्रों का भी निर्धारण कर दिया गया है। जारी नोटिफिकेशन के तहत परीक्षा के लिए कुल 21 केंद्र बनाए गए हैं जहां करीब 22 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इससे सबंधित एडमिट कार्ड सितंबर के अंतिम सप्ताह में विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। जहां से परीक्षार्थी इसे डाउनलोड कर पाएंगे। विदित होकि इस परीक्षा का सत्र लगातार लेट हो रहा था और छात्र जल्द जल्द परीक्षा शुरू करने की मांग कर रहे थे। इसकी वजह से विवि में पीजी एडमिशन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षा:** एबीएम कॉलेज गोलमुरी, बहरागोड़ा कॉलेज, जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज चाईबासा, घाटशिला कॉलेज, ग्रेजुएट कॉलेज, कोऑपरेटिव कॉलेज, वर्कर्स कॉलेज, जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर, केएस कॉलेज सरायकेला, एलबीएसएम कॉलेज, सिंहभूम कॉलेज चांडिल, टाटा कॉलेज चाईबासा, बीडीएसएल महिला कॉलेज, करीम सिटी कॉलेज, पटमदा डिग्री कॉलेज, संत आगस्टीन कॉलेज, नोवामुंडी कॉलेज, महिला महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, मॉडल महाविद्यालय सरायकेला खरसावां, डिग्री कॉलेज मनोहरपुर व एजेके कॉलेज चाकुलिया।

## विरमित्रपुर में धूमधाम से मना गणेश पूजा, लोगों में दिखा उत्साह



गणेश पुजा में शामिल लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** विरमित्रपुर में गणेश चतुर्थी को लेकर शहरवाशियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। शहर में गणेश पूजा हर वार्ड में धूमधाम से मनाया जा रहा है। विरमित्रपुर में मुख्य रूप से सिनेमा हॉल रोड पूजा पंडाल ,बैंक कॉलोनी पूजा समिति,चाइना टाउन पूजा समिति,कुमार टाउन पूजा पंडाल ,रविवार बाजार ,रेलवे कॉलोनी पूजा ,रायपुरा दफाई पंडाल ,हल्दिया दफाई पंडाल समेत दर्जनों जगह छोटे छोटे पूजा पंडाल बनाये गए है। बच्चों में पूजा को लेकर उत्साह है।

विरमित्रपुर के सिनेमा हॉल रोड में स्थित जय माँ शेरोवाली गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान अध्यक्ष मयंक पाण्डेय ,उपाध्यक्ष आदित्य दीक्षित, रोहित केशरी , सचिव सत्यव्रत जेना ,सहसचिव नविन ठाकुर एवं आकाश साहू ,कोषाध्यक्ष विकाश झा ,उपकोषाध्यक्ष अमन झा ,निकुंज अग्रवाल उपस्थित थे।

## विशिष्ट लोगों का जन्म विशिष्ट कार्यों के लिए होता है : डॉ एके झा



कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व शिक्षक। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** एलबीएसएम महाविद्यालय के हो विभाग द्वारा मंगलवार को शिक्षाविद, साहित्यकार एवं वाराङक्षिति लिपि के जनक ओत गुरु लाको बोदरा का 104वां जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार झा उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि इस धरती पर किसी विशिष्ट लोगों का जन्म विशिष्ट कार्यों के लिए होता है। लाको बोदरा भी उन्हीं लोगों में शामिल थे। उनके विशेष कृति के कारणों से ही उनकी जयंती को मना रहे हैं। लिपि भाषा का अभिव्यक्ति करता है और किसी भी भाषा का लिपि होना उसे वह भाषा, संस्कृति और संपूर्ण समाज गौरांवित होता है। बोदरा जी ने लिपि का आविष्कार किया है अब छात्रों को और रिसर्च स्कॉलर को भाषा विज्ञान पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। हो भाषा एवं संस्कृति की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने की आवश्यकता है। आठवीं अनुसूची में शामिल होने से रोजगार,व्यवसाय और

## विशेष ग्रामसभा के लिए आदिवासी हो समाज युवा महासभा की टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



जागरूकता अभियान में शामिल आदिवासी हो समाज युवा महासभा की टीम। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आगामी दो अक्टूबर को सभी गांव में विशेष ग्रामसभा किया जाना है। इसको लेकर आदिवासी हो समाज युवा महासभा की टीम ने तांतनगर प्रखंड के कोकचो पंचायत अंतर्गत ग्राम छोटा कुलाबुरू में जागरूकता अभियान चलायी। ग्रामीणों को जानकारी दिया गया है कि समाज की परंपरा, रीति-रिवाज, धर्म और भाषा-संस्कृति की संरक्षण तथा विकास के लिए सामाजिक स्तर पर संगठित हो सकते हैं। मगर गांव की सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली इत्यादि जैसी सुविधाओं के लिए सरकार भर निर्भर रहना पड़ता है। ग्राम सभा के माध्यम से मानकी-मुण्डा, ग्रामपंचायत, प्रखंड और जिला में अलग-अलग विभाग की जनसमस्या एवं योजना का नाम भेजा जाता है। इसके लिए ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि जरूरत के आधार पर महीनों के अंतराल में ग्रामसभा कराते रहें।

आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बरसिंह हेम्ब्रम ने लोंगों को जानकारी दिया कि ग्रामसभा के माध्यम तथा सामाजिक संगठन में जुड़ाव के माध्यम से ग्रामीण अपने डर, भय, हिचकिचाहट और आलसीपन को दूर भगाएं। गांव के पढ़े-लिखा युवा गांव-समाज को विकास के रास्ते में ले जाने के लिए सामाजिक संगठनों से जुड़ें और ग्रामसभा में सरकारी योजनाओं के विशेषताओं पर चर्चा करें। आदिवासी हो समाज महासभा के विभिन्न कार्यक्रम का हिस्सा बनें और तांतनगर प्रखंड कमिटि से जुड़ जाएं।

इस अवसर पर आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गोबिन्द बिरूवा, पूर्व अनुमंडल अध्यक्ष शेरसिंह बिरूवा, दारे बोदरा, संजय सोय, सुरेन्द्र कालुन्डिया, माझी सामड, दिनेश कालुन्डिया, सुरज जोंखो, सुरसिंह सामड, सीधे कालुन्डिया, लागा जोंको, बुधन कालुन्डिया, सोपो सामड, तुराम जोंको, गोमेया कालुन्डिया आदि लोग मौजूद थे।

**RAVINDRA BAL SANSKAR SCHOOL असुरा में मनाई गई ओत गुरु लाको बोदरा की जयंती**

# लाको बोदरा का ऐतिहासिक कार्य आज पूरे 'हो' समुदाय को पढ़ाई से लेकर नौकरी तक का अवसर प्रदान कर रही : प्रो दिलदार



कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के छात्र व शिक्षक। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झींकपानी प्रखंड अंतर्गत रविन्द्र बाल संस्कार स्कूल असुरा में ओत गुरु लाको बोदरा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज रांची के प्रोफेसर दिलदार पुरती ने बच्चों के बीच ओत गुरु लाको बोदरा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा जगत में लाको बोदरा ने ऐतिहासिक कार्य किया है जिससे आज पूरे 'हो' समुदाय को पढ़ाई से लेकर नौकरी तक अवसर प्रदान करती है। जेएसएससी और जेपीएससी सरीखे बड़ी परीक्षाओं में 'हो भाषा' और हो समाज से ताल्लुकात प्रश्न पूछे जाते हैं। उन्होंने कहा कि 'हो' भाषा का ज्ञान .आदिवासी समाज के लिए एक अवसर प्रदान करती है।

हो भाषा का अपने क्षेत्र के मायने से अपना अलग महत्व है। प्राथमिक विद्यालय गुड़ा के प्रधानाध्यापक दामू सुंडी ने कहा कि अपना समाज की परंपरा एवं भाषा संस्कृति से कभी दूर नहीं भागना चाहिए। चूँकि यह समाज को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। प्राथमिक विद्यालय चाड़ाबासा के प्रधानाध्यापक मंगल सिंह मुंडा ने कहा कि वारंडक्षिति लिपि के जनक ओत गुरु लको बोदरा ने 'हो समाज' को लिपि का सौगात देकर हो समुदाय के लोगों को अपनी भाषा पर गर्व करने का अवसर दिया है।

उन्होंने कहा कि हालांकि लिपि की खोज में निकले लाको बोदरा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था । अपने ही लोगों के निंदा और अवहेलना का शिकार होना पड़ा था। अंततः उसने वारङचिति लिपि की खोज की और हो समाज को एक उपहार स्वरूप भेंट कर गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक सह प्रधानाध्यापक सिकन्दर बुड़ीउली, शिक्षक-शिक्षिकाएं जीवन तामसोय, मुकेश गोप, आश्रिता बुड़ीउली, तुलसी बुड़ीउली, जमुना बिरुवा, अंजली लागुरी, सुशान्ति बोयपाई एवं मोली देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## गणपति बप्पा मोरया की गूंज के साथ शहर में गणेश उत्सव शुरू, खुला पट



गणेश पूजा के अवसर पर पंडाल में उमड़े श्रद्धालु। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** शिव शंकर क्लब द्वारा ओवर ब्रिज टुंगरी, चाईबासा में आयोजित गणेश उत्सव आगाज के पूर्व संध्या सोमवार देर शाम को मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश खिरवाल तथा जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने फीता काटकर तथा विधिवत रूप पूजा अर्चना कर पंडाल का उद्घाटन किया। जिसके पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रमेश खिरवाल ने कहा कि गणपति जी के बिना किसी कार्य का श्री गणेश नहीं होता है। सभी बाधाओं को दूर करने वाले, बुद्धिदाता भगवान गणपति जी से प्रार्थना करता हूँ कि हम सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करें गणेश उत्सव समाज को भाईचारे, सौहार्द एवं समरसता का संदेश देता है।

जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय ने कहा कि रिद्धि-सिद्धि के दाता, प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी के जन्मोत्सव 'गणेश चतुर्थी' की अनेकों शुभकामनाएं। इस पावन पर्व पर भगवान गणेश जी हम सभी के जीवन से विघ्न हर कर सुख-समृद्धि प्रदान करें। मौके पर क्लब के निकेश नायक, शिवम मिश्रा, चीकू गोप, अजय फत्तकार, बाजू दास, प्रेम नायक, राजू गोप, जीतू ठाकुर, अंकित साह, सुभम शर्मा, रौशन अग्रवाल , यश जोशी , विक्की गोप ,अभय नायक, संदीप गोंड, सुजीत नायक, धनुसर नायक, अनिकेत गोप, आशिष राजपूत सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

## जनता दल यू के विधान पार्षद का

# बेटा भी ईडी के हत्थे चढ़ा

पटना। आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से निर्वाचित विधान पार्षद सह जदयू के प्रदेश महासचिव राधा चरण साह उर्फ सेठ की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को ईडी ने उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया है।.राधा चरण सेठ पर बालू के अवैध कारोबार सहित अवैध तरीके से अकूत सम्पति बनाने का मामला दर्ज है।

.पिछले दिनों ईडी ने राधाचरण सेठ के साथ साथ उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को ही नोटिस किया था। दरअसल, ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद कन्हैया प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। अब तक कुल 4 लोगों को ईडी ने बालू की अवैध कमाई के मामले में गिरफ्तार किया है। 77 करोड़ से अधिक अवैध संपत्ति रखने के मामले में गिरफ्तार जेडीयू के एमएलसी राधाचरण सेठ की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। टैक्स चोरी के आरोपी राधाचरण सेठ को ईडी ने 6 दिनों की रिमांड पर लिया है। शनिवार को पटना के जिला जज सह ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने ईडी को 6 दिनों तक पूछताछ की इजाजत दी। ईडी ने कोर्ट से पूछताछ के लिए राधाचरण सेठ को रिमांड पर देने का अनुरोध किया था। बता दें कि आय से अधिक संपत्ति मामले में जेडीयू एमएलसी राधाचरण साह को ईडी ने बीते बुधवार को



गिरफ्तार किया था। MLC की गिरफ्तारी आरा के उनके फार्म हाउस से हुई थी, जहां ईडी ने उनसे कई घंटो तक पूछताछ भी की थी। राधाचरण साह पर बालू के अवैध कारोबार और टैक्स चोरी से लेकर गलत तरीके से संपत्ति अर्जित करने के कई आरोप हैं। इसको लेकर केंद्रीय ऐंजियों ने कई बार जेडीयू एमएलसी के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज भी जांच टीम के हाथ लगे थे। इससे पहले पटना में कई दिनों तक राधाचरण साह और उनके बेटे कन्हैया से ईडी दफ्तर में पूछताछ हुई थी। बुधवार को ईडी की टीम ने राधाचरण सेठ को गिरफ्तार कर लिया था। बीते गुरुवार की सुबह ईडी की टीम ने राधाचरण साह को एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश किया। अदालत ने जेडीयू एमएलसी को न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया था। कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद अब एक बार फिर राधाचरण सेठ को ईडी के तीखे सवालों का सामना करना होगा।

## संक्षिप्त डायरी

### सीवान में बीजेपी नेता को मारी गोली, मौत: बाइक सवार अपराधियों ने की अंधाधुन फायरिंग

सीवान । अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना में मृतक के साले को भी गोली लगी है। जो गंभीर रूप से घायल है। घटना सीवान शहर के नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओवर ब्रिज की है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी जयकिशोर तिवारी के पुत्र शिवजी तिवारी (40) के रूप में हुई है तथा घायल की पहचान सारण के एकमा थाना क्षेत्र के प्रदीप पांडेय (45) के रूप में हुई है । बताया जा रहा है शिवजी तिवारी आंदर ढाला के समीप किराना का दुकान चलाते हैं। सोमवार की रात करीब 10.30 बजे ओवर ब्रिज के रास्ते अपने साला के साथ बाइक पर बैठकर घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों ओवर ब्रिज पर चढ़े पीछे से अपाची पर सवार अपराधियों ने आगे से घेर लिया और अंधाधुन फायरिंग करने लगे। शिवजी तिवारी के सीने और सिर में गोली लग गई। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं इनके साले को भी गोली का छर्रा लगा है। जो गंभीर रूप से घायल हैं। शिवजी तिवारी स्थानीय बीजेपी नेता भी हैं। घटना के बाद अपराधी हुसैनगंज के तरफ फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पार पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजन ने बताया कि उनका किसी से कोई भी विवाद नहीं था। बताया जा रहा है कि मृतक शिवजी तिवारी के भाभी का आज मंगलवार को श्राद्ध कर्म था। इसी को लेकर सोमवार को अपने किराना दुकान से कुछ सामान इकट्ठा करने गए थे जहां से घर आन में देर हो गई। शिवजी तिवारी के घर बीते 2 महीने में 4 लोगों की अलग-अलग कारणों से मौत हो चुकी है। शिवजी तिवारी के चचेरे भाई बबन तिवारी की 1 अगस्त को मौत हुई। 3 सितंबर को इनके भाई रामायोध्या तिवारी की पत्नी मीना देवी की मौत हुई। और 8 सितंबर को चचेरे भाई भुलन तिवारी की पत्नी बदामी देवी की मौत हो गई। लगातार चार मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने में जुट गई है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। हालांकि परिजन किसी से भी कोई विवाद होने से इनकार किया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ काफी आक्रोश है।

### मुंगेर में असामाजिक तत्वों ने घर पर की पत्थरबाजी: सीसीटीवी भी तोड़ कर ले गए

**मुंगेर** । नया रामनगर थाना क्षेत्र बरईचक पाटम में सोमवार की देर शाम कुछ असामाजिक तत्वों ने एक घर पर जमकर पत्थरबाजी की। पत्थरबाजी के दौरान उग्र भीड़ के द्वारा घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा और घर के समीप बरईचक पाटम चौक पर ग्रामीणों की ओर से लगाया गया सीसीटीवी कैमरे को पहचान छुपाने की नीयत से तोड़ दिया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी लगते ही सदर डीएसपी राजेश कुमार सहित कई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गई है। वहीं गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च भी किया गया। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम बरईचक पाटम निवासी निर्मल चौरसिया के घर पर पुराने विवाद में पड़ोस के ही कुछ और असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब के नशे में धुत होकर जानलेवा हमले की नीयत से जमकर पत्थरबाजी की गई। पत्थर बाजी करने आए लोगों के द्वारा पीड़ित के घर सहित उसके मेडिकल की दुकान पर जमकर ईंट और पत्थर चलाया गया। बता दें कि इसी गांव में पिछले वर्ष 30 अगस्त को प्रेम प्रसंग के मामले में 14 साल के नाबालिग की उसके दोस्तों के द्वारा पहाड़ पर ले जाकर चाकू गोद कर और पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग आधे दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसी बात से गुस्सा होकर मृतक के परिजनों द्वारा आक्रोश जताते हुए इस घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि मृतक के पिता बताया कि मुझे इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे बदनाम करने की नीयत से कुछ और सामाजिक तत्वों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। सदर डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पाटम गांव में पत्थर बाजी की घटना हुई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## मुजफ्फरपुर में तीन युवक डूबे




**मुजफ्फरपुर** । मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जहां गांव के तालाब में एक ही परिवार के तीन लोग डूब गए। मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। परिजनों में चीत्कार मच गया। स्थानीय ग्रामीण खोजबीन में लगे रहे। मामला जिले के सकरा थाना क्षेत्र का है। बता दें कि सोमवार की शाम जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया पंचायत के चकरावे मनियारी गांव में ग्रामीण विश्वकर्मा पूजा उपरांत तालाब में मूर्ति विसर्जन करने गए थे। मौके पर काफी भीड़ थी। मूर्ति विसर्जन के दौरान आपा धापी की स्थिति बन गई। इसी दौरान तीन युवक मूर्ति विसर्जन करने गहरे पानी में चले गए। अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। तीनो युवक तालाब में डूबने लगे। मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगो के द्वारा बचाने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मामले की जानकारी सकरा थाना पुलिस को दी गई। आनन फानन में पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची। लेकिन रात होने के कारण बचाव कार्य नहीं किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने अस्तर पीआर खोजबीन जारी रखा। लेकिन देर रात तक किसी का शव नहीं मिला। परिजनों में चीत्कार मचा हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। डूबे हुए युवकों की पहचान मिश्रौलियां पंचायत के स्वर्गीय महेश शर्मा के 18 वर्षीय प्रिंस कुमार, मुकेश शर्मा के 17 वर्षीय अभिषेक और समस्तीपुर जिले के शाहपुर पटोरी निवासी 21 वर्षीय शिवम के रूप में हुई है। पूरे मामले पर सकरा थाना अध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि मूर्ति विसर्जन के द्वारा तीन लोग डूब गए है।

## तुम्हारा पति मिस्त्री, मैं ठेकेदार..मुझसे शादी कर लो





पूर्णिया । एक विवाहित युवती (24) का अश्लील वीडियो एक युवक ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी उससे शादी करना चाहता है। वो महिला से अक्सर कहता कि मैं तुम्हारे पति से ज्यादा कमाता हूं। वो राजमिस्त्री है, मैं ठेकेदार हूं, मुझ से शादी कर लो। महिला ने बताया कि वो जब शादी के लिए नहीं मानी तो उसने अश्लील वीडियो-फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

आरोपी विकास कुमार (20) उसे धमकी भी दे रहा है। इधर गांव के लोग फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद भी आरोपी का पक्ष ले रहे हैं। वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद पीड़िता अपने पति के साथ मामले की शिकायत करने थाने पहुंची। महिला के पति का कहना है कि रौटा थाने की पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर 10 हजार रुपए भी ले लिए, कोई कार्रवाई नहीं की। हारकर दंपती ने एसपी ऑफिस में इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका मोबाइल नंबर किसी तरह गांव के ही विकास कुमार को मिल गया। वो उससे बातचीत करने लगा। तीन महीने से दोनों में बात हो रही थी। महिला के पति को इसकी जानकारी नहीं थी। कुछ दिन बाद युवक महिला से वीडियो कॉल पर बात करने लगा।

युवक ने एक दिन वीडियो कॉल कर उसे कपड़े उतारने को कहा। वह उसके झांसे में आ गई। इसके बाद युवक ने महिला की अश्लील फोटो-वीडियो ले ली। इस दौरान युवक ने उससे कहा कि उसका पति राजमिस्त्री का काम करता है। वह राजमिस्त्री का ठेकेदार है। वह उसके पति से कहीं अधिक कमाता है। इसलिए उससे शादी कर ले। महिला ने कहा कि वो पहले से शादीशुदा है और पति को नहीं छोड़ सकती। जिसके बाद आरोपी ने फेसबुक पर उसके फोटो डाल दिए। पूरा मामला जिले के रौटा थाना क्षेत्र का है।

सोमवार को पीड़ित महिला अपने पति को साथ एसपी आमिर जावेद से शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंची। एसपी से मुलाकात नहीं होने के बाद ऑफिस में आवेदन दे दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसके पति को इस बात का पता चला तो उन्होंने उसे काफी फटकार लगाई और मामले की शिकायत करने रौटा थाना पहुंची। थाने में कार्रवाई का भरोसा दिया गया, लेकिन पुलिस ने उसके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। दूसरी बार जब वह थाने गई तो पुलिस ने मामले का आवेदन साइबर थाने में देने की सलाह दी। साइबर थाने में आवेदन देने के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो एसपी के कार्यालय में आवेदन दिया गया है। पीड़ित महिला के पति ने बताया कि वह पूर्णिया से बाहर रह कर राजमिस्त्री का काम करता है। जब उसे इस घटना का पता चला तो वह घर पहुंचा। पति ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी हुई है। इस मामले में एसपी आमिर जावेद ने बताया कि आवेदन के बारे में हमें जानकारी नहीं है, अगर कार्यालय में आवेदन दिया है तो जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नीतीश के धुर विरोधी ने कर दिया बड़ा कारनामा, जदयू अध्यक्ष ललन सिंह पर भी असर पड़ना पक्का



पटना। बिहार में पिछले कुछ महीनों से मिलन समारोहों का सिलसिला चल रहा। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के दफ्तरों में जितना मिलन समारोह हुआ होगा, उससे ज्यादा जनता दल यूनाईटेड (JDU) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) में जरूर हुआ है। लेकिन, इस बार बाजी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथी-विरोधी-साथी और अब धुर विरोधी उपेंद्र कुशवाहा मारते नजर आ रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के प्रमुख अल्पसंख्यक चेहरे को अपने साथ कर लिया है। कुशवाहा ने जदयू सांसद और नीतीश सरकार में मंत्री रह चुके मोनाजिर हसन को अपने साथ कर लिया है। यह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के लिए भी झटका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री रहने के बाद जदयू की ओर से ही चुनाव लड़कर सांसद बने डॉ. मोनाजिर हसन बेगूसराय से लेकर मुंगेर तक पार्टी के लिए बड़ा नाम थे। बेगूसराय सीट पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पास थी और मुंगेर से ललन सिंह चुनाव लड़ रहे थे इसलिए, मोनाजीर हसन जदयू में एक तरह से किनारे पड़ गए थे। इसी साल मई के अंत में जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए हसन ने कहा था कि वह पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे। उन्होंने तभी, उपेंद्र कुशवाहा की तरह कहा था कि पार्टी में 90% नेता-कार्यकर्ता घुटन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जदयू छोड़ने के 113 दिन बाद सोमवार को उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल (RLJD) की सदस्यता ग्रहण की। कुशवाहा की पार्टी में शामिल होने के समय मोनाजिर हसन ने कहा कि उन्होंने अपनी क्षेत्र की जनता और अपने समाज की इच्छा के लिए यह फैसला लिया है। जादू छोड़ते समय मुनाजिर ने कहा था यह जनता दल यूनाइटेड अपने मूल सिद्धांतों से भटक कर चंद स्वार्थी लोगों के कब्जे में है। तब उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर भी हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि राजद या जदयू में मुसलमानों के लिए कोई जगह नहीं बची है। न तो उन्हें मंच पर जगह दी जा रही है और न ही सरकार या संगठन में मौका मिल रहा है। चार महीना पहले जब पूर्व सांसद मोनाजिर हसन ने जदयू की सदस्यता से इस्तीफा दिया था तो उस समय उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि ललन सिंह किसी का फोन नहीं उठाते हैं। कार्यकताओं को लेकर उनकी गर्दन हमेशा टेढ़ी ही रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार एक अच्छे नेता हैं लेकिन कुछ लोग उन्हें रास्ते से भटका रहे हैं। वह रास्ता भटक भी गए हैं। पार्टी से बड़े-बड़े नेताओं ने किनारा कर लिया। बता दें कि जनता दल से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले मोनाजिर हसन 1997 में पहली बार विधायक बने थे। साल 2000 में राजद से वह विधायक चुने गए थे। 2004 में उन्होंने राजद का साथ छोड़ दिया। इसके बाद जदयू की सदस्यता ग्रहन की। 2004 में विधायक बने। फिर 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में विधायक चुने गए थे। चार बार उन्हें मुंगेर की जनता ने चुना। इसके बाद नीतीश सरकार ने उन्हें बिहार सरकार में भवन निर्माण विभाग और कला संस्कृति विभाग के मंत्री की जिम्मेदारी भी सौंपी। साल 2009 से 2014 तक बेगूसराय से जदयू के सांसद बने। 2014 में यह सीट भाजपा कोटे में चली गई।

## चुनाव की तारीख नीतीश निश्चय पर निर्भर, सीएम ने कहा- जल्द हो सकता है, भाजपा ने कहा- निर्णय वही लें



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अबतक कम-से-कम दस बार कह चुके हैं कि केंद्र सरकार कभी भी चुनाव करा सकती है। इस बार उन्होंने एक नई बात बोली। हर बार कहते थे कि विपक्ष को उसी हिसाब से तैयारी करनी चाहिए। इस बार कहा कि हम तैयार हैं, अगर केंद्र सरकार जल्द भी चुनाव कराती है तो। लेकिन, इस बार भारतीय जनता पार्टी ने जवाब दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निर्भर करता है कि चुनाव कब हों। वह हिम्मत दिखाकर महागठबंधन सरकार से इस्तीफा दें तो चुनाव हो जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि आज नीतीश कुमार इस्तीफ दें तो 24 घंटे में बिहार भाजपा चुनाव विधानसभा चुनाव करवाने के लिए तैयार है। लोकसभा चुनाव तो शिड्यूल्ड है। 6 महीने में लोस चुनाव होना ही है। अब तो इलेक्शन कमीशन ऑफ तय करना है कि चुनाव की प्रक्रिया कब करना है।

प्रधानमंत्री मोदी कह चुके हैं पांच दिन तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र ऐतिहासिक होगा। नीतीश कुमार को बिहार की जनता ने विधानसभा चुनाव कराने की राजनीतिक हैसियत दी है। हम उनसे अपील करते हैं कि आप विधानसभा भंग करवाइए। भाजपा इसके लिए तैयार है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बिहार में समय से पहले चुनाव के दावे के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो चाहते ही हैं कि देश में समय से पहले चुनाव हो जाए। वो लोग पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं तो जल्दी कराएं न। जितना जल्दी कराएं उतना अच्छा है। हमलोग तो हर समय चुनाव के लिए तैयार रहते हैं। भारत सरकार को अधिकार है कि संसद का चुनाव पहले भी करा सकती है।

## सीएम नीतीश ने क्यों पकड़ी मंत्री की गर्दन, क्यों खींचा तेजस्वी को, एक दिन की यह दो घटनाएं



पटना। मुख्यमंत्री आज एक बार फिर तेजस्वी यादव को पत्रकारों के सामने कर दिया कि अब यही बोलेंगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव को लगातार यह कहते रहे कि बोलो बोलो ...यह आज पहली बार ऐसा नहीं हुआ है बल्कि ऐसा पहले भी कई बार हो चूका है जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी को आगे बढाकर कहा कि अब यही बोलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यहीं नहीं रुके। उन्होंने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ भी कुछ ऐसा किया जो चर्चा का विषय बन गया। दरअसल पत्रकारों ने जब मुख्यमंत्री से यह सवाल पूछा कि अमित शाह आपके गठबंधन को तेल और पानी का गठबंधन एकह रहे हैं। इसमें आपका क्या कहना है? इसके जवाब में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पास में खड़े उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का हाथ पकड़कर उनको आगे की ओर खींचा और कहा कि तुम ही बोलो। नीतीश कुमार लगातार कई बार तेजस्वी यादव को कहते रहे --बोलो बोलो। फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का हाथ पकड़कर अपनी ओर खींच लिया और फिर से बोलने के लिए कहा। तब तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग एक हैं, मजबूत हैं,

# नई संसद में श्रीगणेश

भारतीय संसद भवन के इतिहास में नए अध्याय की शुरूआत हो चुकी है। पुराने संसद भवन में कामकाज की शुरूआत 18 जनवरी, 1927 को हो गई थी और 96 साल बाद यह भवन इतिहास बन गया। आज से यह पुराना संसद भवन कहलाएगा। यह वही भवन है, जो ब्रिटिश सत्ता के भारतीयों के सीमित प्रतिनिधित्व का गवाह था और इसी भवन में देश का संविधान तैयार हुआ था। पिछले 73 वर्ष से इसी भवन में लोकसभा और राज्यसभा को देश ने काम करते देखा। यह भवन सदैव गर्व का विषय और प्रेरणादायी विरासत बना रहेगा। कोई आश्चर्य नहीं कि इस ऐतिहासिक मोड़ पर पुराने भवन की इमारत का डिजाइन तैयार करने वाले ब्रिटिश आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर को याद किया जाए, जिनकी निगरानी में आज से 102 साल पहले पुराने भवन का निर्माण शुरू हुआ था। मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर संसद सत्र का नए भवन में शुभारंभ हो जाएगा। यह भवन पुराने संसद भवन के पास ही है। इसमें कुल 1,272 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है, लोकसभा में जहां 888 सदस्य बैठ सकते हैं, वहीं राज्यसभा में 384 सदस्य। आगामी 150 साल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए संसद भवन को विकसित किया गया है। सोमवार को संसद के विशेष सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा कि भारत की संसदीय यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि विधायी निकाय में नागरिकों का विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन में पहली बार अपने प्रवेश को भी याद किया। देश के तमाम पूर्व और वर्तमान सांसद भी यादों के एक सिलसिले से गुजर रहे होंगे। प्रधानमंत्री ने स्वाभाविक ही कहा कि इस इमारत को अलविदा कहना भावनात्मक क्षण है। इसके साथ कई खट्टी-मीठी यादें जुड़ी हैं। हम सभी ने संसद में मतभेद और विवाद देखे हैं, पर साथ ही, हमने परिवार भाव भी देखा है। ये सारी हमारी साझा यादें हैं, हमारी साझा विरासत हैं और इसलिए इस पर हमारा गौरव भी साझा है। प्रधानमंत्री का ऐसे कहना बहुत मायने रखता है। नए भवन की चर्चा भले ही पिछली गठबंधन सरकार के समय शुरू हो गई थी, पर नए संसद भवन का श्रेय वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही दिया जाएगा। उन्होंने नए संसद भवन के निर्माण का भारी खर्च उठाने का साहस किया और इसके लिए उन्हें तीखी आलोचना का भी सामना करना पड़ा। अब यह सब इतिहास में दर्ज है। आधुनिक देश की जरूरत के हिसाब से नई संसद का निर्माण देश में लोकतंत्र को ही मजबूती देगा। बढ़ती आबादी के चलते जब लोगों को ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की जरूरत पड़ेगी, तब नया भवन ही नई जरूरतों की पूर्ति करेगा। आज देश में जनप्रतिनिधित्व को विस्तार देने की जरूरत बढ़ती जा रही है, इस कार्य को ज्यादा टाला नहीं जा सकता। आज एक-एक सांसद को लाखों लोगों का प्रतिनिधित्व करना पड़ता है। मोटे तौर पर अगर आंकड़ों को देखें, तो साल 1951 में लोकसभा का हर सांसद औसतन करीब 7.36 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता था और अब एक-एक सांसद के पीछे 25-25 लाख लोगों की जिम्मेदारी है।

# एक नई शुरूआत

संसद के विशेष सत्र के पहले दिन की बैठक के साथ यह सुनिश्चित होना एक नई शुरूआत है कि आगे की कार्यवाही संसद के नए भवन में होगी। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री के साथ सत्तापक्ष और विपक्ष के अनेक सांसदों ने अंग्रेजी सत्ता की ओर से बनवाए गए संसद भवन से जुड़ी यादों का उल्लेख किया और इस दौरान उन उपलब्धियों को भी रेखांकित किया, जो बीते सात दशक से अधिक समय में देखने को मिलीं। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि विभिन्न सरकारों की ओर से संसद में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के कारण ही आज देश इस पड़ाव पर है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा जा रहा है, वह पूरा होता दिख रहा है। यह उल्लेखनीय है कि विशेष सत्र के पहले दिन पक्ष-विपक्ष के अनेक नेताओं ने संसदीय यात्रा के 75 वर्ष के लंबे सफर की चर्चा करते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने विचार व्यक्त किए। यह भाव संसद के नए भवन में भी दिखना चाहिए। संसद का नया भवन भव्य है और वह कहीं अधिक सुविधाओं से भी लैस है, लेकिन उसकी गरिमा तब बढ़ेगी, जब पक्ष-विपक्ष आम सहमति की राजनीति की महत्ता को समझेंगे। एक समय था, जब संसद में आम सहमति कायम करते हुए फैसले लिए जाते थे और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर स्वस्थ एवं सार्थक विचार-विमर्श होता था। यह स्वीकार करना होगा कि पिछले कुछ वर्षों से संसद में आम सहमति मुश्किल से ही कायम हो पाती है। वहां हंगामा और नारेबाजी ही अधिक होती है। ऐसा इसीलिए होता है, क्योंकि विरोध के लिए विरोध की राजनीति हावी होती जा रही है। यह राजनीति भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं। संसद सही तरह तभी चल सकती है और विधेयकों के साथ राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विषयों पर आम सहमति तभी कायम हो सकती है, जब सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों एक-दूसरे को अपेक्षित महत्व देंगे। लोकतंत्र में असहमति के बीच सहमति कायम करनी होती है। आज जब सभी यह मान रहे हैं कि अतीत में संसद में कहीं अधिक सार्थक चर्चा होती थी, तब फिर इसके लिए सभी को सक्रिय क्यों नहीं होना चाहिए कि वह सुनहरा दौर संसद के नए भवन में भी देखने को मिले? निःसंदेह ऐसा तभी हो सकता है, जब राजनीतिक कटुता और नकारात्मक राजनीति का परित्याग किया जाएगा।

# भारत में मातृभाषाओं का संकट

ANALYSIS



प्रो. संजय द्विवेदी

भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है।

भाषा का संबंध इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से है। भारतीय भाषाओं में अंतर-संवाद की परंपरा बहुत पुरानी है और ऐसा सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। यह उस दौर में भी हो रहा था, जब वर्तमान समय में प्रचलित भाषाएं अपने बेहद मूल रूप में थीं। श्रीमद्भगवतगीता में समाहित श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया के कोने-कोने में केवल अनेक भाषाओं में हुए उसके अनुवाद की बदौलत ही पहुंचा। उन दिनों अंतर-संवाद की भाषा संस्कृत थी, तो अब यह जिम्मेदारी हिंदी की है। जब हमारे पास एक भाषा होती है, तब हमें अंदाजा नहीं होता, कि उसकी ताकत क्या होती है। लेकिन जब भाषा लुप्त हो जाती है और सदियों के बाद किसी के हाथ वो चीजें चढ़ जाती हैं, तो सबकी चिंता होती है कि आखिर इसमें है क्या? ये लिपि कौन सी है, भाषा कौन सी है, सामग्री क्या है, विषय क्या है? आज कहीं पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ मिलता है, तो सालों तक पुरातत्व विभाग उस खोज में लगा रहता है कि लिखा क्या गया है? आज भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को व्यापक रूप से प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है। आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं। अब जब अलग-अलग बोलियों और भाषाओं में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं, तो सूचना सशक्तिकरण बढ़ रहा है। अब विभिन्न दूतावासों के मीडिया प्रकोष्ठ और विदेशी एजेंसियां भी खबरों के लिए क्षेत्रीय एवं भाषाई मीडिया का लाभ ले रहे हैं। दूसरी तरफ हर अखबार अपने ईपेपर के जरिए दूरदराज के पाठकों तक पहुंच रहा है। हम सब जानते हैं कि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय अखबार विदेशी धरती पर भी उसी दिन पढ़े जा रहे हैं, जिस दिन वे प्रकाशित होते हैं। आप वर्ष 2040 की कल्पना कीजिए। तब तक हमारा भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका होगा। गरीबी, कुपोषण, पिछड़ापन काफी हद तक मिट चुके होंगे। देश के लगभग 60 प्रतिशत भाग का शहरीकरण हो चुका होगा। सारा देश डिजिटल जीवन पद्धति को अपना चुका होगा। अब आप सोचिए कि उस भारत के अधिकतर नागरिक अपने जीवन के सारे प्रमुख काम किस भाषा में कर रहे होंगे? पूरे देश में शिक्षा, प्रशासन, व्यापार, शोध, पत्रकारिता जैसे हर बड़े क्षेत्र में किस भाषा का उपयोग हो रहा होगा? वह देश भारत होगा या सिर्फ. इंडिया? उस इंडिया में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हमारी 22 बड़ी और 1600 से अधिक छोटी भाषाओं-बोलियों की स्थिति क्या होगी? वर्तमान में जिस तरह अंग्रेजी का चलन तेजी से बढ़ रहा है, क्या उसके बीच हिंदी या अन्य भारतीय भाषाओं को स्थान मिलेगा। यूनेस्को के पूर्व महानिदेशक कोचिरो मत्सूरा ने कहा था कि, एक भाषा की मृत्यु उसे बोलने वाले समुदाय की विरासत, परंपराओं और अभिव्यक्तियों का नष्ट हो जाना है। संसार में लगभग 6000 भाषाओं के होने का अनुमान है। भाषा शास्त्रियों की भविष्यवाणी है कि 21वीं सदी के अंत तक इनमें केवल 200 भाषाएं जीवित बचेंगी। इनमें भारत की सैकड़ों भाषाएं होंगी। यूनेस्को के अनुसार भारत की आदिवासी भाषाओं में से 196 भाषाएं अभी भी गंभीर संकटग्रस्त भाषाएं हैं। संकटग्रस्त भाषाओं की इस वैश्विक सूची में भारत सबसे ऊपर है। यूनेस्को का भाषा एटलस 6000 में से 2500 भाषाओं को संकटग्रस्त बताता है। भारत की अनुमानित 1957 में कम से कम 1416 लिपिहीन मातृभाषाएं हैं। ये सब इस वक्त संकट में हैं। यूनेस्को के कहने पर विश्व के श्रेष्ठ भाषाविदों ने किसी भी भाषा की जीवंतता और संकटग्रस्तता नापने के लिए 9 कसौटियां निर्धारित की हैं। इनमें पहली कसौटी है, एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी के बीच उस भाषा का अंतरण। दूसरी कसौटियों में प्रमुख हैं ज्ञान विज्ञान के आधुनिक क्षेत्रों में उस भाषा में काम हो रहा है या नहीं। वह भाषा नई तकनीक और आधुनिक माध्यमों को कितना अपना रही है? उस भाषा के विविध रूपों का दस्तावेजीकरण कितना और किस स्तर का है? उस समाज की महत्वपूर्ण संस्थाओं की उस भाषा के बारे में नीतियां और रुख कैसे हैं? इसमें अंतिम लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कसौटी हैङ्घउस भाषा समुदाय का अपनी भाषा के प्रति रुख क्या है, भाव क्या है? इनमें से किसी भी कसौटी पर किसी भी भारतीय भाषा को तोल लीजिए, तुरंत समझ में आ जाएगा कि भविष्य के संकेत संकट की और इशारा करते हैं या विकास की और। भारतीय चरित्र, इजराइली चरित्र जैसा नहीं है, जिसने 2000 साल से मृत पड़ी हिब्रू को आज वैज्ञानिक शोध, नवाचार और आधुनिक ज्ञान निर्माण की श्रेष्ठतम वैश्विक भाषाओं में एक बना दिया है। जिसके बल पर 40 लाख की जनसंख्या वाला इजरायल एक दर्जन से ज्यादा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार जीत चुका है। सारे इस्लामी देशों की शत्रुता के बावजूद अपनी पूरी अस्मिता, धमक और शक्ति के साथ अजेय बना विश्व पटल पर विराजमान है। भाषा मनुष्य की श्रेष्ठतम संपदा है। सारी मानवीय सभ्यताएं भाषा के माध्यम से ही विकसित हुई हैं। याद रखिए...आदिम समाज तो हो सकते हैं, लेकिन आदिम भाषाएं नहीं हो सकतीं। शहीद भगत सिंह ने 15 वर्ष की उम्र में ये लिखा था कि, ह्लपंजाब में पंजाबी भाषा के बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता।ह्व गांधी जी ने 1938 में ही स्पष्ट कहा था कि, ह्लक्षेत्रीय भाषाओं को उन का आधिकारिक स्थान देते हुए शिक्षा का माध्यम हर अवस्था में तुरंत बदला जाना चाहिए।ह्व महात्मा गांधी का ये भी मानना था कि अंग्रेजी भाषा के मोह से निजात पाना स्वाधीनता के सब से जरूरी उद्देश्यों में से एक है। भाषाओं का राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में योगदान होता है। शब्दों को हमने ब्रह्म माना है। महात्मा गांधी ने अंग्रेजी में ह्यहरिजनह्ण प्रकाशित किया, लेकिन उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने उसे गुजराती और हिंदी में भी स्थापित किया। भारतीय भाषाओं के बीच अंतर-संवाद को हमें अगर समझना है तो गुजराती में 70 पुस्तकों की रचना करने वाले फादर वॉलेस और गुजरात में कई विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की स्थापना करने वाले सयाजीराव गायकवाड़ के बारे में पढ़ना चाहिए। उत्तर-दक्षिण भारत की भाषाओं में व्यापक अंतर होने के बावजूद उनमें अंतर-संवाद और अनुवाद होता आया है। भारत एक छोटे यूरोप की तरह है। यहां विविध भाषाएं हैं और भाषा ही मेल-मिलाप कराती हैं। भाषाई विविधता और बहुभाषी समाज आज की आवश्यकता है और समस्त भाषाओं के लोगों ने ही विश्व में अपनी उपलब्धियों के पदचिन्ह छोड़े हैं। आज हम एक बहुभाषी दुनिया में रहते हैं। दुनियाभर में लोग बेहतर अवसरों की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान में प्रवास करते हैं। जहां उनकी भाषाएं और संस्कृति, नए क्षेत्र की भाषा और संस्कृति से एकदम अलग होती है।

**लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रोफेसर हैं।**

# सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव

भगवान गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के देवता की पूजा करते हैं। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयों के साथ मोदक चढ़ाई जाती है। जिसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है। इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया। महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों में अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे। 1894 से पहले लोग अपने अपने घरों में गणपति उत्सव मनाते थे, लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएंगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम में एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी, लेकिन किसी धार्मिक समारोह में उमड़ी भीड़ को नहीं। 20 अक्टूबर 1894 से 30 अक्टूबर 1894 तक पहली बार दस दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव मनाया गया। लोकमान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 में पुणे के शनिवारवाड़ा में 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे -धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरों अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, ठाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारों लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगों का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

## Social Media Corner

सच के हक में...



देशभर के मेरे परिवारजनों को गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं। विघ्नहर्ता-विनायक की उपासना से जुड़ा यह पावन उत्सव आप सभी के जीवन में सौभाग्य, सफलता और संपन्नता लेकर आए। गणपति बाप्पा मोरया!

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं! इस शुभ दिन भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव बहुत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। मेरी प्रार्थना है कि विघ्नहर्ता गणेश जी सभी बाधाओं को दूर करते रहें और हम सब मिलकर एक विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु निरंतर कार्यरत रहें। गणपति बप्पा मोरया!

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निमार्ता ओत् गुरु कोल लाको बोदरा जी की जयंती पर शत-शत नमन। झारखण्ड के समृद्ध समाज और संस्कृति का प्रतिबिंब हैं हमारी बोलियां, हमारी भाषाएं। इनके संरक्षण और संवर्धन का हरसंभव कार्य आपकी झारखण्डी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# लाहौर हाई कोर्ट की नाइंसाफी!

एकबार फिर पुष्टि हो गई कि ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की अवैध औलाद है पाकिस्तान। उसके संस्थापक मियां मोहम्मद अली जिन्ना तो गोरे शासकों की कठपुतली रहे। मकसद स्पष्ट था- अखंड भारत को विभाजित कर उसे कमजोर करना। वर्ना लाहौर हाई कोर्ट (16 सितंबर 2023) शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह को फांसी (23 मार्च 1931) वाले मुकदमे की ईमानदार सुनवाई, नए सबूतों के आधार पर पुनः शुरू कर सकती थी। कारण, भगत सिंह को हत्या के मनगढ़ंत जुर्म में सजा दी गई थी। सरदार भगत सिंह को लाहौर (अविभाजित पंजाब) जेल में रखा गया था। वहीं, अंधेरे में फांसी भी दी गई। पहले उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। फिर फांसी। साथ में राजगुरु और सुखदेव को भी शहीद कर दिया। भगत सिंह पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा थोपा गया था। याचिका में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष और याचिकाकर्ता वकील इम्तियाज राशिद कुरैशी ने कहा कि हत्या की प्राथमिकी (त्रक्षक्र) में भगत सिंह का नाम नहीं था। भगत सिंह के मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीशों ने गत सदी में मामले में 450 गवाहों को सुने बिना ही उन्हें मौत की सजा सुना दी थी। आजादी के आंदोलन के सिपाही भगत सिंह को पहले लंबे अरसे तक कारावास में रखा गया था। बाद में एक अन्य झूठे मामले में मौत की सजा सुनाई गई। लाहौर हाई कोर्ट ने गत शनिवार को लगभग एक दशक पहले दायर मामले को फिर से खोलने और उस याचिका पर सुनवाई के लिए एक वृहद पीठ के गठन पर आपत्ति जताई, जिसमें समीक्षा के सिद्धांतों का पालन करते हुए भगत सिंह की सजा को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। अधिवक्ता कुरैशी ने कहा कि वरिष्ठ वकीलों की एक समिति की यह याचिका एक दशक से हाई कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि ह्यन्यायमूर्ति शुजात अली खान ने 2013 में एक वृहद पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था, तब से यह स्थगित है। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने भगत सिंह की सजा के मामले को फिर से खोलने की मांग की थी। हालांकि लाहौर हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका बड़ी पीठ के गठन के लिए सुनवाई योग्य नहीं है। याचिकाकर्ता कुरैशी ने बताया कि वरिष्ठ वकीलों के एक पैनल, जिसका वह भी सदस्य है, उसने लाहौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। एक दशक से यह टाल रही है। साल 2013 में तत्कालीन जस्टिस शुजात अली खान ने एक बड़ी पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था। अब हाई कोर्ट ने बड़ी पीठ के गठन पर आपत्ति जता दी है। लाहौर हाई कोर्ट में कहा गया है कि भगत सिंह ने उपमहाद्वीप की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। भगत सिंह का उपमहाद्वीप में न केवल सिखों और हिंदुओं बल्कि मुसलमानों द्वारा भी सम्मान किया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का मामला है और इसे पूर्ण पीठ के समक्ष तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन पी. सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी में भगत सिंह का नाम ही नहीं था, जिसके लिए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। गवाहों को मौका दिये बिना ही भगत सिंह को मौत की सजा सुनाई गई थी। करीब एक दशक पहले अदालत के आदेश पर लाहौर पुलिस ने अनारकली थाने के रिकॉर्ड खंगाले थे। पुलिस अफसर सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी ढूंढने में कामयाबी हासिल की थी। उर्दू में लिखी यह प्राथमिकी 17 दिसंबर, 1928 को शाम साढ़े चार बजे दो ह्यअज्ञात बंदूकधारियोंह्ण के खिलाफ अनारकली पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह का मामला देख रहे विशेष न्यायाधीशों ने गवाहों को सुना ही नहीं था। मगर उन्हें मौत की सजा सुना दी।

# संसद का विशेष सत्र

संसद के विशेष सत्र को लेकर आयोजित सर्वदलीय बैठक में विभिन्न नेताओं और विपक्षी दलों की ओर से जैसी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई, उससे ऐसा लगता है कि यह विशेष अवसर पर भी हंगामे और व्यवधान से अछूता नहीं रहेगा। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह विशेष सत्र संविधान सभा से शुरू हुई 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए मुख्यतः बुलाया गया है। न केवल इस विषय पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, बल्कि इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए कि संसदीय कार्यवाही कैसे गरिमापूर्ण तरीके से चले, क्योंकि इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में कामकाज के तौर-तरीकों में गिरावट आई है। ऐसे अवसर दुर्लभ ही रहे हैं जब संसद में कोई सार्थक चर्चा हुई हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में भी विरोध के लिए विरोध की राजनीति अधिक देखने को मिलती है। विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से अधिक नारेबाजी करने, नारे लिखी हुई तख्तियां दिखाने में ज्यादा ऊर्जा खपाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तो ऐसा लगातार हो रहा है और इसके चलते कई सत्र ऐसे भी रहे जब कोई खास काम नहीं हो सका। यह नकारात्मक राजनीति का ही उदाहरण है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि विशेष सत्र में मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया जाएगा। सरकार ने संसद के पिछले सत्र में इस विषय पर चर्चा को लेकर कई बार सहमति जताई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से विपक्ष के सवालों के जवाब भी दे दिए गए थे तब विशेष सत्र में इस मुद्दे को उठाने का क्या मतलब है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष सत्र के प्रति कांग्रेस ने अब तक जैसा रुख प्रदर्शित किया है, उससे ऐसा लगता है कि उसने सरकार के प्रत्येक कदम का आंख बंदकर विरोध करने का निर्णय कर लिया है और वह इसे ही विपक्षी दल के रूप में अपनी भूमिका समझ रही है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# लंबी रेंज देने वाल स्कूटर है आईएमई रेपिड

## -कार से भी ज्यादा रेंज देता है ये ई-स्कूटर



**नई दिल्ली ।**

देश में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ज्यादातर इलेक्ट्रिक स्कूटर्स को डेली सिटी कम्यूट के लिए बनाया जाता है इसलिए इनकी रेंज कम होती है।इनमें से कुछ स्कूटर्स ऐसे भी हैं जो लंबी रेंज ऑफर करते हैं। ऐसा ही एक स्कूटर है आईएमई रेपिड । यह एक लॉन्ग रेंज इलेक्ट्रिक स्कूटर है जिसे कुछ वक्त पहले ही भारतीय बाजार में लॉन्च किया गया है। रेंज के मामले में यह स्कूटर बड़ी बड़ी इलेक्ट्रिक कारों को भी टक्कर दे सकता है।अब बात करते हैं इस स्कूटर की कीमत की। आईएमई रेपिड की शुरुआती कीमत 99,000 रुपये है जो 1.48 लाख रुपये तक जाती है। इस स्कूटर को सबसे पहले बैंगलोर में उपलब्ध कराया गया है। कंपनी इंडिया में फ्रेंचाइज ओन्ड कंपनी ऑपरेटेड मॉडल पर काम करने की प्लानिंग कर रही है। आने वाले वक्त में कंपनी अपनी उपस्थित कर्नाटक के आस-पास 15 से 20 शहरों में दर्ज कराएगी। जैसा कि हमने पहले आपको बताया कि यह स्कूटर रेंज के मामले में कार को भी टक्कर दे सकता है। कंपनी का दावा है कि सिंगल चार्ज में यह स्कूटर 300 किमी तक रेंज ऑफर कर सकता है। यह स्कूटर 3 रेंज विकल्पों में आता है। इसमें 100 किमी, 200 किमी और 300 किमी के विकल्प बायर्स को मिलते हैं। इस स्कूटर में 2000डब्ल्यू मोटर (2केडब्ल्यूएच मोटर) दिया गया है। रेंज के मामले में यह कई इलेक्ट्रिक कारों को भी टक्कर देता है जो 300 किमी से कम रेंज ऑफर करती हैं। इसकी रेंज अलग अलग वेरियंट्स पर निर्भर करती है। बता दें कि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार बहुत तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन, इसी बीच इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भी मार्केट में काफी तेजी से लोकप्रिय हुए हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के मार्केट की खास बात यह है कि इसमें न केवल बड़े ऑटोमोबाइल ब्रांड्स बल्कि कई स्टार्टअप भी सामने आ रहे हैं जो आधुनिक फीचर्स के साथ अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स मार्केट में उतार रहे हैं।

# टोयोटा वियॉस को क्रैश टेस्ट में मिले 5 स्टार

## - तगड़े सेफ्टी फीचर्स हैं लोडेड

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में टोयोटा वियॉस कार ने एशियन एनकैप क्रैश टेस्ट में हिस्सा लिया। इस कार ने क्रेश टेस्ट में 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल की। इस क्रैश टेस्ट में कार की अडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी, चाइल्ड ऑक्युपेंट सेफ्टी, सेफ्टी असिस्ट सिस्टम और मोटरसाइकल सेफ्टी टेस्ट की गई।2023 टोयोटा वीयोस को इंडिया में सेल नहीं किया जाता है। यह कंपनी का मलेशिया बेस्ड मॉडल है जिसे इंडोनेशिया, लाओस और कंबोडिया में भी सेल किया जाता है। टेस्ट किए गए मॉडल को ट्रिम लेवल जी के तहत सेल किया जाता है। यह कार 1.5 लीटर इंजन से लैस है। कार में 6 एयरबैग्स दिए गए हैं और कर्ब वेट 1035 किग्रा है। कई मार्केट्स में टोयोटा वीयोस और यारिस को हैचबैक और सेडान के तौर पर भी सेल करती है। इस कार को एशियन एनकैप के 2021-2025 प्रोटोकॉल के तहत टेस्ट किया गया था। कार में इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम और सीटबेल्ट रिमाइंडर सिस्टम दिया गया है। सीटबेल्ट रिमाइंडर आगे और पीछे दोनों सीट्स के पैसेंजर्स के लिए दिया गया है। इसके अलावा इस कार में कई पैडेस्ट्रियन यानी पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए कई फीचर्स दिए गए हैं। इस कार में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए सेफ्टी असिस्ट टेक्नोलॉजी दी गई है। इन्हें स्टैंडर्स और ऑप्शनल दोनों ही तरीके से ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। इस सिस्टम में ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग, लेन डिपार्चर वॉर्निंग, फॉरवर्ड कोलिजन वॉर्निंग, लेन कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्शन और ऑटो हाइ बीम जैसे फीचर्स शामिल हैं। बता दें कि कारों की सेफ्टी को लेकर दुनिया भर में ग्राहक और ऑटोमोबाइल ब्रांड्स पहले की अपेक्षा काफी सजग हुए हैं। कंपनियां लगातार अपने नए प्रोडक्ट्स को दुनिया के अलग अलग हिस्सों में टेस्टिंग के लिए भेजते हैं जहां इन्हें क्रैश टेस्ट किया जाता है।

# 14 महीने की वेटिंग पीरियड चल रही टोयोटा वेलफायर के लिए

## -इस कार में मिलता है लग्जरी होटल जैसा आराम

**नईदिल्ली ।**

कंपनियां लग्जरी गाड़ियों को आर्डर के आधार पर बनाती हैं। लग्जरी गाड़ियों को बहुत कम लोग खरीदते है इसलिए इन्हें सीमित संख्या में बनाया जाता है। हालांकि, ज्यादा बुकिंग होने पर इनकी भी मांग बढ़ जाती है और इसके अनुसार ही वेटिंग पीरियड भी बढ़ने लगता है।

फिलहाल टोयोटा वेलफायर को कंपनी भारत से इम्पोर्ट कर रही है, इसलिए इसपर लंबा वेटिंग पीरियड दिया जा रहा है। भारत में टोयोटा वेलफायर की कीमत 1.20 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। यह लग्जरी एमपीवी वीआईपी ग्रेड और हाई ग्रेड में आती है। इसे तीन बाहरी रंग विकल्प में पेश किया जाता है। सितंबर में नई एमपीवी खरीदने वालों को डिलीवरी के लिए 14 महीने का वेटिंग पीरियड दिया जा रहा है। बता दें कि डीलरशिप, स्थान और वेरिएंट के अनुसार वेटिंग पीरियड अलग-अलग हो सकता है। टोयोटा वेलफायर को टीएनजीए-के प्लेटफॉर्म पर तैयार किया गया है।

इसमें 2.5 लीटर का सिंगल हाइब्रिड-पेट्रोल इंजन लगाया गया है जो ई-सीवीटी गियरबॉक्स से लैस है। यह इंजन 193 बीएचपी की अधिकतम पॉवर और 240 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। कंपनी ने हाल ही में इसके अपडेटेड मॉडल को लॉन्च किया है। अगर फीचर्स की बात करें तो, इसमें लाइटिंग पूरी तरह एलईडी में दी गई है। इसके साथ ही इसमें 6 स्लॉट फ्रंट ग्रिल, अपडेटेड फ्रंट और रियर बंपर और नए डिजाइन के अलॉय व्हील्स भी शामिल हैं। कार के केबिन में 14 इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, मेमोरी फंक्शन के साथ 8-वे पावर्ड ड्राइवर सीट, सेकंड सीट लाइन के लिए मसाज फंक्शन के साथ कैप्टन सीट्स, पावर्ड सन ब्लाइंड्स, हेड्स अप डिस्प्ले, जेबीएल साउंड सिस्टम और सनरूफ के साथ 60 से ज्यादा फीचर्स मिलते हैं। अगर सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें 6 स्टैंडर्ड एयरबैग्स, व्हीकल स्टेबिलिटी कंट्रोल, ऑल व्हील डिस्क ब्रेक, लेन कीप असिस्ट और अडाप्टिव क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स मिलते हैं। भारतीय बाजार में टोयोटा वेलफायर का सीधे तौर पर किसी से मुकाबला नहीं है। हालांकि ये 2024 में आने वाली नई मर्सिडीज-बेंज वी क्लास को टक्कर दे सकती है। मालूम हो कि भारत में बजट और प्रीमियम कारों के साथ लग्जरी कारों की भी मांग बढ़ती जा रही है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

## - कच्चे तेल के दाम में जोरदार तेजी, 94 डॉलर के पार



**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल ने अब 94 डॉलर प्रति बैरल का आंकड़ा पार कर लिया है। मंगलवार 19 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 94.72 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 92.39 डॉलर प्रति बैरल है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के आधार पर ऑयल मार्केटिंग कंपनियां रोज पेट्रोल और डीजल के दाम तय करती हैं। हालांकि भारतीय तेल कंपनियों ने 19 सितंबर को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत देश के विभिन्न शहरों में वाहन ईंधन के भाव जस के तस हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर है।

# चीन में अमेरिकी कंपनियों ने कहा- अमेरिका से तनाव कारोबार के लिए बड़ी बाधा: सर्वेक्षण

## - सर्वेक्षण में 10 में से नौ अमे रिकी कंपनियों ने बढ़ती लागत को भी एक बड़ी चुनौती बताया

**बीजिंग ।**

चीन में काम करने वाली अमेरिकी कंपनियां प्रौद्योगिकी, कारोबार तथा अन्य मामलों पर अमेरिका के साथ तनाव को अपने कारोबार के लिए एक बड़ी बाधा के रूप में देखती हैं। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। शंघाई में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक सर्वेक्षण के अनुसार निवेश के लिए विदेशी गंतव्य के तौर पर चीन की साख में निरंतर गिरावट आ रही है। हालांकि सर्वेक्षण में शामिल 325 कंपनियों में से दो-तिहाई ने कहा कि उनकी चीन को लेकर रणनीति को बदलने की तत्काल कोई योजना नहीं है। सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक से अधिक कंपनियों ने कहा कि वे इस साल चीन में अपना निवेश कम कर रही हैं, जिसकी मुख्य वजह अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों में अनिश्चितता और चीन में धीमी वृद्धि का अनुमान है। कुल मिलाकर सर्वेक्षण से पता चला कि पिछले साल की तुलना में धारणा और अधिक खराब हुई है। तब चीन की कोविड-19 वैश्विक महामारी को लेकर चीन की कड़ी नीतियों का असर इन कंपनियों पर पड़ा था। सर्वेक्षण में सामने आया कि इस तरह के व्यवधान प्रमुख वजह थे, जिनका हवाला कंपनियों ने चीन के बाहर अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए दिया।

सर्वेक्षण में शामिल 52 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे चीन में अपने पांच साल के व्यापार दृष्टिकोण को लेकर आशावादी हैं। शंघाई में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा 1999 में वार्षिक सर्वेक्षण शुरू करने के बाद से यह आंकड़ा अभी तक के सबसे निचले स्तर पर है। करीब 10 में से नौ कंपनियों ने बढ़ती लागत को भी एक बड़ी चुनौती बताया।




# आयकर रिटर्न भरने की तारीख अब 30 नवंबर

**नई दिल्ली ।** सरकार ने कंपनियों के लिए आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी है। इसके अलावा ऐसी कंपनियां जिन्हें अपने खातों को ऑडिट कराने की जरूरत होती है, के लिए ऑडिट रिपोर्ट जमा कराने की अंतिम तिथि को भी एक महीने बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा` कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए फॉर्म आईटीआर-7 में आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई है।



# नवीन जिंदल 1 अक्टूबर से जेएसपी के गैर-कार्यकारी निदेशक

**नई दिल्ली ।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने कहा कि उसके चेयरमैन नवीन जिंदल एक अक्टूबर से गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नया दायित्व संभालेंगे। इस्पात उत्पादक कंपनी ने बीएसई को इस संबंध में जानकारी दी। चेयरमैन के रूप में जिंदल का कार्यकारी निदेशक का मौजूदा कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म होने वाला है। जेएसपी ने कहा` कि नवीन जिंदल को एक अक्टूबर, 2023 से गैर-कार्यकारी चेयरमैन के रूप में निदेशक मंडल का हिस्सा बने रहने के लिए चुना गया है। इसलिए जिंदल को एक अक्टूबर से निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में जिंदल कंपनी से कोई वेतन नहीं लेंगे। वह सिर्फ निदेशक मंडल और इसकी समितियों की बैठकों में शामिल होने का शुल्क एवं क्षतिपूर्ति लेंगे।

# वोडाफोन आइडिया ने उसके अधिग्रहण की चर्चा से किया इनकार

**नई दिल्ली ।** वोडाफोन आइडिया ने वेरिजॉन, अमेज़ॅन या स्टारलिंक द्वारा अधिग्रहण पर चर्चा की खबरों से इनकार किया है। वोडाफोन आइडिया ने एक नियामक फाइलिंग में उन रिपोर्टों का खंडन किया कि इसे इन कंपनियों द्वारा अधिग्रहित किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि हम यह कहना चाहते हैं कि उक्त समाचार गलत है। कंपनी किसी भी नामित पक्ष के साथ ऐसी किसी चर्चा में नहीं है। स्पष्टीकरण के बाद वोडाफोन आइडिया के शेयरों की कीमत लगभग छह प्रतिशत गिर गई। एक नियामक फाइलिंग में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि भुगतान 15 जून 2022 के आवेदन आमंत्रण नोटिस की शर्तों के अनुसार है। एक पुरानी फाइलिंग में वोडाफोन आइडिया ने 14 अगस्त को कहा था कि कंपनी को एक प्रमोटर समूह इकाई से आश वासन प्राप्त हुआ है कि कंपनी द्वारा अपने आसन्न भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए फंड की किसी भी आवश्यकता की स्थिति में, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दो हजार करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।




# भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है: आरबीआई

## - सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई है

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्थव्यवस्था की स्थिति रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि घरेलू मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन से भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है और आपूर्ति में भी सुधार हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य मुद्रास्फीति अगस्त में थोड़ी गिर गई है जबकि जुलाई में यह काफी ऊपर पहुंच गई थी। सितंबर में भी खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आ सकती है। सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई है। अभी सब्जियों के दाम वाजिब स्तर पर नहीं आए हैं, इसलिए अगले कुछ हफ्तों में महंगाई दर और नीचे आ सकती है। अगस्त में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति कम होकर 6.8 फीसदी रही थी, जो जुलाई में 7.4 फीसदी थी। हालांकि अब भी यह आरबीआई के 2 से 6 फीसदी के सहज दायरे से ऊपर बनी हुई है। अनुकूल आधार प्रभाव के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई जुलाई के 10.6 फीसदी से अगस्त में घटकर 9.2 फीसदी रह गई। सब्जियों की महंगाई में तेजी से कमी आई है, लेकिन अब भी यह काफी ज्यादा है। मौद्रिक नीति के उपायों की वजह से मुद्रास्फीति में स्थिरता दिख रही है, जो वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों की महंगाई कम होने का संकेत देता है। आर्थिक वृद्धि का जिक्र करते हुए आरबीआई की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक प्रगति के लिए 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत की जी20 अध्यक्षता और इससे मिले नतीजे तब अहम हो जाते हैं, जब तमाम क्षेत्रों में वृहद-आर्थिक स्थितियों में द्वंद्व के कारण वैश्विक आर्थिक गतिविधियां अपनी रफ्तार गंवाती जा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कमजोर वैश्विक संभावनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था निजी खपत और मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के साथ स्थिर निवेश जैसे घरेलू कारणों से मजबूत हो रही है। घरेलू मांग के समर्थन से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में लाभ हुआ है। पिछले कुछ सप्ताह के दौरान परिधान व लाइफस्टाइल के खुदरा कारोबारियों और शॉपिंग मॉल की बिक्री में तेज रिकवरी हुई है। इसकी वजह से शेष त्योहारी सीजन में भी मांग में तेजी रहने की उम्मीद बनी है, जो रक्षा बंधन और ओणम के साथ शुरू हुआ है और लोगों का विवेकाधीन खुदरा व्यय बढ़ा है। इलेक्ट्रॉनिक्स व वाहन दूसरा क्षेत्र हो सकता है, जिसमें त्योहार के दौरान खर्च बढ़ेगा। यह भी संकेत हैं कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) भी एक साल के दबाव के बाद धनात्मक क्षेत्र में वापसी कर रहा है। एक प्रमुख संकेतक महंगाई दर है, जिसमें सितंबर महीने में तेज गिरावट की संभावना है। इससे उम्मीद बन रही है। आगे की स्थिति देखें तो भारत का उपभोक्ता बाजार 2027 तक विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाने की उम्मीद है, जिसमें परिवारों का प्रति व्यक्ति खर्च एशिया की अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आगे बढ़ जाएगा।




# मुंबई एयर पोर्ट पर अगस्त में यात्री बढ़कर 42 लाख हुए



**मुंबई ।**

मुंबई हवाई अड्डा पर अगस्त में यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 42 लाख हो गई है। कोविड-पूर्व के समय अगस्त, 2019 से तुलना की जाए तो यात्रियों की संख्या में अगस्त में 108 प्रतिशत वृद्धि हुई है। हवाई अड्डा परिचालक ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर अगस्त, 2023 में लगभग 43.2 लाख यात्रियों का आवागमन हुआ, जो अगस्त, 2022 के 32 लाख यात्रियों से 32 प्रतिशत ज्यादा है। उसने कहा कि सिर्फ अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या ही 33 प्रतिशत वृद्धि के साथ 11 लाख से ज्यादा रही, जबकि पिछले साल अगस्त में यह 8.4 लाख थी।

# सिग्नेचर ग्लोबल ने एंकर निवेशकों से 318.5 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली ।** रियल स्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने नोमुरा सहित एंकर निवेशकों से 318.5 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलेगा। सिग्नेचर ग्लोबल ने शेयर बाजार को बताया कि सार्वजनिक निर्गम में एंकर निवेशकों (एआई) हिस्से के तहत 82,72,700 इक्विटी शेयर को अभिदान मिला। नोमुरा ट्रस्ट एंड बैंकिंग कंपनी लिमिटेड ने सबसे अधिक 18,70,094 शेयर खरीदे। कंपनी ने अपने 730 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 366-385 रुपए का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 20 सितंबर को खुलेगा और 22 सितंबर को बंद होगा। आईपीओ में 603 करोड़ रुपए नए शेयर और बिक्री पेशकश के तहत अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम के 127 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयर शामिल हैं।

# अग्रिम कर संग्रह 20 फीसदी बढ़कर 3.55 लाख करोड़ रहा

## - पिछले साल सरकार को 2.94 लाख करोड़ रुपए का अग्रिम कर मिला था

**नई दिल्ली ।**

चालू वित्त वर्ष में सितंबर मध्य तक कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत अग्रिम कर संग्रह 20.73 फीसदी बढ़कर 3.55 लाख करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की इसी अवधि में सरकार को 2.94 लाख करोड़ रुपए का अग्रिम कर मिला था। माना जा रहा है कि प्रत्यक्ष कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी की वजह दूसरी तिमाही में कंपनियों के मुनाफे में सुधार, कर अनुपालन और विभिन्न प्रवर्तन कार्रवाई रहीं। कर संग्रह में मजबूत वृद्धि से सरकार को अपनी व्यय योजनाओं को मदद देने में सहूलियत होगी और राजकोषीय घाटे को कम करने की भी गुंजाइश रहेगी। चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 16 सितंबर तक कुल अग्रिम कर भुगतान में भारतीय उद्योग जगत ने 2.80 लाख करोड़ रुपए तथा व्यक्तिगत करदाताओं ने 74,858 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इस दौरान कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह में 23.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 8.65 लाख करोड़ रुपए रहा। इसमें कॉर्पोरेट कर की हिस्सेदारी 4.16 लाख करोड़ रुपए और प्रतिभूति लेनदेन कर सहित व्यक्तिगत आयकर का हिस्सा 4.47 लाख करोड़ रुपए रहा। कर संग्रह में इजाफा पूरे वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 10 फीसदी की वृद्धि से कहीं ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि सरकार प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लेगी। केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए 18.23 लाख करोड़ रुपए प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य रखा है। इसमें 9.2 लाख करोड़ रुपए कॉर्पोरेट कर से और 9 लाख करोड़ रुपए व्यक्तिगत आयकर से जुटाए जाने की उम्मीद है। अप्रैल-जुलाई के दौरान कॉर्पोरेट कर संग्रह की प्राप्तियों में गिरावट को देखते हुए पहले प्रत्यक्ष कर संग्रह की रफ्तार को लेकर चिंता जताई जा रही थी। 17 जून तक अग्रिम कर संग्रह 13.7 फीसदी बढ़कर 1.16 लाख करोड़ रुपए रहा था जबकि शुद्ध कर संग्रह 3.79 लाख करोड़ रुपए रहा था। अग्रिम कर का भुगतान पूरे वित्त वर्ष के दौरान अनुमानित आय के आधार पर चार किस्तों में किया जाता है। अग्रिम कर संग्रह को अर्थव्यवस्था का आईना भी माना जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अंतरिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 16 सितंबर तक अग्रिम कर संग्रह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 23.5 फीसदी बढ़ा है। इस दौरान सरकार ने 1.21 लाख करोड़ रुपए का रिफंड भी जारी किया है। कुल अग्रिम कर संग्रह में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) 5.19 लाख करोड़ रुपए, स्व-आकलन कर 82,460 करोड़ रुपए, नियमित आकलन कर 21,175 करोड़ रुपए, अन्य मदों में 8,248 करोड़ रुपए की प्राप्तियां हुई हैं।

# एनबीएफसी का बैंक कर्ज जुलाई में बढ़कर 13.8 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।**

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंकों का कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 23.6 प्रतिशत बढ़कर 13.8 लाख करोड़ रुपए हो गया। एक रेटिंग एजेंसी ने रिजर्व बैंक के मासिक आंकड़ों का विश्लेषण कर बताया कि इससे समीक्षाधीन महीने के दौरान उनकी कुल हिस्सेदारी 9.3 प्रतिशत हो गई है। एक एजेंसी के पत्र के अनुसार वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीतियों को कड़ा करने के बाद बढ़ी हुई वैश्विक ब्याज दरों के कारण इस महीने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कम उधारी देखी गई। वित्त वर्ष 2011-12 की दूसरी छमाही में एनबीएफसी को बैंक ऋण में लगातार बढ़ोतरी का रुझान रहा है, जो कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था के चरणबद्ध तरीके से फिर से खुलने के साथ मेल खाता है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान और वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में वृद्धि और तेज हो गई। हालांकि मासिक आधार पर एनबीएफसी के कुल कर्ज में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण एक जुलाई से एचडीएफसी का एचडीएफसी बैंक के साथ विलय है।



# जॉब के लिए इन चीजों की कुर्बानी कभी न दें

हम आठ से दस घंटे जॉब करते हैं और वह भी अपना पूरा सौ प्रतिशत देकर। आप भले ही अपने जॉब से कितना भी प्यार क्यों न करते हों लेकिन आपको अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सीमा बनाकर रखने की जरूरत होती है। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा काम, हमारा स्वास्थ्य, हमारा निजी जिंदगी प्रभावित होगी। आइए जानते हैं कि ऐसी कौन सी 5 चीजें हैं जिसे आपको अपने जॉब के लिए कभी कुर्बान नहीं करना चाहिए।

## आपका स्वास्थ्य

यह बहुत ही मुश्किल होता है कि काम के समय आप अपने स्वास्थ्य के लिए सीमा तैयार कर ले क्योंकि आपको इसके दुष्प्रभाव का अंदाज ही नहीं होता। आप तनाव का स्वागत करते हैं, नींद खो देते हैं और बिना व्यायाम के लंबे समय पर बैठकर काम करते हैं। जब तब आपको इस बारे में पता चलेगा आपकी हालत खराब हो चुकी होगी। इसलिए इस बात को सुनिश्चित कर लें कि आपकी जॉब के कारण आपके हेल्थ पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है। कोई भी जॉब ऐसी नहीं है जिसकी कीमत आपके स्वास्थ्य से बढ़कर हो।

## आपका परिवार

यह बहुत ही आसान होता है कि आपका परिवार आपके जॉब के कारण प्रभावित हो रहा हो। हममें से कई लोग यह करते हैं क्योंकि हम हमारी नौकरी को हमारे परिवार का चलाने का साधन मानते हैं। आप यह सोचते हैं कि बच्चों को अच्छे कॉलेज–स्कूल में पढ़ाना है तो मुझे ज्यादा पैसा कमाना होगा। बस फिर क्या आप परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम भी नहीं बिता पाते। आप ऐसी कई मेमोरिज मिस कर देते हैं जो आपके परिवार को खुशियां देती है।

## आपका विवेक

वह जॉब जो आपके विवेक का एक छोटा सा हिस्सा भी ले ले तो यह आपके लिए अच्छा नहीं है। आपका विवेक कुछ ऐसा है कि इसे आपको ही मॉनिटर करना होगा और खुद को हेल्दी रखने के लिए सीमाएं तय करनी होगी।

## आपकी पहचान

जब आपका काम आपकी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है तो यह खतरनाक साबित हो सकता है कि आपकी पूरी पहचान केवल आपका काम ही हो। अपनी पहचान के बाहर का काम कर के आपको सुखद एहसास होगा। यह आपके तनाव दूर करने में मदद करेगा और एक व्यक्ति के रूप में विकास करने में मददगार साबित होगा।

## आपके संपर्क

आपके संपर्क आपकी मेहनत और प्रयास का उत्पाद है। किसी भी जॉब की खातिर आप अपने अच्छे संपर्क सूत्रों से मुंह नहीं मोड़ सकते हैं।

# वर्कप्लेस क्राइसेस से इन तरीकों से डील करें

**ऐसे समय के दौरान जिम्मेदारी संगठनात्मक नेतृत्व की होती है कि आगे की योजना तैयार करे और कर्मचारियों को आश्वस्त करें।**

वर्कप्लेस पर क्राइसेस अनेक रूप ले सकता है। यह प्रतिष्ठा को लेकर या मुकदमेबाजी का मुद्दा हो सकता है या फिर प्राकृतिक आपदा। यह भी हो सकता है कि रिवेन्यू में कमी होने से कॉस्ट कटिंग और डाउनसाइजिंग का दौर चले। ऐसे समय के दौरान जिम्मेदारी संगठनात्मक नेतृत्व की होती है कि आगे की योजना तैयार करे और कर्मचारियों को आश्वस्त करें।

## पारदर्शिता

आतंरिक या बाह्य किसी भी तरह के क्राइसेस में कर्मचारियों को चिंता होती है कि वह किस तरह से प्रभावित होंगे। उनके साथ स्पष्ट रूप से संवाद किया जाए और बड़ी खबरें न छुपाई जाए। क्राइसेस को लेकर पारदर्शी रहे और सावधानी से काम करें।

## विश्वास रखें

एक लीडर के रूप में आपसे उम्मीद की जाती है कि वर्कप्लेस क्राइसेस से निपटने के लिए आप कॉन्फिडेंट रहें। जहां भी आवश्यक हैं, वहां हस्तक्षेप करें और समाधान के लिए हटकर सोचने से डरे नहीं।

## ईमानदार रहें

व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों से मिलें और उन्हें निश्चिंत करें कि इस संकट आप उनका ध्यान रखेंगे। ईमानदारी से स्थिति बयां करते हुए जरूरी एक्शंस को लेकर उनसे बात करें।

## मदद मांगने में न हिचकें

अपने कर्मचारियों के पास जाएं और उनसे सलाह मांगे। ऐसा करना आपकी लीडरशिप पर सवाल नहीं है बल्कि यह एक अच्छा तरीका है जिसमें क्राइसेस के समय कर्मचारियों को अपना योगदान देने में गर्व ही महसूस होगा।






**इन दिनों युवाओं में ज्योतिष की पढ़ाई को लेकर भी खूब क्रेज है। बाजार में ज्योतिषियों की बढ़ती मांग को देखते हुए युवाओं को इसमें भविष्य संवारने का सुनहरा मौका दिया है। ज्योतिष कोर्स को लेकर युवाओं के बढ़ते रुझान को देखते हुए यह एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। पिछले कुछ सालों में इस फील्ड में काफी स्कोप बढ़ा है। यही नहीं ज्योतिष के साथ पूजा-पाठ में करियर का व्यापक प्रचार-प्रसार हो रहा है। जहां लोग अपना भविष्य जानना चाहते हैं, वहीं ग्रह-नक्षत्र को शांत करने के लिए धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं।**

# इस तरह बना सकते हैं ग्रह, नक्षत्रों में करियर

कुंडली मिलान से लेकर, मांगलिक कार्य, शादी ब्याह, पंचाग, राशिफल, अंकविज्ञान, कर्मकांड आदि भी इसी दायरे में आते हैं। ज्योतिष, पूजा–पाठ के कई तरह के कोर्स उपलब्ध है। 12 वीं करने के बाद भी आप इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। स्नातक ऑनर्स या शास्त्री की डिग्री तीन साल की होती है। दो साल का पीजी कोर्स या आचार्य की डिग्री हासिल की जा सकती है। आप पीएचडी भी कर सकते हैं।

ज्योतिष अलंकार कोर्स के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। इसके बाद आप ज्योतिषाचार्य का कोर्स कर सकते हैं। ज्योतिष और अध्यात्म के साथ–साथ पूजा–पाठ में करियर का व्यापक प्रचार–प्रसार हो रहा है। जहां लोग अपना भविष्य जानना चाहते हैं, वहीं ग्रह–नक्षत्र को शांत करने के लिए भी धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं। अधिकतर संस्थानों और विश्वविद्यालयों में संस्कृत के साथ ही ज्योतिष विज्ञान, कर्मकांड, धर्मशास्त्र, व्याकरण, वेद, पुरोहित आदि की पढ़ाई होती है। वेद, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, वैदिक दर्शन, जैन–बुध्द दर्शन, धर्मशास्त्र मीमांसा, धर्मागम आदि का अध्ययन संस्कृत विषय के तहत ही किया जाता है। हालांकि कई संस्थानों में ज्योतिष प्रज्ञ में सर्टिफिकेट कोर्स तो ज्योतिष भूषण में डिप्लोमा कोर्स भी आयोजित कर रहे हैं।

## संभावनाएं


ज्योतिष में करियर बनाने के इच्छुक लोगों को रत्न, पत्थर, ग्रह–नक्षत्र के साथ भारतीय लोगों के दृष्टिकोण को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। इस क्षेत्र में कभी भी मंदी नहीं आती क्योंकि अधिकतर भारतीय पारंपरिक हैं और ज्योतिष पर विश्वास करते हैं। कोई भी व्यक्ति अखबार, न्यूज चैनलों के अलावा पत्रिकाओं में भविष्यवक्ता भी बन सकता है।

## स्किल्स

इस फील्ड में आप तभी सफल हो सकते हैं जब आप में लगातार कुछ न कुछ सीखने के गुण हों। आपका व्यक्तित्व आकषर्क हो, आप लोगों के साथ दोस्ताना रवैया रख सकें। केवल पैसा कमाना ही आपका मकसद न होकर दूसरों की सहायता करना भी होना चाहिए। ईमानदारी इस पेशे में काफी अहमियत रखती है। साथ ही, जिम्मेदारी की भावना भी आप में कूट–कूट कर भरी होनी चाहिए। लोगों को अपनी बातों से कंविंस करना इस फील्ड की मुख्य चुनौती है। आप अपनी बात हर समय तर्कयुक्त ढंग से रखें जिससे सामने वाला आपकी बातों पर हामी भरे। ज्योतिष सीखना और भविष्यवाणी करना आसान काम नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। नकारात्मक बातों की भविष्यवाणी करने से पहले आपको इस बात का ख्याल रखना होता है कि ग्राहक कहीं बेहद निराश में न डूब जाए।

## कोर्सेस

बीएससी इन एस्ट्रोलॉजी, एमएससी इन एस्ट्रोलॉजी, सर्टिफिकेट कोर्स इन एस्ट्रोलॉजी, डिप्लोमा कोर्स इन भारतीय ज्योतिष, बीएम/एमए/पीएचडी इन एस्ट्रोलॉजी, एमए इन संस्कृत रिसर्च इन एस्ट्रोलॉजी, कोर्स इन वेदांग ज्योतिष, टू ईयर ग्रेडेट कोर्स इन वैदिक एस्ट्रोलॉजी, एम इन एस्ट्रोलॉजी (पत्राचार), बीए (संस्कृत), ज्योतिष एमए (आचार्य), ज्योतिष बीए (संस्कृत), ज्योतिष फलित, ज्योतिष बीए (ज्योतिष), एमए (फलित ज्योतिष), एमए (सिध्दांत ज्योतिष), बीए शास्त्री (सिध्दांत ज्योतिष), बीए (फलित ज्योतिष), ज्योतिष डिप्लोमा कोर्स, ज्योतिष डिप्लोमा पुरोहित सर्टिफिकेट ट्रेनिंग कोर्स इन पुरोहित, पीजी डिप्लोमा इन वास्तुशास्त्र रिफ्रेशर कोर्स इन ज्योतिष (ज्योतिष प्रज्ञ और ज्योतिष भूषण), ज्योतिष प्रवीण बेसिक एस्ट्रोलॉजी कोर्स (एक साल)।



# इन तरीकों से दूर कर सकते हैं अपनी कमजोरियां

कई बार हम बिना सोचे–समझे दूसरों की आलोचना कर देते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हम यह नहीं सोचते कि इसका परिणाम क्या होगा। दूसरों की आलोचना पर ध्यान देने या उनकी कमियां निकालने में समय गंवाने के बजाय हमें खुद को सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अपने आप को कमजोर या हीन समझने के बजाय यह देखें कि आखिर वह कौन–सी खासियत है, जो आपके भीतर है, जिसे आगे बढ़ाकर आप कामयाबी के शिखर की तरफ बढ़ सकते हैं। कभी भी यह न सोचें कि आपके भीतर कोई हुनर नहीं है। अगर आपको लगता है कि वाकई कोई अच्छाई आपमें नहीं है, तो किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जरा ठहरें। कुछ दिन पूरी एकाग्रता के साथ आत्म–मंथन करें। अपनी रुचियों, आदतों, व्यवहार, बातचीत, प्रतिक्रिया आदि पर ध्यान दें। आपको जरूर पता चल जाएगा कि आप में कौन–सी अच्छाई है। अगर फिर भी समझ में नहीं आता, तो घर के किसी समझदार सदस्य, अध्यापक या फिर काउंसलर की मदद से खुद की ताकत को जानें–समझें। इससे आपको अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

## घबराएं न हार से

अगर आप कभी किसी परीक्षा या टेस्ट में फेल हो जाते हैं, किसी टीम का हिस्सा होते हुए भी बेहतर परफॉर्म नहीं कर पाते या फिर किसी वजह से शर्मिंदा होना पड़ता है, तो ऐसी स्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। हताश बिल्कुल न हों। खुद को संयत रखें। फिर यह सोचें कि आखिर आप असफल क्यों हुए? आपसे कहां चूक हो गई? आपने गलती कहां की? अपनी हार या असफलता में छिपे कारणों को ढूंढें। जब तक आप उन कारणों को ढूंढकर उन्हें दूर करने का प्रयत्न नहीं करेंगे, कामयाबी आपसे दूर ही रहेगी। अगर आप खुद को विजेता के रूप में देखता चाहते हैं, तो अपनी कमियों–कमजोरियों को ढूंढकर उन्हें यथाशीघ्र दूर करें। याद रखें, दुनिया में ऐसे बहुत कम कामयाब लोग होंगे, जिन्होंने कभी असफलता का स्वाद नहीं चखा होगा। कामयाबी के शिखर पर पहुंच चुके तमाम लोगों को अपने प्रयासों में कई बार हार मिली। चाहे बल्ब के आविष्कारक थॉमस एडिसन हों या फिर नए संसार की खोज में निकले कोलंबस और वास्को–डि–गामा जैसे लोग। बार–बार की असफलता के बावजूद ऐसे उत्साही लोगों ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा। आखिर एक दिन ऐसा आ ही गया, जब उन्हें कामयाबी मिली और दुनिया भर ने उनका लोहा माना। अगर आप भी किसी परीक्षा या प्रतियोगिता में असफल हो जाते हैं, तो इसे जिंदगी का आखिरी इम्तेहान समझने के बजाय इस बात पर विचार करें कि आखिर किन कमियों के कारण आपको सफलता नहीं मिल सकी। इन कमियों को दूर कर फिर दोगुने उत्साह के साथ प्रयास करें।

## आत्ममुग्धता से बचें

अक्सर यह भी देखने में आता है कि छोटी–छोटी सफलताएं पाकर हम आत्ममुग्ध हो जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए किए जाने वाले हमारे प्रयास शिथिल पड़ने लगते हैं। कई बार हम खुद को बेहद काबिल मानकर यह सोच लेते हैं कि हमें सफलता तो मिल ही जाएगी। मगर जब ऐसा नहीं होता और असफलता हाथ लगती है, तो हमें शॉक लगता है। तब हमें एहसास होता है कि काश दूसरों की तारीफों के कारण हम आत्ममुग्धता के शिकार न हुए होते।

## सकारात्मकता का साथ

आप चाहे पढ़ाई कर रहे हों या नौकरी, अपनी सोच को हर समय सकारात्मक बनाए रखें। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हों, संघर्ष चाहे जितना करना पड़े, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे, तो इसके अच्छे परिणाम भी जरूर दिखेंगे। किसी के बारे में बुरा सोचने या उसकी निंदा करने के बजाय अच्छा सोचें, अच्छा करें। दूसरे क्या कर रहे हैं या क्या नहीं कर रहे हैं, इस पर नजर रखने के बजाय हमेशा अपने दायित्व को पूरा करने पर ध्यान दें। अपने काम में नित नई पहल करते हुए जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे, तो सफलता भी मिलेगी और नई पहचान भी बनेगी।



# किस तरह क्वॉलिफाई कर सकते हैं सीसैट

**युवाओं में सिविल सर्विसेज की प्रिलिम्स, यानी सीसैट (सिविल सर्विसेज एप्टिट्यूड टेस्ट) बहुत मायने रखती है। अगर आपमें पैशन है, तो आप इस परीक्षा में अपनी योग्यता दिखाकर अच्छे अंक पा सकते हैं। जानते हैं सी-सैट सहित सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित कुछ सामान्य सवालों के जवाब।**

### सीसैट की तैयारी में कितना समय लगता है

सीसैट (प्रिलिम्स) में 2 ऑब्जेक्टिव टाइप सेक्शन होते हैं। पहला पेपर जनरल स्टडीज का और दूसरा पेपर एप्टीट्यूड टेस्ट का होता है। अगर उम्मीदवार प्रिलिम्स की तैयारी कर रहा है, तो उसे दोनों यानी जनरल स्टडीज पेपर 1 और जीएस मेन्स की तैयारी साथ में ही करनी चाहिए। जहां तक समय का सवाल है, तो प्रिलिम्स की तैयारी के लिए 6 से 8 महीने का समय लग जाता है। अगर उम्मीदवार सही तरीके से तैयारी करे, तो वह जीएस मेन्स का 60 से 70 प्रतिशत भाग कवर कर सकता है। इसके अलावा नोट्स बनाने भी बहुत जरूरी हैं। आपको सिलेक्शन पाने के लिए कुछ हटकर करना पड़ेगा।

### सीसैट व मेन्स का जीएस पेपर क्या एक–दूसरे से किसी तरह संबंधित हैं?

शायद ही इन दोनों में कुछ कॉमन हो। फिर भी, अगर हम इसकी गहराई में जाएं, तो एक संबंध देख सकते हैं कि अगर किसी उम्मीदवार की जीएस बहुत अच्छी है, तो यह उसे रीडिंग काम्प्रिहेंशन सेक्शन में मदद कर सकती है, जिससे सीसैट में कम से कम 40 से 60 प्रतिशत प्रश्न पूछे जाते हैं।

### सीसैट पेपर 1 और 2 के लिए विद्यार्थियों की क्या रणनीति होनी चाहिए?

**पेपर 1** – इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि उम्मीदवार एनसीईआरटी की पुस्तकों को बहुत अच्छे–से पढ़े। कक्षा 6 से 12 तक की हिस्ट्री, सिविक्स और जिओग्रॉफी को अच्छे से पढ़ें। कक्षा 9 से 12 तक की इकोनॉमिक्स का गहराई से अध्ययन करें और कक्षा 11 व 12 की सोशलॉजी पर फोकस करें। एनसीईआरटी बुक्स के साथ–साथ आपको एक अच्छा अखबार भी नियमित रूप से पढ़ना चाहिए। इसके अलावा वार्षिक बुक भी अच्छे से पढ़ें। आपको इकोनॉमिकल और पॉलिटिकल साप्ताहिक मैगजीन भी पढ़नी चाहिए।

**पेपर 2** – इसके लिए आपको कक्षा 7 से 10 तक की मैथ्स पर बहुत अच्छा कमांड होना चाहिए। इसके अलावा रीजनिंग का बेसिक ज्ञान भी अच्छा होना चाहिए।

### करंट अफेयर्स के तहत किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं?

जहां तक प्रिलिम्स का सवाल है, कुछ साल पहले तक करंट अफेयर्स से काफी प्रश्न पूछे जाते थे, लेकिन पिछले 2–3 सालों से इन प्रश्नों में कुछ कमी आई है। एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि सिविल सर्विसेज एग्जाम का कोई स्पष्ट ट्रेंड नहीं होता है। करंट अफेयर्स के प्रश्न सीसैट में नहीं पूछे जाते, बल्कि मेन्स में पूछे जाते हैं। इसीलिए उम्मीदवारों को अपने आसपास की घटनाओं से अपडेट रहना चाहिए।

### सीसैट में एक सामान्य विद्यार्थी की सफलता की कितनी संभावना होती है?

2019 में लगभग 5 लाख उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए बैठे थे, जिसमें 3.7 प्रतिशत ही सीसैट क्रैक कर पाए, जबकि करीब 80 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे भी थे, जो बहुत आश्वस्त थे अपने चयन को लेकर मगर वे प्रिलिम्स तक नहीं क्वॉलिफाई कर पाए। वास्तव में प्रतिस्पर्धा 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के बीच ही थी। पिछले 5–6 साल से सक्सेस रेट 3–6 प्रतिशत रहा है। सीसैट कठिन तो है पर असंभव नहीं है। एक सामान्य विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत करके सीसैट क्वॉलिफाई कर सकता है।

### क्या सीसैट क्वॉलिफाई करने के लिए कोचिंग जरूरी है?

कोचिंग जरूरी तो नहीं है, फिर भी अगर आप कोई कोचिंग ज्वॉइन करना चाहते हैं, तो बहुत सोच–समझकर ऐसा करें और हो सके तो उसी से मार्गदर्शन लें, जिसने खुद यह परीक्षा दी हो। कारण यह कि कई कोचिंग संस्थानों में फैकल्टी अच्छी नहीं होती।

### सीसैट में सफलता का मुख्य सूत्र क्या है?

सबसे जरूरी बात तो यह है कि उम्मीदवारों का कॉन्सेप्ट बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। कॉन्सेप्ट क्लीयर हो, तो सी–सैट मुश्किल नहीं। सभी विषयों पर मेहनत करें। किसी विषय को नजरअंदाज न करें।



# भारतीय हॉकी टीम को रहेगी विश्व नंबर एक बनने की तलाश



**हांगझाऊ (एजेंसी)।** ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से लेकर विश्व कप हासिल करने तक पिछली एक सदी के दौरान अधिकांश समय हॉकी के शिखर पर रहने के बावजूद भारतीय टीम की विश्व की नंबर एक टीम बनने की हसरत फिलहाल पूरी नहीं हो सकी है। एक जमाने में हॉकी में भारत का डंका बजता था और उसके सामने प्रतिद्वंदी टीम का टिक पाना बेहद मुश्किल समझा जाता था मगर समय के साथ पश्चिम के देशों ने भी हाकी में खुद को स्थापित किया।

इस बीच रैंकिंग प्रणाली 2003 में अस्तित्व में आई। नई रैंकिंग प्रणाली लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी टीम की रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आया है। 2003 में हॉकी रैंकिंग प्रणाली शुरू होने पर पुरुष टीम छठे स्थान पर थी। उसी साल भारत ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर पहली बार एशिया कप जीता। लेकिन जल्द ही भारत की फॉर्म में गिरावट आई और वे टूर्नामेंट से शुरू में ही बाहर हो गए।

भारतीय टीम 2005 में आठ देशों की राबो ट्रॉफी में सातवें स्थान पर खिसक गई जबकि 2005 में ही चैंपियंस ट्रॉफी में भी आखिरी स्थान पर रही। टूर्नामेंट जीतने के लिए संघर्ष कर रही भारतीय टीम ने इसके बावजूद शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाए रखा क्योंकि हॉकी रैंकिंग प्रणाली चार साल के चक्र के परिणामों पर विचार करती थी। 2007 चैंपियंस चैलेंज में कांस्य पदक से भी भारत को मदद मिली मगर भारतीय हॉकी की फॉर्म में गिरावट जल्द ही रैंकिंग में दिखाई देने लगी।

भारतीय टीम 2006 हॉकी विश्व कप में अपने सात में से पांच मैच हार गई और टूर्नामेंट में 11वें स्थान पर रही। टीम 80 वर्षों में पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही और बीजिंग 2008 में उसे बाहर रहना पड़ा। निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारत 2008 में पहली बार हॉकी रैंकिंग के शीर्ष 10 से बाहर हो गया। पूर्व विश्व चैंपियन भारत ने 2010 में विश्व कप की मेजबानी की थी लेकिन पूल चरण में केवल एक बार जीत हासिल की और आठवें स्थान पर जगह बनाई। इससे भारत 12वें स्थान पर खिसक गया, जो अब तक की उनकी सबसे खराब हॉकी रैंक है।

अगले दशक में भारत के प्रदर्शन में धीरे-धीरे सुधार देखा गया। भारत ने 2014 एशियाई खेलों और 2017 एशिया कप के साथ-साथ चार बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (2011, 2016 और 2018) जीती। भारत चैंपियंस ट्रॉफी, कॉमनवेल्थ गेम्स और हॉकी वर्ल्ड लीग में भी पदक विजेता रहा। हॉकी रैंकिंग में लगातार सुधार दिखाई दिया और 2020 में जब पुरानी रैंकिंग प्रणाली को बदला गया तो भारत पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद 2021 में भारतीय पुरुष हाकी टीम अपनी सर्वोच्च रैंकिंग 'तीन' पर पहुंच गई। यह 41 वर्षों में उनका पहला ओलंपिक पदक था। तब से भारतीय टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2021, एफआईएच प्रो लीग 2021-22 और एशिया कप 2022 में तीसरे स्थान पर रहे। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में उन्होंने रजत पदक जीता और फिर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दोबारा हासिल करने में सफल रहे। 2023 में टीम वर्तमान में विश्व में तीसरे स्थान पर है।

# भारतीय राइफल निशानेबाज निश्चल ने रियो विश्व कप में जीता रजत पदक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की युवा निशानेबाज निश्चल ने रियो डी जेनेरियो में आईएसएसएफ विश्वकप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक जीता। उन्होंने सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत को उसका दूसरा पदक दिलाया। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका सीनियर स्तर पर पहला विश्वकप था। निश्चल ने फाइनल में 458.0 अंक बनाए और वह नार्वे की स्टार निशानेबाज जेनेट हेग डुस्टेड के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

डुस्टेड एयर राइफल में मौजूदा यूरोपीय चैंपियन है तथा उनके नाम पर पांच स्वर्ण पदक सहित आईएसएसएफ विश्वकप में कुल 12 पदक दर्ज हैं। वह तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। निश्चल ने पूरे दिन भर शानदार प्रदर्शन किया तथा इस बीच भारत 3 पोजीशन के क्वालिफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'यह विश्वकप में मेरा पहला फाइनल था और मैं पदक जीतने में सफल रहा, इसलिए इस प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।'

निश्चल ने एलिमिनेशन राउंड में 587 अंक बनाकर क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाई। उनके अलावा पिछला क्वालिफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अंजुम मोदगिल और आयुषी पोदार भी क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाने में सफल रहीं। क्वालिफिकेशन में निश्चल ने 542 अंक बनाए, जिनमें प्रोन पोजीशन में बनाए गए 'परफेक्ट' 200 अंक भी शामिल हैं। इस तरह से उन्होंने अंजुम का पिछले साल काहिरा में प्रेसिडेंट कप में बनाए गए 591 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।

अंजुम ने 586 अंक बनाए और वह 10वें नंबर पर रहकर फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। आयुषी 580 अंकों के साथ 35वें स्थान पर रहीं। फाइनल में कई शीर्ष खिलाड़ियों ने जगह बनाई थी जिनमें डुस्टेड के अलावा चीन की विश्व चैंपियन वानरू मियाओ, डेनमार्क की 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन स्टेफनी ग्रुंडसई, इटली की ओलंपियन सोफिया सेकेरेलो और पोलैंड की एनेटा स्टैंकिविज़ शामिल थी।

निश्चल पर हालांकि इसका कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने शुरू से ही बेहतरीन प्रदर्शन करके डुस्टेड को आखिर तक कड़ी चुनौती दी। नार्वे की निशानेबाज ने हालांकि अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करके 461.5 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। वह हरियाणा की निशानेबाज से 3.5 अंक आगे रही।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरप्रीत सिंह भी एक अन्य पदक स्पर्धा में भाग ले रहे थे। वह हालांकि पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में 574 अंक बनाकर 15वें स्थान पर रहे। इस तरह से भारत के 16 सदस्यीय दल ने रियो विश्वकप में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। इलावेनिल वलारिवन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था।

# गंभीर का कोहली पर तंज, कुछ लोग आईपीएल की एक भी ट्राफी नहीं जीत सके



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 8वीं बार एशिया कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम इनदिनों अपना ध्यान आईसीसी विश्व कप 2023 पर केंद्रित कर रही है। मेजबान होने के कारण टीम इंडिया पर दबाव हो सकता है। टीम इंडिया लय बनाए रखने के लिए 22 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है। इसके पहले ही भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने ऐसी बात कि है, जोकि विराट के फैंस को बिल्कुल पसंद नहीं आएगी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने विश्व कप में भारत का अच्छा नेतृत्व करने के लिए रोहित शर्मा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जो लोग रोहित शर्मा की कप्तानी पर संदेह करते थे, उन्हें उन्होंने चुप करा दिया है। हिटमैन ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीती हैं और कुछ खिलाड़ियों ने एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। गंभीर के इस बयान को क्रिकेट फैंस कोहली से जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल विराट की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल में कभी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है।

बहरहाल, गंभीर ने कहा कि कप्तान के रूप में रोहित के प्रति कोई संदेह नहीं है। उसे 15 दिनों में वास्तविक परीक्षा का सामना करना पड़ेगा और उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। यदि वह परिणाम देने में असमर्थ है, तो वह अत्यधिक आलोचना और जांच के दायरे में होगा। अंत में गंभीर ने कहा कि मौजूदा भारतीय बैच में विश्व कप फाइनल में जगह बनाने की क्षमता है।

# चेतेश्वर पुजारा पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, काउंटी मैच से निलंबित



**होव (एजेंसी)।** भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में एक काउंटी मैच से निलंबित कर दिया गया है। उनकी टीम ससेक्स ने भी काउंटी चैम्पयनशिप में 12 अंक गंवा दिए हैं। लीसेस्टरशायर के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पुजारा को यह सजा सुनाई गई है। बताया जा रहा है कि क्लब द्वारा एक ही सीजन में 4 निश्चित पेनल्टी की सीमा तक पहुंचने के बाद पुजारा को स्वचालित निलंबन मिला और वह इस सप्ताह डर्बीशायर के खिलाफ खेल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ससेक्स ने 3 खिलाड़ियों - जैक कार्सन, टॉम हैन्स और एरी कारवेलस - को उनके व्यवहार के लिए बाहर करने का भी निर्णय लिया है। इस मुद्दे पर मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह घटना शर्मनाक है। फारब्रेस ने कहा कि हमने जैक और टॉम को डर्बीशायर के खिलाफ मैच से बाहर रखा है।

अंपायरों और मैच रेफरी ने दोनों खिलाड़ियों पर मैदान पर लेवल एक और लेवल दो के अपराधों का आरोप लगाने के फैसले लिया है। बार-बार टीम के खिलाड़ियों द्वारा कानून तोड़ने का असर कप्तान पुजारा पर पड़ा। पुजारा अब अगला मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा उनकी टीम के 12 अंक भी कट जाएंगे। यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि ससेक्स को पहले सीजन के शुरुआती भाग में अंपायरों द्वारा 2 बार मंजूरी दी गई थी, जिसमें पुजारा पर डरहम के खिलाफ शुरुआती गेम में लेवल 1 के अपराध का आरोप लगाया गया था और हेन्स को यॉर्कशायर की होव यात्रा के बाद भी इसी तरह फटकार लगाई गई थी।

# ऑस्ट्रेलिया से टक्कर लेने तैयार हुई भारतीय टीम, कोहली-रोहित को दिया आराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से टक्कर लेने के लिए तैयार हो चुकी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। इसके बाद दोनों टीमों को भारतीय जमीन पर ही वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेलना है। इस बार टीम से कोहली और रोहित को बाहर रखा गया है। जानकारी के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए दो तरह से अपनी टीम का ऐलान किया है। बीसीसीआई ने यह तरीका वर्ल्ड कप से पहले एक्सपेरिमेंट के लिए आजमाया है। इस ऑस्ट्रेलिया सीरीज से ही वर्ल्ड कप के लिए भारत की परफेक्ट टीम सामने आएगी। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान पहले ही कर दिया है। मगर 28 सितंबर तक इसमें बदलाव की गुंजाइश है। यही कारण है कि बीसीसीआई वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में सारे एक्सपेरिमेंट कर लेना चाहती है। ताकी वर्ल्ड कप के लिए परफेक्ट टीम का ऐलान किया जा सके। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरुआती 2 मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। जबकि आखिरी और तीसरे मुकाबले के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित की है। सेलेक्शन कमेटी ने शुरुआती 2 मैचों में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को आराम दिया है। उनकी जगह केएल राहुल को कमान सौंपी गई है। जबकि जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। साथ ही भारतीय टीम में अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन, वॉशिंगटन सुंदर और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी हुई है। मगर सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में रोहित, कोहली, पंड्या और कुलदीप की वापसी होगी।

रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 टीमें घोषित करने को लेकर अपना खास प्लान बताया है। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक तौर पर आराम की जरूरत है। इसके अलावा कुछ खिलाड़ियों को, जो वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं। लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं।

इसलिए हम चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी वर्ल्ड कप से पहले वनडे मैच के लिए खुद को तैयार करें। जिससे वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट के दौरान उन्हें जब भी मौका मिले। वह सभी खुद को तैयार रख सकें। इस तरह बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का भी बढ़िया मौका मिलेगा।

## महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर विवाद में आया बांग्लादेशी किक्रेटर



ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट के उभरते सितारे तंजीम हसन साकिब ने भारत के खिलाफ एशिया कप में शानदार डेब्यू कर खूब तारीफें बटोरीं। प्रसिद्ध खिलाड़ियों रोहित शर्मा और तिलक वर्मा सहित महत्वपूर्ण विकेट हासिल करने की उनकी क्षमता ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी अपार प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया। हालांकि साकिब की महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियों से भरे पुराना फेसबुक पोस्ट फिर से सामने आ गया है जिससे सोशल मीडिया पर व्यापक आक्रोश हैं। एक विवादास्पद पोस्ट में साकिब ने लिखा, यदि पत्नी काम करती है, तब पति के अधिकार सुनिश्चित नहीं होते हैं। यदि पत्नी काम करती है, तब बच्चे के अधिकार सुनिश्चित नहीं होते हैं। यदि पत्नी काम करती है, तब उसकी सुंदरता खराब हो जाती है। यदि पत्नी काम करती है, तब पति के अधिकार सुनिश्चित नहीं होते हैं। परिवार बर्बाद हो जाता है। शाकिब अल हसन की अगुवाई वाली टीम एशिया कप 2023 में नए जोश के साथ उतरी थी, लेकिन टूर्नामेंट में कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे नहीं बढ़ सकी। ग्रुप चरण में वे केवल अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल कर सके। एक मैच जीतकर वे एशिया कप सुपर 4 में पहुंच गए लेकिन पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों के सामने हार गई। श्रीलंका के खिलाफ 21 की हार और पाकिस्तान के खिलाफ 7 विकेट की हार ने बांग्ला टाइगर्स को एशिया कप 2023 से बाहर कर दिया। हालांकि बांग्लादेश ने सुपर 4 में भारत के खिलाफ एक मैच जीता लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उनके एशिया कप फाइनल की संभावना बहुत कम थी। भारत के खिलाफ बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन किया और 6 रन से यादगार जीत हासिल की।

# एशियाई खेलों में नीरज चोपड़ा से मिलने को बेकरार हैं रिंकू सिंह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगातार 5 छक्कों से प्रसिद्ध हुए रिंकू सिंह की नजरें अब एशियाई खेलों पर हैं। अपनी फिनिशिंग क्षमताओं के लिए जाने जाने वाले रिंकू ने हालिया यूपी टी-20 लीग में मेरठ मावेरिक्स की ओर से खेलते हुए भी सुपर ओवर में लगातार 3 छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। अब यह स्टार बल्लेबाज एशियाई खेलों में जाने की तैयारी कर रहा है। रिंकू सिंह ने चीन रवाना होने से पहले कहा कि वह एशियाई खेलों के दौरान नीरज चोपड़ा से मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिंकू ने कहा कि उन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। एशियाई खेलों के दौरान जब वह भारत की ओर से खेलने उतरेगा, तब उस लम्हे को देखने के लिए हम उत्साहित हैं। इसके अलावा नीरज से मिलना और उनसे उनके अनुभव सुनना काफी अच्छा रहेगा।

रिंकू ने कहा कि मैं लंबे समय से नंबर 5 और 6 पर खेल रहा हूं, इसलिए मैं ऐसा करने का काफी आदि हूं। जब से मैंने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना शुरू किया है तब से मैं उस नंबर पर खेल रहा हूं। मैं चरणबद्ध तरीके से बल्लेबाजी का अभ्यास करता हूं। जब मैं केकेआर अकादमी में अभिषेक नायर सर के साथ प्रशिक्षण लेता हूं, तब मैं इस ध्यान में रखता हूं, जो वास्तव में मेरी बल्लेबाजी में सहायता करते हैं। वह सांस लेने के व्यायाम और दबाव में एकाग्रता बनाए रखने की सलाह देते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि अपनी क्रिकेट प्रतिभा के बावजूद, रिंकू ने लगातार टीमों की कप्तानी के प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है। रिंकू ने कहा कि मैंने कभी कप्तान के रूप में काम नहीं किया है। हालांकि मुझे यह पसंद है, मैं ऐसा नहीं करता। मैंने कुछ मैचों में ऐसा किया लेकिन किसी तरह यह आपके दिमाग को अवरुद्ध कर देता है। अपने व्यक्तित्व के कारण मैं खुलकर खेलना पसंद करता हूं और कप्तानी की जिम्मेदारी उठाने से बचता हूं। मुझे यूपीसीए ने कप्तानी भी दी थी, लेकिन मैंने हाथ जोड़कर मना कर दिया ताकि मैं खुलकर खेल सकूं।

## भारत में मोटो जीपी रेस के लिए कुछ प्रतिभागियों और अधिकारियों को अब भी वीजा का इंतजार

ग्रेटर नोएडा। भारत में होने वाली पहली मोटो जीपी में हिस्सा लेने वाले कुछ राइडर और टीम अधिकारियों को इस सप्ताहांत होने वाली रेस के लिए अब भी वीजा का इंतजार है जिसमें छह बार के चैंपियन मार्क मारक्वेज भी शामिल हैं। रेपसोल होंडा टीम से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की है कि उनके राइडर मारक्वेज और जोआन मीर के भारत आने में वीजा मुद्दों के कारण विलंब हो रहा है। स्पेन के इन दोनों राइडर को बुधवार को मानेसर में होंडा इंडिया फेक्टरी का दौरा करना था लेकिन अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है। एक सूत्र ने बताया, 'वीजा मुद्दों के कारण राइडर अब तक भारत नहीं पहुंचे हैं। इसलिए कल के कार्यक्रम को रद्द करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।' डोर्ना स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के आयोजक और अधिकार धारक हैं। फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के स्थानीय प्रमोटर हैं। मोटो जीपी टीमों के सामने आ रही वीजा समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के लिए हालांकि इन दोनों से ही संपर्क नहीं हो पाया है। 'रेस.कॉम' के अनुसार वीजा में विलंब के कारण टीमों से जुड़े बेहद कम कर्मचारी भारत पहुंच पाए हैं। फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री के बंद होने के बाद भारत पहली बार मोटरस्पोर्ट में इस स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। वित्तीय, कर और नौकरशाही से जुड़े मुद्दों के कारण 2013 सत्र के बाद फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री को कैलेंडर से हटा दिया गया था।



# अजीत अगरकर ने कुलदीप यादव पर जताया भरोसा, बताया तुरुप का पत्ता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कप के लिए चयनित टीम का सीरीज में पहला मुकाबला मोहाली के मैदान पर होगा। इससे पहले टीम के चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कुलदीप यादव पर भरोसा जताते हुए उन्हें टीम में तुरुप का पत्ता बताया है। बता दें कि बीसीसीआई की ओर से मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम का चुनाव किया। हालांकि सीरीज के पहले दो मैचों के लिए विराट और रोहित टीम में नहीं होंगे। इसके अलावा श्रेयस अय्यर, रविचंद्रन अश्विन और तिलक वर्मा को भी टीम में रखा गया है। बहरहाल, अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के दौरन विशेष तौर पर कुलदीप यादव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुलदीप यादव पिछले एक साल में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में टीम इंडिया के लिए शानदार रहे हैं। वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने हाल ही में एशिया कप 2023 में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। कुलदीप के विश्व कप के रोल पर अजीत अगरकर ने कहा कि मैं उन्हें पिछले कुछ वर्षों से जानता हूं और हम सभी जानते हैं कि वह वनडे में क्या करने में सक्षम हैं। वह सनसनीखेज रहा है और हम चाहते हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे और दो अभ्यास मैचों में अच्छा प्रदर्शन करे। प्रतिद्वंद्वी टीमों के शीर्ष बल्लेबाज उसे पढ़ नहीं पाए और चीजें मुश्किल हो गईं। वह आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए हमारे तुरुप के पत्तों में से एक है।

पहले 2 वनडे के लिए भारतीय टीम में केएल राहुल (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा शामिल किए गए हैं। जबकि तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल (फिटनेस के आधार पर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज को शामिल किया है।

## स्पैनिश शतरंज लीग : विश्व रैंकिंग में 16 पर पहुंचे प्रज्ञानन्दा

लिनारेस। भारत के नंबर 3 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर प्रज्ञानन्दा लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए विश्व रैंकिंग में उपर चढ़ते जा रहे है। फिलहाल प्रज्ञानन्दा स्पैनिश शतरंज लीग में खेल रहे है और पहले दो राउंड में अपनी टीम सीए सोलवाय से खेलते हुए अपने दोनों मुकाबले जीतकर अच्छी शुरुआत कर चुके है। प्रज्ञानन्दा नें पहले राउंड में बुल्गारिया के इवान चेपारीनोव और दूसरे राउंड में रूस के निकिता वितुगोव को हराते हुए अपनी विश्व रैंकिंग में तीन स्थान सुधार करते हुए लाइव रैंकिंग में 9 अंक जोड़ते हुए 2736 अंकों के साथ 16वां स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय खिलाड़ियों में फिलहाल गुकेश 2758 और विश्वनाथन आनंद 2754 प्रज्ञानन्दा से आगे हैं।

# विश्वकप से पहले गेंदबाजों को आराम और लय बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा: दीपक चाहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा कि आने वाले दिनों में टीम प्रबंधन के लिए पर्याप्त खेल समय के माध्यम से अपने तेज गेंदबाजों की लय बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। चाहर ने कहा, मुझे लगता है कि दोनों (खेल का समय और आराम) महत्वपूर्ण हैं। खिलाड़ियों को आराम मिलाना चाहिए, लेकिन साथ ही उन्हें मैच खेलने का मौका भी मिलना चाहिए। लय महत्वपूर्ण है। हमारे पास ये 2-3 मैच हैं जिसमें हमें अच्छा अभ्यास मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया हमारे लिए एक अच्छा प्रतिद्वंद्वी है और हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। यह उन्हें तरोताजा रखने और उनकी लय बनाए रखने के बारे में है।

चाहर ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की सराहना कर कहा कि भारतीय तेज आक्रमण अच्छी स्थिति में होने से आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में मेन इन ब्लू की संभावनाओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं मैच देख रहा था, अभ्यास कर रहा था। सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। वह पिछले एक साल से शानदार गेंदबाजी कर रहा है, इसीलिए वह हमारा नंबर एक गेंदबाज है। हमने लंबे समय से कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है इसलिए यह अच्छा है कि हम एशिया कप जीते। इससे हमें विश्व कप में काफी बढ़ावा मिलेगा।

एशिया कप में जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन के बारे में चाहर ने कहा कि बुमराह अच्छी लय में दिख रहे हैं और भारतीय गेंदबाजी अच्छी स्थिति में होने से विश्व कप की संभावना बढ़ जाती है। बुमराह ने चार मैचों में 17.75 की औसत और 4.17 की इकोनॉमी रेट से चार विकेट लिए उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 2/30 रहा। चाहर ने कहा, क्रिकेट में विकेट हमारे नियंत्रण में नहीं होते हैं। यह मायने रखता है कि आप कैसी गेंदबाजी करते हैं। कभी-कभी, आप अच्छी गेंदबाजी नहीं करते हैं लेकिन आपको विकेट मिल जाते हैं, लेकिन कभी-कभी आप अच्छी गेंदबाजी करने के बावजूद भी विकेट नहीं ले पाते हैं। मुझे लगता है कि बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। वह अच्छी लय में हैं। विश्व कप में हमारे पास अच्छे मौके हैं, क्योंकि हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी वास्तव में शानदार प्रदर्शन कर रही है। विश्व कप में भारत की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए तेज गेंदबाज ने कहा कि भारत के पास बेहतरीन मौके हैं और उसे घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। चाहर ने कहा, टूर्नामेंट में भारत की अच्छी संभावनाएं हैं। पिछली बार जब यह भारत में आयोजित किया गया था तो हमने जीत हासिल की थी। खिलाड़ी परिस्थितियों और पिचों को अच्छी तरह से जानते हैं और घरेलू लाभ का आनंद लेते हैं। मैं शीर्ष चार टीमों की भविष्यवाणी नहीं कर सकता क्योंकि सभी टीमें अच्छी हैं।

टीम में वापसी के लिए प्रयास जारी रखते हुए चाहर ने कहा, मैं अब फिट हूं। मुझे जो भी टूर्नामेंट खेलने को मिलेगा, जैसे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैं उनमें अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। एक खिलाड़ी के रूप में मैं बस इतना ही नियंत्रित कर सकता हूं। हम खिलाड़ी के रूप में कुछ और तय नहीं कर सकते। मेरी मानसिकता मुझे मिलने वाले हर मौके में अच्छा प्रदर्शन करने की है।

## पहलवान अंशू मलिक का फर्जी अश्लील वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

नई दिल्ली। ओलंपियन पहलवान अंशू मलिक का फर्जी अश्लील वीडियो इन ?दिनों खूब वायरल हो रहा है। इसके खिलाफ उन्होंने मामला भी दर्ज कराया है। बता दें कि अंशू मलिक एशियाई चैंपियन होने के अलावा विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता है। अंशू को इन दिनों एक संकटपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अंशू की मॉर्फ्ड तस्वीर का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर एक 30 सैकेंड की अश्लील वीडियो डाली गई है जिसका पहलवान ने विरोध किया है। अंशू के पिता धर्मवीर ने हरियाणा के जींद के सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। अंशू के चाचा संदीप मलिक ने आरोप लगाया कि 22 वर्षीय पहलवान की तस्वीर इंटरनेट से ली गई थी। वीडियो एक अलग लड़की और लड़के का है और यह लगभग 2 साल पुराना है। वीडियो में दिखाए गए जोड़े अब पति-पत्नी हैं। लड़की हिमाचल प्रदेश की है और लड़का हरियाणा का है। दोनों पहलवान रहे हैं। अंशु की तस्वीर को वीडियो में एक टेम्पलेट के रूप में इस्तेमाल किया गया था। संदीप मलिक ने कहा कि हमने उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जिसने ऐसा किया है।

## बेंगलुरु में ढाई करोड़ रुपये से सजा गणपति बप्पा का दरबार

बेंगलुरु ।इन दिनों भक्त भगवान गणेश की भक्ति के रंग में सराबोर है।देश भर में एक अलग ही धूम देखने को मिल रही है।गणेश उत्सव के दिनों में हर ओर एक से बढ़कर एक पंडाल देखने को मिल रहे हैं।इसी बीच कर्नाटक के बेंगलुरु का एक मंदिर चर्चा में बना हुआ हैं, जहां गणपति मंदिर परिसर को करीब ढाई करोड़ रुपये के सिक्कों और नोटों से सजाया गया है। बेंगलुरु और समूचे कर्नाटक में गणेश चतुर्थी उत्सव धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हो गया।श्रद्धालु भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों और पंडालों में जा रहे हैं।अपनी अनूठी सजावट के चलते सत्यगणति मंदिर श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रहा है। न्यासियों के मुताबिक, मंदिर का प्रबंधन संभाल रहे गणपति शिर्डी साई न्यास ने पांच, 10 और 20 रुपये के सिक्कों की मालाएं तैयार की हैं। इसी के साथ-साथ 10,20,50,100,200 और 500 रुपये के नोटों की भी मालाएं तैयार की गई हैं। ये सभी मालाएं करीब ढाई करोड़ रुपये की हैं। एक न्यासी ने बताया कि करीब 150 लोगों की टीम ने एक महीने के दौरान सिक्कों और नोटों की मालाओं से मंदिर की सजावट की।मंदिर के ट्रस्टी ने बताया कि हर साल मंदिर के परिसर को अलग-अलग तरीकों से तैयार होता है। इस बार मंदिर के सभी ट्रस्टी ने सिक्कों और नोटों की मदद से कुछ अलग करने का विचार किया। परिसर को सजाने में कुल 52.50 लाख सिक्के और दो करोड़ छह लाख नोट लगे हैं।इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और सीसीटीवी से भी निगरानी रखी जा रही है। सिक्कों का इस्तेमाल कर कलात्मक चित्रण किया गया है। इनमें भगवान गणेश, जय कर्नाटक, राष्ट्र प्रथम, विक्रम लैंडर, चंद्रयान और जय जवान जय किसान की छवियां शामिल हैं।

## आईएसआई को खुफिया जानकारियां देने वाला सेना का जवान गिरफ्तार

नई दिल्ली ।पाकिस्तान की आईएसआई को खुफिया जानकारी देने के आरोप में पंजाब पुलिस ने बीते सप्ताह सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया था।पता चला है कि वह एक ड्रग स्मगलर के साथ मिलकर पाकिस्तानी आईएसआई के लिए काम कर रहा था।उसने चंडीमंदिर स्थित पश्चिमी कमांड हेडक्वार्टर से सेना के बारे में कई खुफिया जानकारियां निकालकर ड्रग तस्कर को दी थी। आरोपी सिपाही का नाम मनप्रीत शर्मा है। पटयाला पुलिस ने उसे भोपाल से गिरफ्तार किया था जहां वह स्ट्राइक कोर में पोस्टेड था। सूत्रों का कहना है कि वह पहले वेस्टर्न कमांड में काम करता था और उसके पास कई कंप्यूटरों का भी ऐक्सेस था।इसी दौरान उसने खुफिया जानकारियों को जुटा लिया और उन्हें एक ड्रग तस्कर अमरीक सिंह को दे दीं। पटियाला पुलिस के साथ मिलकर आर्मी इस बात की जांचपड़ताल करने में लगी है कि आखिर कौन सी जानकारियां लीक की गई है। इसके अलावा जवान को कंप्यूटर का ऐक्सेस कैसे मिला।जानकारी के मुताबिक बीते कई दिनों से आर्मी के वेस्टर्म कमांड में सारे कंप्यूटरों और इसके अलावा डिस्क, पेनड्राइव में स्टोर डेटा का ऑडिट किया जा रहा है और पता लगाने की कोशिश हो रही है कि जो जानकारियां लीक हुई हैं वे कितनी संवेदनशील हो सकती हैं।इसको लेकर कई अधिकारियों से पूछताछ भी हो रही है।यह भी पता चला है कि नई दिल्ली स्थित सेना के मुख्यालय से इस मामले में वेस्टर्न कमांड से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने मीडिया को बताया कि आर्मी का सिपाही कुछ समय तक कैथल जेल में भी रहा।उसपर एक विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी।हो सकता है कि वहीं से वह किसी अपराधी के संपर्क में आया हो।

## हर किसी को अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली ।दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति के जीवन साथी चुनने के अधिकार को आस्था और धर्म के मामलों तक सीमित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि शादी करने का अधिकार मानवीय स्वतंत्रता है और जब इसमें वयस्कों की सहमति शामिल हो तो इसे राज्य, समाज या माता-पिता द्वारा निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। यह टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने महिला के परिवार से धमकियों का सामना कर रहे एक जोड़े को सुरक्षा दी। इस बालिग जोड़े ने अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध, विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत विवाह किया, जिसके कारण उन्हें लगातार धमकियां मिलती रहीं। अदालत ने कहा कि अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अभिन्न अंग है, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है।इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि व्यक्तिगत पसंद, विशेष रूप से विवाह के मामलों में, अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित हैं। न्यायमूर्ति बनर्जी ने कहा कि महिला के माता-पिता जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता को खतरे में नहीं डाल सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने व्यक्तिगत निर्णयों और विकल्पों के लिए सामाजिक अनुमोदन की जरूरत नहीं है। अदालत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जोड़े को एक बीट कांस्टेबल और एसएचओ की संपर्क जानकारी प्रदान करें, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पंजाब में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

मोगा ।पंजाब के मोगा जिले में एक अज्ञात हमलावर एक स्थानीय कांग्रेस नेता के घर में जबरन घुस गया और उन्हें गोली मार दी।हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया कि नेता की हत्या किसने की. लेकिन ऐसी खबरें हैं कि इस घटना के पीछे खालिस्तानी आतंकी हैं।एक कथित सीसीटीवी फुटेज में हमलावर को भागने से पहले 45 साल के बलजिंदर सिंह बल्ली पर गोलीबारी करते हुए देखा गया। यह दुखद घटना बल्ली के गृहनगर डाला में सामने आई।घातक गोलीबारी के कुछ घंटों बाद, कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डाला ने एक फेसबुक पोस्ट में हमले की जिम्मेदारी ली। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार अस्पताल ले जाने के बावजूद, बल्ली ने अंततः दम तोड़ दिया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जे एलनचेझियन ने अन्य अधिकारियों के साथ तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि जांच सक्रिय रूप से चल रही है। बल्ली मोगा जिले के अजीतवाल ब्लॉक के पार्टी अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे।वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा और पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने इस जघन्य कृत्य की स्पष्ट रूप से निंदा की।बाजवा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा ?कि एक दर्दनाक घटना में जिला मोगा के अजीतवाल ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष बलजिंदर सिंह बल्ली की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई।मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।

## कश्मीर में लू जारी रहने से नदियों में घट रहा पानी, सेब का रंग फीका पड़ने की आशंका

श्रीनगर। कश्मीर में पिछले सात सप्ताह से शुष्क मौसम और सामान्य से अधिक तापमान के कारण बागवानी उत्पादन, विशेषकर सेब विशेषज्ञों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।मौसम के कारण झेलम और अन्य जल निकायों के जल स्तर में भी गिरावट आई है। प्रभासाक्षी से बात करते हुए, पर्यावरण विशेषज्ञ कहते हैं, यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण है, कश्मीर में गर्म दिन चल रहे हैं और प्रमुख नदियों में जल स्तर सबसे कम हो गया है। कश्मीर भारत का सबसे बड़ा सेब उत्पादक है, जो हर साल लगभग 20 लाख मीट्रिक टन सेब का उत्पादन करता है।उन्होंने कहा कि अगर बारिश की कमी जारी रही, तो इसका क्षेत्र में केसर और आलू के उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।घाटी में लू से लेकर भीषण लू के साथ उच्च तापमान का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले हमने आपको बताया था कि उच्च घनत्व वाले सेब की खेती जम्मू-कश्मीर में इस उद्योग में क्रांति ला रही है।ऐसे सेब के बागान की मांग हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। घाटी के विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादकों ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई कारणों से नुकसान देखने के बाद, उच्च घनत्व वाले सेब की खेती ने उनके चेहरे पर मुस्कान वापस ला दी है क्योंकि इससे बाजार में अच्छी कमाई हुई है।उन्होंने कहा कि सेब की नई किस्में 2019 के बाद कश्मीर में पेश की गईं और उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे अपने रोपण के एक साल बाद ही फल देना शुरू कर देते हैं और चौथे या पांचवें वर्ष में पूर्ण उत्पादन तक पहुंच जाते हैं।

## विदेश में रहने वाले शख्स पर एफआईआर, व्हाट्सएप पर दिया तीन तलाक

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने वाट्सएप पर तीन तलाक देने वाले एक विदेशी शख्स पर एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार विदेश में रहने वाले अब्दुल रशीद के खिलाफ अपनी पत्नी को तीन तलाक संदेश भेजने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।मामला सुलिया थाने में दर्ज कराया गया है।

# तमिलनाडू के लिए खुशखबरी, कर्नाटक ने कृष्णा राजा सागर बांध से छोड़ा पानी



**मांड्या (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को मांड्या जिले के कृष्णा राजा सागर बांध से पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ा है। अगले 15 दिनों तक कृष्णा राजा सागर बांध से पानी छोड़ा जाएगा। कर्नाटक ने रात से ही बांध से पानी छोड़ने की शुरुआत कर दी है। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने आदेश दिया था कि 13 सितंबर से अगले 15 दिनों के लिए 5000 क्यूसेक की आपूर्ति जारी रखने के लिए कहा गया था।

यह कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के उस आदेश के बाद आया है जिसमें कर्नाटक को 13 सितंबर से अगले 15 दिनों तक 5000 क्यूसेक की आपूर्ति जारी रखने का आदेश दिया गया था। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई सीडब्ल्यूएमए की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक के बाद अधिकारी ने बताया कि कर्नाटक में कावेरी बेसिन में सूखे की गंभीरता के मद्देनजर ये कहा कि वह तब तक पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है, जब तक कि जलाशयों के प्रवाह में सुधार नहीं होता है। कर्नाटक सरकार की ओर से ये भी चिंता जाहिर की कि कावेरी बेसिन में सूखा बढ़ रहा है, जो पीने के पानी की जरूरतों और सिंचाई की न्यूनतम जरूरतों को भी जोखिम में डाल रहा है।

इसके पहले तमिलनाडु ने अगले 15 दिनों के लिए कुल 12,500 क्यूसेक पानी (जिसमें 6,500 क्यूसेक का बैकलॉग शामिल है) छोड़ने का आग्रह किया था। अंत में सीडब्ल्यूएमए ने सीडब्ल्यूआरसी की सिफारिशों को मानकर आदेश दिया है कि कर्नाटक को 5000 क्यूसेक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। बता दें कि सीडब्ल्यूएमए की अगली बैठक 26 सितंबर को होगी।

गौरतलब है कि मांड्या में किसान तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने का विरोध कर रहे हैं और राज्य सरकार द्वारा तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने के कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के निर्देशों का अनुपालन करने पर गहरा असंतोष भी व्यक्त कर रहे हैं। कावेरी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु सरकारों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कोई समझौता नहीं होना चाहिए, देश हित सबसे ऊपर : कांग्रेस



नई दिल्ली ।कांग्रेस ने कनाडा में एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या पर वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए और देशहित को हमेशा सबसे ऊपर रखा जाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'कांग्रेस का हमेशा से मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिए।विशेष रूप से तब, जब आतंकवाद से भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो।' उन्होंने कहा कि हमारे देश के हितों और चिंताओं को हमेशा सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इन आरोपों को ''बेतुका'' और ''बेबुनियाद'' बताकर खारिज कर दिया है कि कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या संबंधी घटना में भारत सरकार के एजेंट का हाथ था।

# इंडिया गठबंधन की इस मांग पर बैकफुट पर दिख रही ममता

### -जातिगत जनगणना के पक्ष में नहीं टीएमसी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया यानी नए विपक्षी गठबंधन में सिर्फ बैठकों का दौर जारी है और टकराव होने लगा हैं। खबर है कि जिस जातिगत जनगणना की मांग गुट के सभी दल उठा रहे हैं, उससे तृणमूल कांग्रेस दूरी बना रही है। इसकी वजह पश्चिम बंगाल की राजनीति है। कहा जा रहा है कि टीएमसी जातिगत जनगणना के खिलाफ है। फिलहाल, पार्टी अपनी सुप्रीमो ममता बनर्जी के लौटने का इंतजार कर रही है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के दिल्ली आवास पर 13 सितंबर को एक बैठक हुई थी। उस दौरान पार्टियों ने जातिगत जनगणना की मांग को उठाने का फैसला किया था। अब उस बैठक से टीएमसी गायब रही थी, क्योंकि अभिषेक बनर्जी ईडी की पूछताछ में शामिल हुए थे। मुंबई में हुई बैठक में मुख्यमंत्री बनर्जी पहुंचीं थीं, लेकिन कहा जा रहा है कि वह जातिगत जनगणना के मुद्दे पर शांत ही नजर आईं।

टीएममसी दिग्गज सौगत रॉय ने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया है कि हम जातिगत जनगणना के खिलाफ हैं। हमारा मानना है कि ऐसा करना लोगों के बीच बंटवारा पैदा कर देगा। हालांकि, उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बैठकर इस समस्या को सुलझाने की भी बात की थी। टीएमसी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ममता बनर्जी को लगता है कि ऐसी जनगणना टीएमसी को नुकसान पहुंचा सकती है।

टीएमसी के एक नेता ने कहा, बंगाल की राजनीति जाति के इर्द गिर्द नहीं रहती है। अगर हम जातिगत जनगणना का समर्थन करते हैं, तब इसका मतलब होगा कि हम जाति आधारित राजनीति का समर्थन कर रहे हैं, जो बंगाल में हमारे मत और छवि को नुकसान पहुंचाएगी। हमें भाजपा के खिलाफ गठबंधन में रहना भी जरूरी है। इसके बाद जातिगत जनगणना पर अंतिम फैसला सुप्रीमो ममता बनर्जी लेंगी। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जनता दल यूनाइटेड और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल चीफ लालू प्रसाद यादव जातिगत जनगणना के समर्थक रहे हैं। इधर, इस मामले पर सीपीएम ने भी टीएमसी पर निशाना साधा है। सीपीएम नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा, हम जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं और इंडिया ने भी जातिगत जनगणना की मांग के लिए बयान दिया है, लेकिन सिर्फ भाजपा और टीएमसी ही इसका विरोध कर रहे हैं। कोई भी इसके जरिए टीएमसी की मंशा समझ सकता है।

## मायावती ने 33 से 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की, कहा- एससी-एसटी को मिले अलग कोटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। आज महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा में पेश कर दिया गया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई। कैबिनेट की बैठक के बाद इसे मंजूरी दी गई थी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बिल का समर्थन किया है। हालांकि, उन्होंने आबादी के हिसाब से आरक्षण को 33 से 50 फ़ीसदी बढ़ाने की बात भी कही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इसमें एससी, एसटी/ओबीसी कोटा भी सुनिश्चित होना चाहिए।

मायावती ने कहा कि बीएसपी के साथ-साथ ज्यादातर पार्टियां महिला आरक्षण बिल के पक्ष में अपना वोट देंगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि चर्चा के बाद इस बार यह बिल पास हो जाएगा क्योंकि यह काफी समय से लंबित था। मैंने पहले संसद में अपनी पार्टी की ओर से कहा था कि महिलाओं की आबादी को ध्यान में रखते हुए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को प्रस्तावित 33प्र. के बजाय 50प्र. आरक्षण मिले। मुझे उम्मीद है कि सरकार इस बारे में सोचेगी। उन्होंने कहा कि साथ ही महिला आरक्षण में ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग कोटा सुनिश्चित किया जाए।

## कर्नाटक हाई कोर्ट के जज ने कहा- सरकार को सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर उम्र सीमा निर्धारित करने पर विचार करना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को देश में सोशल मीडिया के उपयोग पर आयु सीमा लगाने पर विचार करना चाहिए। एक मौखिक टिप्पणी मेंअदालत ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग करने के लिए लोगों की उम्र कम से कम 21 होनी चाहिए। दो न्यायाधीशों की पीठ कुछ सोशल मीडिया खातों और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के केंद्र के आदेश को दी गई चुनौती को खारिज करने के खिलाफ एक्स की अपील पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने पहले केंद्र सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी और आदेशों का पालन नहीं करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।



सुनवाई के अंत में पीठ ने उल्लेख किया कि सोशल मीडिया के उपयोग पर आयु सीमा लगाना एक वरदान होगा। अदालत ने कहा कि सबसे अच्छा विकल्प सोशल मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना होगा क्योंकि इससे बहुत कुछ अच्छा होगा। इसमें कहा गया है, आज, स्कूल जाने वाले बच्चे इसके (सोशल मीडिया) इतने आदी हो गए हैं। मुझे लगता है कि इसमें आयु सीमा होनी चाहिए। यह मामला तब सामने आया जब केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि कानून में अब कुछ ऑनलाइन गेम तक पहुंचने से पहले उपयोगकर्ता के पास आधार और अन्य दस्तावेज होना आवश्यक है। अदालत ने तब पूछा कि ऐसी पहचान को सोशल मीडिया तक भी क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है।

# तमिलनाडु में बीजेपी से एआईएडीएमके ने तोड़ा गठबंधन, अन्नामलाई का बयान बना रोडा



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में एआईएडीएमके ने भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया है। इसके पीछे अन्नामलाई का एक बयान बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार द्रविड़ नेता सीएन अन्नादुरई को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ बढ़ी तनातनी के बीच ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) ने कहा कि उसका भाजपा के साथ अभी कोई गठबंधन नहीं है और इस विषय पर फैसला आगामी चुनावों के दौरान किया जाएगा। एआईएडीएमके ने स्पष्ट किया कि वह दिवंगत मुख्यमंत्री और अपने अन्य नेताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। एआईएडीएमके ने भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई पर प्रहार करते हुए कहा वह केवल खुद का प्रचार करने के इच्छुक हैं और इसलिए दिवंगत द्रविड़ नेता अन्नादुरई, ईवी रामास्वामी पेरियार और एआईएडीएमके के दिवंगत नेता एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) और जे. जयललिता को निशाना बना रहे हैं। वहीं भाजपा ने कहा कि द्रविड़ पार्टी को अपने विकास के साथ-साथ अन्नामलाई जैसे युवा नेता के बढ़ते कद से समस्या है। गौरतलब है कि एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी द्वारा नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के कुछ दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ।

एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी. जयकुमार ने अन्नादुरई की आलोचना के लिए अन्नामलाई पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता दिवंगत मुख्यमंत्री का अपमान सहन नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने अतीत में दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता सहित एआईएडीएमके नेताओं के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी की थी। पूर्व मंत्री ने यहां भाजपा और इसकी प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्नामलाई एआईएडीएमके के साथ गठबंधन नहीं चाहते हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ता ऐसा चाहते हैं। क्या हमें अपने नेताओं की आलोचना बर्दाश्त करनी चाहिए। भाजपा यहां कदम नहीं रख सकती। आपको अपना वोट बैंक पता है। आप हमारी वजह से जाने जाते हैं।

इस पर रेड्डी ने कहा कि अन्नामलाई एक सिद्धांतवादी नेता हैं, वह भ्रष्टाचार या गलत नीतियों के लिए झुक नहीं सकते। वह सिर्फ किसी ऐतिहासिक घटना का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नामलाई ने अन्नादुरई की काफी तारीफ भी की है। उन्हें भाजपा की प्रगति और पहचान तथा अन्नामलाई को युवाओं की प्रतिक्रिया पसंद नहीं है। संभवतः यह युग ऐसा है जहां हम नकली द्रविड़ विचारधारा से राष्ट्रवादी विचारधारा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जड़ें बहुत मजबूत हो रही हैं।

# पांच साल पहले हुए दिल्ली बलात्कार मामले में अधिकांश संदिग्ध नाबालिग

### -12वीं की छात्रा के बयानों पर पुलिस ने शुरु की जांच, पड़ोस में रहते हैं सभी आरोपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच साल पहले एक स्कूली छात्रा से हुए बलात्कार मामले में पुलिस ने छानबीन तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ सरकारी अधिकारी प्रेमोदय खाखा के अनुसार दिल्ली किशोरी बलात्कार मामले में नए पहचाने गए कई संदिग्ध अभी भी नाबालिग हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़िता, जिसका कथित तौर पर पांच साल पहले यौन उत्पीड़न किया गया था। लड़की ने हाल ही में एक परामर्श सत्र के दौरान यह खुलासा किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच चल रही है। उसने जिन लोगों के नाम लिए हैं उनमें से अधिकांश उसके आयु वर्ग के हैं और उसके पड़ोस में रहते हैं। उसकी शिकायत के आधार पर यौन उत्पीड़न के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की है, इनमें से अधिकांश अभी भी नाबालिग हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली की एक अदालत ने हाल ही में पुलिस को सीआरपीसी की धारा 161 के तहत दर्ज किए गए नाबालिग के बयान के आधार पर एक नया मामला दर्ज करने का निर्देश दिया, इसके बाद एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा था कि जांच के दौरान, शिकायतकर्ता ने खुलासा किया कि जब वह 2018-2020 के बीच न्यू उस्मानपुर इलाके में अपने परिवार के साथ रह रही थी, तो कुछ लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया था। नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार भी किया गया। जैसा कि मामले से परिचित सूत्रों ने खुलासा किया है, पीड़िता, जो उस समय सिर्फ 14 साल की थी।

पीड़िता के अनुसार उसे 31 अक्टूबर, 2020 को कथित तौर पर नशीला पदार्थ खिलाकर खाखा द्वारा प्रारंभिक हमले का सामना करना पड़ा था। पीड़िता वर्तमान में 12वीं कक्षा की छात्रा है। उसने हाल ही में सेंट स्टीफंस अस्पताल में एक परामर्शदाता के साथ अपनी आपबीती साझा की, जहां उसे चिंता के



दौरे के कारण भर्ती कराया गया था। उसके खुलासे के बाद, कानून प्रवर्तन ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई की है।

THE PHOTON NEWS



# मैं थोड़ी बिगड़ी हुई और बहुत जिद्दी हूं कंगना रनौत



हाल ही में फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कंगना रनौत के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया था। उन्होंने कहा था कि कंगना टैलेंटेड हैं, मगर उनके साथ काम करना मुश्किल है। उन्होंने कंगना को टफ एक्ट्रेस बताया था।

अब कंगना ने रिएक्शन दिया है, जो की चर्चा में आ गया है। अपने बारे में कही गई ऐसी बात सुन खुशी से गदगद हुई कंगना ने कहा, इस बात से सब सहमत होते हैं लेफ्ट राइट दोनों विंग। इसके बाद चार प्वाइंट्स में कंगना ने अपनी खूबियां गिनाईं।एक तो मैं बहुत बद्तमीज हूं। हिंसक और अतिवादी भी हूं। मुझे हिंसा पसंद है और हिंसा को मैं पसंद हूं। थोड़ी बिगड़ी हुई और बहुत जिद्दी हूं। भयंकर वाली टैलेंटेड मतलब जीओएटी टाइप। इसके बाद उन्होंने लिखा- इसे कहते हैं बैटमैन...वही हूं मैं। कंगना रनौत की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें, तो एक्ट्रेस इन दिनों फिल्म चंद्रमुखी 2 को लेकर लाइमलाइट में हैं। मूवी में उनके अलावा राघव लॉरेंस भी नजर आएंगे। वह फिल्म में बहुत ही अहम किरदार प्ले कर देखे जाएंगे। इसके अलावा एक्ट्रेस के पास तेजस है, जो 20 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म का टीजर अक्टूबर के शुरुआती दिनों में दिखाया जाएगा। अनुराग ने कहा था, कंगना शानदार एक्ट्रेस हैं। बात जब काम की आती है तो वह ईमानदार होती हैं। उनके साथ अन्य समस्याएं भी होती हैं।

हालांकि, जब उनके टैलेंट की बात आती है, तो कोई भी उनसे यह छीन नहीं सकता। एक अभिनेता के रूप में, ईमानदार आलोचक के रूप में भी, उनके अंदर क्या है, इससे कोई निपटा नहीं सकता। हंसल मेहता ने भी एक्ट्रेस से मतभेदों को दूर रखते हुए उनके आर्ट की तारीफ की थी। बता दें कि कंगना रनौत किसी को भी कुछ भी कहने से पीछे नहीं हटतीं। या फिर चाहे कोई भी मुद्दा हो, एक्ट्रेस अपने मन में छिपी बात को बेबाकी से बोलना जानती हैं और अगर कोई उनके बारे में कुछ कहे, तो उसे क्या जवाब देना है वह यह भी जानती हैं।




# फुकरे 3 अपनी रिलीज के लिए तैयार

एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म फुकरे 3 को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की टीम भी फिल्म के प्रमोशन्स में कोई कसर बाकी नही छोड़ रही ताकि फिल्म ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचे।

हाल ही में इसी सिलसिले में फुकरा गैंग दिल्ली में थी, जहां वे प्रमोशनल कैंपन को अगले स्तर तक ले गए और अब वे दिल्ली के स्ट्रीट फूड को एजॉय करने के लिए एक हैंग-आउट प्लेस पर पहुंच गए हैं। फुकरा गैंग के पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और मनजोत सिंह ने दिल्ली में हॉट एंड स्पाइसी जंक्शन नाम के एक फूड स्टॉल का दौरा किया है। ऐसे में जब ये दिल्ली की सड़कों पर स्ट्रीट फूड के मजे लेते देखे गए, तो वहां प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

फिल्म में वास्तव में 28 सितंबर को बड़े पर्दे पर आने वाले जुगाड़ू बॉयज को देखने के लिए उत्साह बढ़ा दिया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने समय-समय पर झेडएनएमडी, दिल चाहता है जैसी कई और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को एंटरटेन किया है।बता दें, फुकरे रिटर्न्स के दौरान फुकरा बॉयज इस स्टॉल पर आए थे और अब लगभग 10 साल बाद वे दोबारा इस जगह पर आए और मोमोज का स्वाद चखा। दिल्ली में फुकरा गैंग को देखना वास्तव में एक मजेदार अनुभव है क्योंकि फुकरे फेंचाइजी का असली सार शहर में ही बसा है।

# सिल्वर स्कर्ट और डीपनेक क्रॉप टॉप में मोनालिसा ने दिए हॉट पोज

भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी हॉट तस्वीरें साझा करके फेंस को अपनी ओर आकर्षित किया है। मोनालिसा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वह भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ कई टीवी सीरियल में भी काम कर चुकी हैं। मानालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाती रहती हैं। एक बार फिर मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। भोजपुरी सिनेमा का क्वीन का असली नाम अंतरा बिस्वास है। वहीं, एक्ट्रेस ने सिल्वर स्कर्ट और डीपनेक क्रॉप टॉप में फोटोज़ शेयर करके फैंस के दिलों में आग लगा दी है। डीपनेक क्रॉप टॉप में फेंस उनकी अदाओं के दीवाने हो गए हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की धाकड़ एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने जैसे ही मदमस्त करने वाली ये फोटोज शेयर की तो उनके कमेंट सेक्शन में आग लग गई। मोनालिसा की इन सिजलिंग तस्वीरों पर जमकर कमेंट आ रहे हैं।






# दूसरी शादी को लेकर चर्चाओं में नागा चैतन्य

दक्षिण भारतीय अभिनेता नागा चैतन्य अपनी दूसरी शादी को लेकर चर्चाओं में है। उन्होंने 2 अक्टूबर 2021 को एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ अलगाव की घोषणा करके फेंस को चौंका दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक अटकलें लगाई जा रही हैं कि नागार्जुन बेटे नागा के लिए दूसरी शादी की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी दुल्हन की पहचान सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो लड़की एक बिजनेसमैन की फैमिली से है। उसका ग्लैमर की दुनिया से कोई वास्ता नहीं है। हालांकि इस खबर को लेकर कहीं से कोई पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले नागा का नाम अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला के साथ जोड़ा गया और उनकी नजदीकियों व डेटिंग की अटकलों ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया था।

# 9 साल बाद फिर साथ आएंगे टाइगर श्रॉफ-कृति सेनन

टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन की बहुप्रतीक्षित नई फिल्म गणपथ- राइज ऑफ द हीरो का नया पोस्टर अब रिलीज हो गया है और यह इस युवा जोड़ी के प्रशंसकों को उत्साहित कर देगा। जैसे ही भारत गणेश चतुर्थी मनाने के लिए तैयार हो रहा है, बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ के एक्शन से भरपूर पोस्टर के भव्य अनावरण के साथ उत्साह बढ़ गया है। पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा गणपथ- राइज़ ऑफ़ द हीरो, इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, कृति सनोन और महान अमिताभ बच्चन की गतिशील तिकड़ी है, और यह पूरे भारत के दर्शकों के लिए एक सामूहिक मनोरंजन है।







# 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट को मिली मंजूरी

खबरे सामने आईं है कि फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट को लेकर दोनों सुपरस्टारों से एक महीना पहले मीटिंग भी हो चुकी है। आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ में सलमान खान और शाहरुख खान की 'टाइगर वर्सेज पठान' बनाने वाले है।

जानकारी के अनुसार आदित्य चोपड़ा द्वारा मेगा-स्टार्स को फिल्म सुनाने के बाद, अगले साल मार्च में शुरू होने वाली शूटिंग के लिए नवंबर में तैयारी शुरू करने के लिए 'टाइगर वर्सेज पठान' की टीम के लिए स्क्रिप्ट लॉक कर दी गई है। हिंदी सिनेमा के दो मेगा-स्टार द्वारा स्क्रिप्ट पर अपनी सहमति देने के बाद 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है। यह फिल्म एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है क्योंकि इसमें बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले करण अर्जुन को फिर एक साथ देखा जाएगा। आदित्य चोपड़ा ने शाहरुख और सलमान के साथ पर्सनल मीटिंग की और उन्हें फिल्म के बारे में बताया। सुपरस्टार्स को कहानी पसंद आई है और फिल्म अब मार्च में फ्लोर पर जाएगी।

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, 'टाइगर वर्सेज पठान' को भारत की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म माना जाता है। यह प्रसिद्ध वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, जो सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर फ्रेंचाइजी के साथ शुरू हुआ, एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) से शुरू हुआ, और वॉर (2019) तक जारी रहा, जिसमें ऋतिक ने एक्ट किया। इसके बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की पठान (2023), जो हिंदी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी हिट है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सभी चार फिल्में ब्लॉकबस्टर हैं।

# परिणीति चोपड़ा ने अपनी फिल्म 'मेरी प्यारी बिंदू' की विफलता का ठीकरा बाहुबली के सिर पर फोड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा आने वाले दिनों में राघव चड्ढा से शादी करने वाली हैं।एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में काम किया लेकिन उन्हें वो सफलता नहीं मिली जिसकी वह हकदार है लेकिन उन्होंने अपने दमपर कई फिल्मों को हिट करवाया है। उन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदू (2017) की विफलता के बारे में खुलासा किया। फिल्म में परिणीति चोपड़ा आयुष्मान खुराना के साथ नजर आयी थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नही कर सकी थी।

## मेरी प्यारी बिंदु की असफलता पर परिणीति चोपड़ा

रेडियो नशा से बात करते हुए परिणीति चोपड़ा ने उल्लेख किया कि यह काफी हद तक हुआ क्योंकि फिल्म एसएस राजामौली के महाकाव्य बाहुबली 2 के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें प्रभास और राणा दग्गुबाती ने अभिनय किया था। परिणीति ने यह भी बताया कि उन्हें कैसा लगता है कि मेरी प्यारी बिंदू बॉक्स ऑफिस पर अधिक प्यार की हकदार थी और कहा, 'मेरी प्यारी बिंदू बाहुबली के साथ रिलीज हुई थी और इसलिए उसे तब प्यार नहीं मिला। लेकिन यही वह फिल्म है जिसके लिए मुझे आज सबसे ज्यादा प्यार मिलता है। और यही मायने रखता है। इस तरह की कई फिल्में हैं जो उस समय नंबर नहीं बनातीं, लेकिन वे हमेशा आपको ढूंढ लेती हैं।'

## 'छोटे शहर की लड़की' की भूमिका निभाने पर

उसी बातचीत के दौरान, परिणीति ने यह भी बताया कि उन्हें कैसा लगा कि उन्होंने 'छोटे शहर की लड़की' का किरदार इतनी अच्छी तरह से निभाया है कि उस समय उनके साक्षात्कारों में उनसे पूछा गया था कि क्या वह अंग्रेजी बोलती हैं। उन्होंने कहा कि फ्यह पागलपन है। जब मैंने कुछ छोटे शहर की भूमिकाएँ कीं, तो लोग मेरे पास आने लगे और कहने लगे, 'ओह, आप अंग्रेजी बोलते हैं? तुम्हें अंग्रेजी बोलनी आती है?' मुझे यह अजीब लगा। आप यह कैसे मान लेंगे कि मैं अंग्रेजी नहीं बोलता?

